# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | भोपाल, शनिवार 7 मार्च 2026


## कतर में भारतीय दूतावास ने जारी की एडवाइजरी

*पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच दोहा में भारतीय दूतावास ने अपने नागरिकों के लिए वीजा, ट्रांजिट और और सऊदी अरब के बाहर यात्रा को लेकर जानकारी दी। दूतावास ने एक एडवाइजरी में बताया कि कतर में ट्रांजिट के दौरान फंसे भारतीय नागरिकों के लिए एक पंजीकरण लिंक खोला गया है। इस लिंक के जरिये उन्हें सऊदी अरब के लिए अस्थायी ट्रांजिट वीजा हासिल करने में मदद मिलेगी। दूतावास ने कहा कि यह सुविधा केवल उन भारतीय नागरिकों के लिए है, जो इस समय कतर में ट्रांजिट के दौरान फंसे हुए हैं और जिनके पास सऊदी अरब* शेष पेज 4 पर


दुनिया भर में छा रहे तेल संकट को टालने की कोशिशें

ईरान से जंग के बीच डोनाल्ड ट्रंप ने दी खुशखबर

# भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए 30 दिन की 'स्पेशल छूट' दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच भारत में तेल संकट का खतरा मंडरा रहा है। इस बीच भारत को लेकर अमेरिका ने अहम फैसला लिया है। अमेरिका ने भारत को रूसी तेल खरीदने की 30 दिन की अस्थायी छूट दे दी है। दरअसल, जो अमेरिका भारत पर रूसी तेल आयात कम करने का दबाव बना रहा था, उसी अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने अब भारतीय रिफाइनरियों को रूसी तेल खरीदने की इजाजत दे दी है। इससे समुद्र में अटके उन रूसी टैंकरों (तेल जहाजों) को राहत मिलेगी, जिनके खरीदार नहीं मिल रहे थे। रूस के तेल टैंकर समुद्र में इसलिए खड़े थे क्योंकि नए अमेरिकी प्रतिबंधों और भुगतान, बीमा की अनिश्चितता की वजह से उनका तेल तुरंत उतारा नहीं जा रहा था।


डोनाल्ड ट्रंप

अमेरिकी की तरफ से रूसी तेल टैंकरों पर सख्त प्रतिबंध लगाया गया था। जिसके चलते कई जहाजों के बीमा, भुगतान और पोर्ट एंट्री पर सवाल खड़े हो गए। मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच वैश्विक ऊर्जा बाजारों को स्थिर करने के प्रयास के लिए अमेरिकी की ओर से यह कदम उठाया गया है। अमेरिकी विदेश मंत्री बेसेंट ने कि वित्त विभाग भारतीय रिफाइनरियों को रूसी तेल खरीदने की अनुमति देने के लिए 30 दिनों की अस्थायी छूट जारी कर रहा है। आंकड़ों के मुताबिक 21 लाख बैरल रोजाना तेल शेष पेज 4 पर

### समुद्र में फंसे रूसी तेल टैंकरों को मिलेगी बड़ी राहत


इन जहाजों से भारत में आता है तेल

» **मध्य पूर्व तनाव के कारण वैश्विक बाजार स्थिर करने का प्रयास**

» **भारत 30 दिन में कुल मिलाकर 6.3 करोड़ बैरल तेल खरीद सकता है**

अमेरिका - ईरान जंग: विश्व युद्ध की आहट

*कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना*

### जयराम बोले- कब तक चलेगा ये ब्लैकमेल?

कांग्रेस ने अमेरिकी फैसले को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा। अमेरिका की ओर से भारतीय रिफाइनरियों को रूसी तेल खरीदने के लिए अस्थायी छूट दिए जाने के बाद कांग्रेस ने इसे लेकर सवाल उठाए। पार्टी ने पूछा कि आखिर यह अमेरिकी ब्लैकमेल कब तक चलता रहेगा। ट्रंप का नया खेल, दिल्ली दोस्त को कहा, पुतिन से ले सकते हो तेल, कब तक चलेगा, यह अमेरिकी ब्लैकमेल।


इजराइल ने लेबनान में भयानक एयर स्ट्राइक की।

**जंग का असर**

दिल्ली में 60 रुपए बढ़े घरेलू गैस सिलेंडर के दाम

दिल्ली में 14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 60 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। दिल्ली में 14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत 853 रुपए से बढ़कर 913 रुपए हो गई है। नया रेट लागू हो गया है। इससे पहले तेल कंपनियों ने 1 मार्च को ही दिल्ली में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर (19 किग्रा) की कीमतें फिर बढ़ाई थीं। एक मार्च से दिल्ली में 28 रुपए जबकि अन्य महानगरों में 31 रुपए तक सिलेंडर महंगे हो गए हैं। अब दिल्ली में वाणिज्यिक सिलेंडर 1768.50 रुपए में सिलेंडर मिल रहा है। इससे पहले एक फरवरी को 50 रुपए बढ़ाए गए थे। पढ़ें पेज 10 भी


डायवर्टेट प्लाट उपलब्ध है
बैंक फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
66 फीट रोड सनराईज गार्डन के पीछे, महोली, भानपूर भोपाल
सर्व सुविधा युक्त प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण प्रदूषण मुक्त कवर्ड केम्पस के साथ
आफिस:आदित्य कन्सट्रक्सन एण्ड मार्केटिंग, हाउस न. 16, 66 फीट, कोकता ट्रांसपोर्ट नगर रोड, महोली, भानपुर, भोपाल
7222901488, 9755600827

क्या सुनने में कठिनाई होती है
सिल्वर जुबली ऑफर
• कान/सुनने की मशीन पर विशेष छूट
•सुनने की जांच •स्पीच थैरेपी
Sinha Speech & Hearing Center
Ph. 0755-2760853, 9243703712
सिन्हा स्पीच एंड हियरिंग सेंटर
पता : सरिता कॉम्पलेक्स, ब्लॉक नं. 3 शिवाजी नगर भोपाल
समय : सुबह 10.00 से 1.00 तक शाम 5.00 बजे से रात 8.00 तक

क्या धन का अभाव हैं?
क्या व्यापार में ग्राहक नहीं आ रहे हैं?
क्या इंडस्ट्री बंद हो रही हैं?
क्या आपके भवन का वास्तु सही हैं?
VASTUVID SATYENDRA SINGH
Call Now 9171295733
वास्तु शास्त्री, एस्ट्रोलॉजर, न्यूमरोलॉजिस्ट, ऊर्जा स्कैनिंग एक्सपर्ट
ADD.: VASTU SADAN, D-7 TRIBHUVAN COLONY, BHOPAL

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


कृषि कल्याण वर्ष में किसानों की समृद्धि के लिए मोहन सरकार का 'बड़ा कदम'

अब गेहूं उत्पादक किसानों को 2625 रुपए प्रति क्विंटल की दर से होगा भुगतान

# गेहूं के एमएसपी पर किसानों को 40 रुपए प्रति क्विंटल 'बोनस'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र सरकार किसानों को गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 40 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बोनस की सौगात देने जा रही है। बोनस की राशि 2585 रुपए के अतिरिक्त होगी। यानी, अब से गेहूं की 2625 रुपए क्विंटल की दर से खरीदी होगी। इसके साथ ही साथ सरकार द्वारा गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 7 से बढ़ाकर 10 मार्च की जा रही है। उड़द की खरीदी पर भी 600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बोनस की घोषणा की गई है।

यह घोषणा भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में की। बैठक में प्रभारी मुख्य सचिव (अपर मुख्य सचिव) डॉ. राजेश राजौरा, एसीएस नीरज मंडलोई, कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक बर्णवाल सहित कृषि, राजस्व, सहकारिता, जल संसाधन, उद्यानिकी तथा अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी वर्षों में हम इस लक्ष्य को पूरा कर उससे भी आगे निकलेंगे। उन्होंने बिजली संबंधी शिकायतों का निराकरण स्थानीय स्तर पर करने की व्यवस्था स्थापित करने के निर्देश दिए। पढ़ें पेज 02 भी

*मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी वर्षों में हम इस लक्ष्य को पूरा कर उससे भी आगे निकलेंगे। उन्होंने बिजली संबंधी शिकायतों का निराकरण स्थानीय स्तर पर करने की व्यवस्था स्थापित करने के निर्देश दिए*

### उड़द खरीदी पर 600 रुपए प्रति क्विंटल दिया जाएगा बोनस


बड़नगर विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने सीएम का सम्मान किया

» **गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ी**

» **अब 10 मार्च तक रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे किसान**

» **मुख्यमंत्री ने भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक**

### 2700 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं खरीदने का संकल्प

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार कृषि कल्याण वर्ष 2026 में किसानों की समृद्धि के लिए कार्य कर रही है। किसानों की फसलों का उचित दाम मिले, इसके लिए उड़द खरीदी पर 600 रुपए प्रति क्विंटल बोनस की घोषणा की गई है। प्रदेश के किसान उड़द की खेती शेष पेज 4 पर

**मप्र में दलहन, तिलहन और सब्जी उत्पादन अच्छी मात्रा में:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र देश का फूड बास्केट है, जहां दलहन, तिलहन और सब्जी उत्पादन अच्छी मात्रा में हो रहा है। हमारे राज्य के शेष पेज 4 पर

लोगों ने आरोपी के घर में लगाई आग

## भाई और बहन की ताऊ ने लाठियों से पीटकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिद्दीकगंज/आष्टा

सिद्दीकगंज थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मपुरी में शुक्रवार की सुबह रिश्तों के कत्ल की एक ऐसी सनसनीखेज वारदात हुई, जिसने पूरे जिले को स्तब्ध कर दिया। जमीनी रंजिश के चलते एक ताऊ ने अपने बेटे के साथ मिलकर अपने ही सगे भतीजे और भतीजी की लाठियों से पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी। इस दोहरे हत्याकांड के बाद गांव में स्थिति विकट हो गई और गुस्साए ग्रामीणों ने आरोपी के घर में आग लगा दी। धर्मपुरी निवासी कुलदीप मालवीय (18) अपनी बहन शीतल (20) के साथ शुक्रवार सुबह बाइक से 10वीं की बोर्ड परीक्षा देने के शेष पेज 4 पर


■ घटना के बाद क्षेत्र में फूटा लोगों का गुस्सा

ग्वालियर में बड़ी लापरवाही

## पीएम आवास : पानी की टंकी में मरी मिलीं कई छिपकलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से कई लोगों की मौतें हो चुकी है। अब ग्वालियर में भी पीने के पानी में बड़ी लापरवाही सामने आई है। मानपुर क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने फ्लैटों की पानी की टंकी में मरी हुई पांच छिपकलियां मिलीं हैं। टंकी से करीब 1300 फ्लैटों में रहने वाले 5 हजार लोगों को पानी की सप्लाई की जाती है।

पानी की टंकी में मरी छिपकली मिलने से रहवासी भड़क गए हैं। नगर निगम पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। लोगों का कहना है कि टंकी की नियमित सफाई नहीं हुई। स्थानीय शेष पेज 4 पर


■ यही पानी सप्लाई दहशत में 1300 परिवार






सिद्धारमैया सरकार का बड़ा फैसला

## 16 साल से कम उम्र के बच्चे यूज नहीं करेंगे सोशल मीडिया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक सरकार ने घोषणा की है कि राज्य में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया इस्तेमाल करने पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को राज्य बजट पेश करते हुए यह बात कही है। सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि बच्चों पर मोबाइल के बढ़ते इस्तेमाल के प्रतिकूल प्रभावों को रोकने के लिए यह फैसला लिया गया है। पिछले महीने सिद्धारमैया ने बेंगलुरु में आयोजित कुलपति सम्मेलन में इस मुद्दे पर चर्चा शेष पेज 4 पर

» **प्रतिकूल प्रभावों को रोकने यह फैसला लिया गया**

दो अच्छी खबरें

### तमिलनाडु के निजी स्कूलों में सियासी और धार्मिक कार्यक्रमों पर लगी रोक

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने निजी स्कूलों के कैंपस में राजनीतिक, वैचारिक या सामुदायिक गतिविधियों पर आधिकारिक रोक लगा दी है। सरकार का कहना है कि स्कूल कैंपस को केवल पढ़ाई के लिए सुरक्षित रखना जरूरी है। नए नियमों के अनुसार, स्कूल की किसी भी जगह का इस्तेमाल कोई बाहरी व्यक्ति या संस्था नहीं कर सकेगी। इसमें स्कूल की बिल्डिंग, खेल का मैदान और हॉल शामिल हैं। कोई भी संस्था यहां राजनीतिक मीटिंग, प्रचार या किसी खास विचारधारा से जुड़ा कार्यक्रम नहीं कर पाएगी। सरकार ने उन गतिविधियों को खास तौर पर निशाना बनाया है जिनसे धर्म, जाति या भाषा के आधार पर नफरत फैलने का खतरा हो। यह पाबंदी केवल स्कूल के समय तक सीमित नहीं है। यह नियम स्कूल खत्म होने के बाद, शनिवार-रविवार, सरकारी छुट्टियों और सर्दियों या गर्मियों की छुट्टियों में भी लागू रहेगा। इससे छुट्टियों के दौरान होने वाले आयोजनों पर भी पूरी तरह रोक लग जाएगी।

अगले दो दिन में 40 डिग्री तक पहुंचेगा पारा

## मार्च, अप्रैल जैसा ही.. नर्मदापुरम 39 डिग्री के साथ 'सबसे गर्म'

» **ग्वालियर-चंबल व सागर संभाग भी तपे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

होलिका दहन के साथ प्रदेश में गर्मी का पारा लगातार उछाल मार रहा है। शुक्रवार को नर्मदापुरम 39.4 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सबसे गर्म रहा। इसके साथ ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग के शहर भी गर्मी के तप गए, यहां अधिकतम तापमान सामान्य से 3 से 4 डिग्री तक बढ़ा दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने अगले दो दिन में तापमान 40 डिग्री के ऊपर जाने का अनुमान लगाया है। आसमान साफ होने की वजह से सूरज की तेज धूप सीधे जमीन पर आ रही है, जिससे गर्मी का असर बढ़ा है। मौसम वैज्ञानिक दिव्या सुरेंद्रन का कहना है कि इस बार अप्रैल जैसी गर्मी के हालात मार्च माह में बन रहे हैं। प्रदेश के अधिकतर जिलों में तापमान में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रहा है। आने वाले दिनों में तापमान में इजाफा होने का अनुमान है। शुक्रवार को भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के पार रहा, जबकि भोपाल में शेष पेज 4 पर


भोपाल के पॉलिटेक्निक चौराहे का दृश्य



होली पर्व पर सीएम हाउस में आयोजित समारोह में फूलों की होली खेलते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व अन्य।



समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को को रंग लगाते मंत्री सारंग, विधायक रामेश्वर शर्मा।



होली पर्व पर लोगों को बाधाई और शुभकमनाएं देते केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह।

# फाग उत्सव में दिया समाज, परंपराओं और अपनों से जुड़ने का संदेश

## ब्राह्मण समाज ट्रस्ट छोटा सराफा उज्जैन में महिला मंडल ने मनाया फाग उत्सव

## फूलों की होली खेलते हुए ढोलक की थाप पर लोकगीत गाकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर सामूहिक नृत्य किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उज्जैन श्री सहस्त्र ओदीच्य ब्राह्मण समाज ट्रस्ट छोटा सराफा उज्जैन महिला मंडल द्वारा आयोजित फाग उत्सव समाज, परंपराओं और अपनों से जुड़ने का संदेश देकर धूमधाम के साथ पारंपरिक रूप से मनाया गया।

महिला मंडल की हेमलता मेहता ने बताया कि समाज की महिलाओं ने फूलों की होली खेलते हुए ढोलक की थाप पर लोकगीत गाकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर सामूहिक नृत्य आदि कर वातावरण को आनंदमय बना दिया। वरिष्ठ महिलाओं ने नई पीढ़ी को परंपराओं से जुड़े रहने का संदेश दिया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी समाज की महिलाओं ने पारंपरिक फाग गीत गाए और भजनों की प्रस्तुति देते हुए समाज, परंपराओं और अपनो से जुड़ने का दिया संदेश। इस अवसर पर मुख्य रूप से चंद्रिका ज्ञानी, सविता मेहता, रागिनी जोशी, सीमा वशिष्ठ, शारदा मेहता, हेमलता पांडे अर्चना मेहता, सुप्रिया, शर्मा मीनाक्षी, शर्मा ममता, किरण मेहता, लता व्यास, कुसुम शर्मा, प्रीति उपाध्याय, निशा मेहता, जमुना मेहता आदि मातृशक्तिया उपस्थित थी।



फाग उत्सव के दौरान सामूहिक फोटो शूट करते हुए।

### फाग गीतों के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन

## यमद्वितीया पर कायस्थ समाज ने पूजे कलम-दवात

**भोपाल।** होली के शुभ अवसर, भाई दूज के पावन पर्व पर यमद्वितीया महोत्सव का आयोजन चित्रगुप्त मंदिर जवाहर चौक टीटी नगर में किया गया। इस अवसर पर भगवान श्री चित्रगुप्त जी की विशेष पूजा-अर्चना की जाकर उनका विशेष श्रृार श्रंगार किया गया। विधि विधानानुसार हवन पूजन किया जाकर मंदिर में स्थापित देवी-देवताओं की महाआरती की गई। अंत में पूजायुक्त कलम एवं स्वादिष्ट प्रसादी का वितरण किया गया।

मंदिर में प्रतिदिन पूजा पाठ करने वाले सेवादार पंडित जी के निर्देशन में यजमान वरिष्ठ समाजसेवी देवीसरन आलोक संजर, वीरेंद्र श्रीवास्तव, मेजर जनरल श्याम शंकर श्रीवास्तव एवं चित्रगुप्त समाज के सलाहकार, मार्गदर्शकों ने विधि विधानानुसार हवन पूजन संपन्न कराया गया। इस अवसर पर चित्रगुप्त समाज ने समाज बन्धुओं का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। तत्पश्चात सुमधुर फाग गीतों के साथ चंदन तिलक लगाकर फूलों की होली भी खेली गई। आयोजन में मुख्य रूप से राजेश नारायण श्रीवास्तव, जी एम जौहरी, राबिन बिसारिया, हरिशरण सक्सेना, संदीप सरन, साराभाई, सुशील श्रीवास्तव, डीपी श्रीवास्तव, उमेश निगम, पीडी खरे, केके सक्सेना, संजीव श्रीवास्तव, राजीव सक्सेना, ब्रजेश श्रीवास्तव, नितिन श्रीवास्तव, मुकुट सक्सेना, संतोष सरन, अशोक जौहरी आदि उपस्थित थे।



यमद्वितीया महोत्सव पर जवाहर चौक टीटी नगर चौराहे पर पूजा करते समाज के लोग।

### भवानी धाम में 8 को चित्रगुप्त पूजन

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 8 मार्च रविवार को श्री चित्रगुप्त मंदिर भवानी धाम में सामूहिक होली मिलन एवं यम द्वितीया पूजन का आयोजन किया गया है। समाज के देवेंद्र सक्सेना ईंटखेड़ी ने बताया कि भगवान चित्रगुप्त की पूजन का समय 4 से 6 बजे तक रखा गया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान भगवान का श्रृंगार, हवन, पूजन, महाआरती होगी, इसके बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### निजी स्कूलों को दी जा रही समय की छूट पर जताई नाराजगी

## अभिभावकों ने किया डीईओ कार्यालय का घेराव, अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पालक महासंघ जिला इकाई भोपाल द्वारा शुक्रवार को राजधानी के तुलसी नगर स्थित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया गया। इस दौरान अभिभावकों ने डीईओ को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि निजी स्कूलों को किताबों के लिए बार-बार समय देना निजी स्कूलों और निजी प्रकाशकों की महंगी किताबों की निर्धारण में छूट प्रदान करना है। सभी स्कूलों में नियमानुसार एवं पूर्व में जारी आदेशानुसार एकसमान एससीईआरटी, एनसीईआरटी की किताबें लागू की जाएं।

मप्र निजी स्कूल फीस नियम 2020 के अनुसार सभी स्कूलों को फीस तथा संपरीक्षित लेखों की जानकारी सत्र प्रारंभ होने के 180/90 दिन पूर्व अधिकतम 31 दिसंबर 2025 तक फीस की जानकारी शासन के फीस पोर्टल पर एवं स्कूलों की वेबसाइट पर अनिवार्य है, जिसे अधिकांश स्कूलों द्वारा पिछले कई वर्षों से प्रदान नहीं किया जा रहा है। पालकों को फीस की जानकारी प्राप्त न हो पाने के कारण असमंजस की स्थिति है। पालक महासंघ के अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी द्वारा डुप्लीकेट किताब के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करनें, फीस वृद्धि पर रोक लगाने, स्कूल बेग पालिसी लागू करने सहित अन्य आदि विषयों को जिला फीस कमेटी तक पहुंचाने की मांग की।



पालक महासंघ जिला इकाई भोपाल डीईओ को ज्ञापन सौंपते हुए।

### अग्रवाल समाज का गुफा मंदिर पर होली मिलन समारोह कल

**भोपाल।** राजधानी में 50 वर्षों से अग्रवाल समाज द्वारा होली मिलन के आयोजन को कर रहा है। समिति के प्रवक्ता रिंकेश सिंहल ने बताया कि शनिवार को गुफा मंदिर लाल घाटी स्थित श्री बुढ़े हनुमान का सहस्त्र धारा अभिषेक किया जाएगा। रविवार आठ मार्च को मानस उद्यान लाल घाटी में सभी एकत्रित होकर हर्षोल्लास के साथ फूलों की होली एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही मालवी व्यंजनों का आनंद भी लेंगे। होली मिलन के इस आयोजन में फूलों की होली के साथ वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा प्रसिद्ध लठ मार होली, लड्डू मार होली प्रदर्शन किया जाता है। श्रीराधा कृष्ण के साथ मनमोहक नृत्य लोगों को मंत्रमुग्ध करेंगे। बनारस से आए कलाकारों की मसाने की होली, नृत्य एवं अन्य रंगारंग कार्यक्रम जो सभी का मन मोह लेंगे।

## रंग पंचमी चल समारोह में शिव पार्वती खेलेंगे होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

श्री हिंदू उत्सव समिति द्वारा परंपरागत रंग पंचमी चल समारोह पहले से भी अधिक आकर्षक और भव्य रहेगा। चल समारोह में भगवा ध्वज, ऊंट, घोड़े, ढोल-ताशे, डीजे और बैंड की मधुर धुनों के साथ शहर रंगों के उल्लास में डूब जाएगा। समिति के संयोजक प्रकाश मालवीय ने बताया कि इस बार निकलने वाले रंग पंचमी चल समारोह में अद्भुत मनमोहक झांकिया शामिल रहेगी। चल समारोह में भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती के साथ होली खेलते हुए दिव्य स्वरूप की झांकी विशेष रूप से प्रस्तुत की जाएगी। इसके साथ ही भूत-प्रेतों द्वारा मसान की होली की अनोखी झांकी भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनेगी। चल समारोह में देशभक्ति का रंग भी देखने को मिलेगा। टी-20 वर्ल्ड कप में भारतीय क्रिकेट टीम की विजय की शुभकामनाओं को लेकर एक विशेष झांकी निकाली जाएगी, जो युवाओं और क्रिकेट प्रेमियों में खास उत्साह पैदा करेगी।




### 9 मार्च को हड़ताल की दी चेतावनी

## जूडा की स्टाइपेंड बढ़ोतरी अटकी काली पट्टी बांध कर किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र के सरकारी मेडिकल कॉलेजों के रेजिडेंट डॉक्टर स्टाइपेंड संशोधन लागू नहीं होने से नाराज हैं। जूनियर डॉक्टर एसोसिशन (जूडा) के नेतृत्व में काली पट्टी लगाकर विरोध शुरू हो गया है। जूडा ने चेतावनी दी है कि मांगें नहीं मानी गई तो सोमवार से काम बंद हड़ताल की जाएगी। डॉक्टरों का कहना है कि 1 अप्रैल 2025 से लागू होना था सीपीआई आधारित स्टाइपेंड संशोधन अब तक लागू नहीं किया गया है, जबकि इस संबंध में शासन का आदेश पहले ही जारी हो चुका है। जूडा के नेतृत्व में डॉक्टरों ने इस मुद्दे को लेकर शांतिपूर्ण विरोध शुरू कर दिया है। डॉक्टरों ने काली पट्टी बांधकर प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया।

### कल निकालेंगे जस्टिस मार्च

मामले को लेकर डॉक्टरों ने आंदोलन का अगला चरण भी तय कर लिया है। जूडा के अनुसार रविवार को प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेज परिसरों में जस्टिस मार्च निकाला जाएगा। इसके बाद प्रेस वार्ता कर सरकार के सामने अपनी मांगें रखी जाएंगी।

### जीएमसी में 120 मरीजों का किया दंत परीक्षण

## सही ब्रश, संतुलित आहार, नियमित जांच से मुख रहेगा स्वस्थः डॉ. अनुज



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दांतों की समस्याओं को प्रारंभिक अवस्था में ही पहचान कर उपचार कराना अत्यंत आवश्यक है, जिससे आगे चलकर होने वाली जटिलताओं से बचा जा सकता है। सही ब्रश करने की विधि अपनाने, संतुलित आहार लेने तथा नियमित दंत जांच कराने से मौखिक स्वास्थ्य को लंबे समय तक स्वस्थ रखा जा सकता है। यह जानकारी राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस के अवसर पर गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में आयोजित दंत परीक्षण शिविर के अवसर पर दंत शल्य चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनुज भार्गव ने दी। डॉ भार्गव ने बताया कि शिविर में लगभग 120 मरीजों के दांतों का परीक्षण कर दवाइयां दी। साथ ही दांतों को बीमारियों से बचाने मौखिक स्वच्छता, सही देखभाल करने तथा नियमित दंत परीक्षण कराने की सलाह दी।

### कर्मचारियों का नेत्र परीक्षण कर दी दवाएं

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के गोविंदपुरा स्थित मुख्यालय में एएसजी नेत्र चिकित्सालय द्वारा निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया। इसमें लगभग 100 से अधिक कर्मचारियों ने नेत्र परीक्षण करवाया। इस अवसर पर कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने जांच शिविर का अवलोकन कर चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। चीफ मेडिकल आफिसर डॉ. एके गोयल के निर्देशन में आयोजित जांच शिविर में जिन कर्मचारियों का नेत्र परीक्षण किया गया, उन्हें निःशुल्क दवाइयां दी गई।



भोपाल
शनिवार, 7 मार्च 2026
चैत्र मास कृष्ण पक्ष–04
वर्ष : 12, अंक : 334
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 34
न्यून. 19

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

11 टी20 विश्व कप में 'प्लेयर ऑफ ...



विचार पेज
06 संविधान के बीजगणित ...

लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी किए आदेश

# शिक्षकों के लिए होगी 'शिक्षक पात्रता परीक्षा'

- ***दो साल में पात्रता परीक्षा पास करनी होगी, अन्यथा अनिवार्य सेवानिवृत्ति तय***
- ***माह जुलाई-अगस्त में हो सकती है परीक्षा***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के मिडिल-प्राइमरी स्कूलों के शिक्षकों को दो साल के भीतर शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। यदि निर्धारित अवधि में शिक्षक, पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण नहीं करते हैं एवं उनकी सेवानिवृत्ति में 5 वर्ष से अधिक का समय शेष हो तो ऐसे शिक्षकों को स्वयं सेवानिवृत्त होने अथवा




अनिवार्य सेवानिवृत्ति प्रदान किए जाने संबंधी आदेश दिया गया है। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने प्रदेश के सभी डीईओ और जेडी को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश का हवाला देते हुए डीपीआई ने कहा है कि प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों को ▶▶ शेष पेज 4 पर




## सीएम डॉ. मोहन यादव ने यूपीएससी 2025 के टॉपर्स को बधाई दी

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के परिणाम जारी, 958 अभ्यर्थी सफल

# कोटा के अनुज 'ऑल इंडिया' टॉपर, टॉप 10 में मप्र के दो युवा


*आईएएस व आईपीएस बनने का सपना देखने वाले युवाओं ने अपना लक्ष्य भेद दिया। उनकी एकाग्रता ने कमाल किया और हमेशा सोशल मीडिया पर अपडेट रहने वाले व रील बनाने वालों को स्पष्ट संदेश दे दिया कि सफलता का कोई शॉर्ट कट नहीं होता*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/ भोपाल

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा 2025 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस बार कुल 958 अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की है।

कोटा के पास स्थित छोटे से कस्बे रावतभाटा के 26 वर्षीय अनुज अग्निहोत्री ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में पहला स्थान हासिल कर राजस्थान का नाम रोशन किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मां को दिया है। उनकी मां हमेशा से उनकी प्रेरणा रही हैं। उन्होंने ही उन्हें लोगों की सेवा करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने एम्स जोधपुर से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की। डॉक्टर बनने के बाद उन्होंने प्रशासनिक सेवाओं की ओर रुख किया और फिलहाल दिल्ली, अंडमान और ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 08 भी

### भोपाल के ईशान की 5वीं, धार के पक्षल की 8वीं रैंक, अशोकनगर के चितवन को 17वीं रैंक


अनुज अग्निहोत्री


ईशान भटनागर (मप्र)


पक्षाल सेक्रेटरी (मप्र)

### डिगे नहीं...सफल हुए...और फिर दोबारा ज्यादा सफल हुए

भोपाल के ईशान भटनागर अभी नागपुर में आईआरएस की ट्रेनिंग ले रहे हैं। ईशान के पिता मप्र सरकार में प्रिंसिपल एडवाइजर के तौर पर काम कर चुके हैं। अभी रिटायर हो चुके हैं। उनकी मां इंग्लिश की प्रोफेसर हैं। धार जिले के बाग कस्बे के रहने वाले पक्षाल सेक्रेटरी ने 8वीं रैंक हासिल की है। उनके पिता नीलेश जैन कपड़ा व्यापारी हैं। मां दीप्ति जैन गृहिणी हैं। पक्षाल की इस सफलता से परिवार और पूरे इलाके में खुशी का माहौल ▶▶ शेष पेज 4 पर



### पीएम मोदी ने दी बधाई, बोले-अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे

*यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2025 के परिणाम घोषित होने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी है। उन्होंने इस उपलब्धि को कड़ी मेहनत, समर्पण और धैर्य का परिणाम बताया। उम्मीद जताई कि ये युवा देश की सेवा करते हुए लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे।*







## खबर संक्षेप

### चरित्र संदेहः पत्नी को पीट-पीटकर मार डाला

**दतिया।** जिले में गुरुवार रात एक पति ने चरित्र संदेह पर अपनी पत्नी की लाठियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। मां को पिटता देख बच्चे पड़ोस में भाग गए। सुबह जब वे घर लौटे तो उनके पिता लाश के पास डंडा लेकर बैठा था। मृतका का नाम आशा आदिवासी है, जो सेंवढ़ा रोड पर डेरे में रहती थी। दंपती मजदूरी करता था।



### वाहन की टक्कर, पिता बेटे सहित तीन की मौत

**गुना।** फतेहगढ़ थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर सड़क हादसे में पिता पुत्र और ममेरे भाई की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। चारों लोग एक ही बाइक पर सवार होकर गुना ट्रैक्टर खरीदने जा रहे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।



नेपाल में ऐतिहासिक जीत की तरफ बालेन शाह

# रैपर से काठमांडू मेयर बने, अब पीएम बनेंगे

- ***शाह की पार्टी आरएसपी 107 सीटों पर आगे***
- ***पूर्व पीएम केपी ओली बहुत पीछे***

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल में हुए ऐतिहासिक आम चुनाव के रुझानों ने देश की राजनीति में एक बड़े भूचाल का संकेत दे दिया है। नतीजों और रुझानों में पुरानी और पारंपरिक पार्टियों, खासकर वामपंथी धड़े (कम्युनिस्ट पार्टियों) का सूपड़ा साफ होता दिख रहा है। वहीं, युवाओं के भारी समर्थन से आगे बढ़ रही राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) एक मजबूत लहर बनकर उभरी है। पूरे चुनाव का सबसे दिलचस्प और हाई-प्रोफाइल मुकाबला झापा-5 सीट पर है, जहां काठमांडू के पूर्व मेयर, रैपर और आरएसपी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बालेन शाह ने चार बार के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को मतों की गिनती में काफी पीछे छोड़ दिया है। पिछले साल सितंबर 2025 में हुए जेन जी आंदोलन के बाद यह पहला चुनाव है। नेपाल में 5 मार्च को प्रतिनिधि सभा (संसद के निचले सदन) की 275 सीटों के लिए मतदान ▶▶ शेष पेज 4 पर



रेल यात्रियों के लिए चेतावनी

# बिना टिकट यात्रा करने पर होगी 6 महीने तक की जेल या जुर्माना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेलवे ने साफ कहा है कि बिना वैध टिकट या पास के ट्रेन में यात्रा करना कानून के खिलाफ है। रेलवे एक्ट की धारा 137 के तहत ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सकती है। इसमें जुर्माना लगने के साथ-साथ जेल की सजा भी हो सकती है। रेलवे लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है ताकि लोग नियमों का पालन करें और कानूनी तरीके से यात्रा करें। अगर कोई व्यक्ति बिना टिकट ट्रेन में यात्रा करता हुआ पकड़ा जाता है तो उस पर जुर्माना लगाया जा सकता है, जेल की सजा हो सकती है, या दोनों सजा एक साथ भी दी जा सकती हैं, कई मामलों में जेल की सजा 6 महीने तक हो सकती है। रेलवे का कहना है कि टिकट केवल एक कागज या मोबाइल मैसेज नहीं है, बल्कि यह आपके यात्रा करने का अधिकार है। जब आप टिकट खरीदते हैं तो इससे रेलवे को यह पता चलता है कि ट्रेन में कितने लोग सफर कर रहे हैं। इससे ▶▶ शेष पेज 4 पर

रेलवे लगातार जागरूकता अभियान चला रहा



नीतीश के बदले 'नीतीश' देगी भाजपा!

# नीतीश मिश्रा का नाम रेस में आगे... डिप्टी सीएम सम्राट से विजय सिन्हा तक के नामों की भी चर्चा

एजेंसी ▶▶ पटना

करीब ढाई दशक तक बिहार की राजनीति की धुरी और दो दशक तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार अब अपना पद छोड़ने जा रहे हैं। नीतीश कुमार गुरुवार को राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल करते हुए एक बार फिर राष्ट्रीय राजनीति की ओर से बढ़ चले हैं। उनके नामांकन के साथ ही यह साफ हो गया है कि बिहार को नया मुख्यमंत्री मिलने जा रहा है, जो पहली बार भाजपा के कोटे ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी


नीतीश मिश्रा

***भाजपा को पिछले कुछ चुनावों में मिथिलांचल में भारी बहुमत मिला, 'नीतीश' मिश्रा वहीं से***



### क्यों नीतीश मिश्रा का नाम रेस में शामिल?

9 जुलाई 1973 को जन्मे नीतीश मिश्रा की गिनती बिहार के युवा और पढ़े लिखे नेताओं में होती है। साफ-सुथरी छवि के नीतीश मिश्रा की मिथिलांचल में जमीनी स्तर पर अच्छी पकड़ है। नीदरलैंड और यूके से पढ़ाई कर चुके नीतीश मिश्रा कई विभागों के मंत्री रहे हैं और इसलिए अनुभव के मोर्चे पर भी वह मजबूत दिखते हैं। वह 2010 से 2015 तक ▶▶ शेष पेज 4 पर



## खबर संक्षेप



### भारतीय किसान संघ मुख्यमंत्री से मिला

**भोपाल।** भारतीय किसान संघ के प्रदेश प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर किसानों की समस्याओं व मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रदेश महामंत्री चंद्रकांत गौर ने बताया कि किसान संघ ने गेहूं की 2700 रुपए प्रति क्विंटल पर खरीदी करने, भूमि अधिग्रहण पर किसानों को बाजार दर का चार गुना मुआवजा देने, गोपालक किसानों को गोशाला के समान अनुदान देने, सहकारी, मंडी व जल समिति के चुनाव कराने आदि मांगे सरकार के समक्ष रखी गई। जिस पर सरकार द्वारा सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। तीनों प्रांतों से आए किसान संघ के पदाधिकारियों ने प्रांत की प्रमुख समस्याओं को रखा।

### कोषाध्यक्ष बने द्विवेदी को दी बधाई



**भोपाल।** भोपाल जिला भाजपा कार्यकारिणी घोषित होने के बाद कोषाध्यक्ष बने राघवेंद्र द्विवेदी दादू को उनके शिवाजी नगर दफ्तर में कार्यकर्ता पहुंचे एवं उपलब्धि पर बधाई दी। बता दें कि भोपाल जिला भाजपा कार्यकारिणी की हाल में घोषणा की गई है। जिसमें राघवेंद्र द्विवेदी दादू की नियुक्ति की गई है।

### विद्युत कर्मियों ने सौंपा सीएम के नाम ज्ञापन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ (भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध) द्वारा प्रदेश के विद्युत क्षेत्र के कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। महासंघ के प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार पांडेय के नेतृत्व में प्रदेश भर से आए 500 कार्यकर्ता की उपस्थिति में महासंघ कार्यालय बिजली नगर कॉलोनी, गोविंदपुरा से रैली निकालकर मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक कार्यालय पहुंचकर मध्य क्षेत्र के प्रबंध निदेशक ऋषि गर्ग को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर सुशील कुमार पाण्डेय ने बताया कि विशेष रूप से संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण, लंबे समय से कार्य कर रहे कर्मचारियों को नियुक्ति दिनांक से नियमित करने तथा लंबित आदेश शीघ्र जारी करने की मांग की गई है।

### जेलों में 6 साल में 45% कैदियों ने किया सुसाइड

**भोपाल।** मप्र की जेलों में 6 साल में 45.31% कैदियों ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। पुरुषों ने फांसी लगाने के लिए जूतों की लेस, चादर के टुकड़े, अपने लोवर (कपड़े) का, जबकि महिला कैदियों ने साड़ी का इस्तेमाल किया। कैदियों ने ग्रिल, बैरक की खिड़की, गेट, पेड़ का इस्तेमाल किया है। मप्र विधानसभा में अलग अलग विधायकों द्वारा लगाए गए प्रश्नों के बाद जो जानकारी सामने आई, उसमें कुल 64 मौतों का हवाला दिया गया है। इनमें से 53 फीसदी मौतें सेंट्रल जेल परिसर में हुई हैं।

### स्वास्थ्य कर्मचारी 10 को करेंगे विरोध प्रदर्शन

**भोपाल।** समस्त स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कौरव ने बताया कि महासंघ पदाधिकारियों की हुई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक हमारी मांगो का निराकरण विभाग द्वारा नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कौरव ने बताया कि स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग अंतर्गत नियमित, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा, एड्स नियंत्रण समिति संविदा, रोगी कल्याण समिति आदि 10 मार्च को मंत्रालय पर प्रदर्शन करेंगे।

## गो-शालाओं को नरवाई प्रबंधन के लिए मिलेगी अंश राशि

# मुख्यमंत्री ने कहा- नायीखेड़ी-नागदा-रतलाम मार्ग की स्वीकृति से बड़नगर के समग्र विकास के खुलेंगे द्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री ने की व्यायाम शालाओं को प्रोत्साहन स्वरूप राशि देने की घोषणा
- बड़नगरवासियों को मिली 150 करोड़ रुपए के मार्ग की सौगात



अभिनंदन समारोह में उपस्थित मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं बड़नगर के नागरिक।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत विश्व पटल पर नई ऊंचाइयां को छू रहा है। देश में मप्र का विशेष महत्व है। विकास के इस कारवां को आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार समाज के हर वर्ग और प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। उज्जैन जिले का बड़नगर भी विकास में अग्रणी रहेगा। बड़नगर अब इंदौर-उज्जैन मेट्रोपोलिटन एरिया का भाग बनेगा। बड़नगर पर बाबा महाकाल सहित चंबल, शिप्रा और गंभीर नदियों का भी आशीर्वाद है।

प्रधानमंत्री ने धार में देश के पहले पीएम मित्र पार्क का भूमि-पूजन किया है। टैक्सटाइल सेक्टर के इस मेगा इंडस्ट्रियल पार्क का लाभ भी बड़नगरवासियों को मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को नायीखेड़ी-नागदा-रतलाम मार्ग की स्वीकृति प्रदान करने के लिए उनका आभार प्रकट करने मुख्यमंत्री निवास पहुंचे बड़नगर विधानसभा क्षेत्र के निवासियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री का साफा और गजमाला पहनाकर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने बड़नगर क्षेत्र में संचालित गो शालाओं को नरवाई प्रबंधन के लिए मशीनें लेने में सहायता के उद्देश्य से स्वेच्छानुदान से अंश राशि उपलब्ध कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इससे नरवाई के निराकरण के साथ ही गो-शालाओं को पर्याप्त भूसा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बड़नगर क्षेत्र के व्यायाम शालाओं को प्रोत्साहन स्वरूप एक-एक लाख रुपए देने की घोषणा की।

### बड़नगर अब 3 प्रमुख मार्गों के माध्यम से रतलाम से जुड़ गया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा महाकाल के आशीर्वाद से उज्जैन और बड़नगर अब 3 प्रमुख मार्गों के माध्यम से रतलाम से जुड़ गया है। तीसरा नया 2 लेन रास्ता गंभीर डैम के पास से नागदा होकर निकलने वाला है। लगभग 150 करोड़ रुपए का नायीखेड़ी-नागदा-रतलाम मार्ग क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी सौगात है। इससे रतलाम की दूरी 40 किमी कम हो जाएगी। नई सड़क से सिंहस्थ : 2028 के आयोजन में भी सुविधा होगी। उज्जैन में विमानतल भी बनाया जा रहा है, इसका लाभ भी बड़नगर को मिलेगा। आगामी वर्षों में रतलाम सहित राजस्थान और गुजरात से भी बड़नगर का संपर्क सुगम और सशक्त होगा।

### *प्रस्तावित वैकल्पिक मार्ग की कुल लंबाई लगभग 74 किमी*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि सिंहस्थ को दृष्टिगत रखते हुए यह प्रस्तावित मार्ग विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। वर्तमान में रतलाम से उज्जैन आने वाले श्रद्धालु मुख्यतः बदनावर-बड़नगर मार्ग से आवागमन करते हैं, जिसकी कुल लंबाई लगभग 115 किमी है। प्रस्तावित वैकल्पिक मार्ग की कुल लंबाई लगभग 74 किमी है, जो वर्तमान प्रचलित मार्ग की तुलना में लगभग 40 किमी कम है। इस मार्ग के विकसित होने से यात्रा की दूरी एवं समय दोनों में कमी आएगी। मुख्य मार्गों पर यातायात का दबाव भी कम होगा। सड़कें विकास का आधार हैं, इन सड़कों से बड़नगर सहित सम्पूर्ण क्षेत्र के विकास के द्वार खुलेंगे।*

## रवींद्र भवन में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत कार्यशाला

# भाजपा का कार्यकर्ता कैसा होना चाहिए यह प्रशिक्षण से तय होता है: मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

**मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी कार्यशाला को किया सम्बोधित**




भाजपा का कार्यकर्ता कैसा होना चाहिए, यह प्रशिक्षण से तय होता है। प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की ताकत से भाजपा ने देश को अजेय बनाने का संकल्प लिया है। कांग्रेस से जुड़े महामना पं. मदन मोहन मालवीय काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना कर रहे थे और कांग्रेस पार्टी सोमनाथ मंदिर को नकार रही थी। यह कांग्रेस की विचारधारा के अंतर्विरोध को दर्शाता है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही।

राजधानी स्थित रविन्द्र भवन में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत विषय वक्ता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रशिक्षण महाअभियान के पश्चिम मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रभारी केसी पटेल ने संबोधित किया। कार्यशाला में चंबल, ग्वालियर, सागर, नर्मदापुरम, भोपाल संभाग (गुना व अशोकनगर जिले को छोड़कर) कुल 23 जिलों के 400 से अधिक विषय वक्तागण उपस्थित रहे।

### हमारी कार्यपद्धति में बदलाव आवश्यक, परन्तु विचारधारा स्थाई: खंडेलवाल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी पार्टी की ताकत हमारे प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं में है, जो किसी भी जिम्मेदारी को हाथ में लेते हैं और उसके सकारात्मक परिणाम सामने आते हैं। यही कार्यकर्ता बाद में प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर पहुंचते हैं। लोग इसे आश्चर्य से देखते हैं, लेकिन यह हमारी पार्टी की संस्कृति और कार्यशैली का परिणाम है। उन्होंने कहा कि दूसरे दलों में नेतृत्व बड़े परिवारों के बीच बंट जाता है, लेकिन हमारे संगठन में यह परंपरा कभी नहीं रही। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि हमारी पार्टी ने अपनी विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया। विचारधारा और कार्यपद्धति के बल पर भाजपा देश में सबसे आगे रहते हुए विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनी है।

### व्यक्ति निर्माण से संगठन और संगठन से राष्ट्र निर्माण का हमारा लक्ष्य: पटेल



प्रशिक्षण महाअभियान मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रभारी केसी पटेल ने कहा कि व्यक्ति निर्माण से संगठन और संगठन से राष्ट्र निर्माण का हमारा लक्ष्य है। प्रशिक्षण से समाज में संवेदनशील और पार्टी का सक्षम कार्यकर्ता तैयार होता है। जिन विषयों पर प्रशिक्षण वर्ग में विषय वक्तागण विचार रखेंगे, उन विषयों को लेकर समानांतरण सत्रों में प्रशिक्षकों ने विषय वक्तागणों को प्रशिक्षण प्रदान किया।

### यह प्रशिक्षण वर्ग महत्वपूर्ण साबित होगा: डॉ. सिंह



भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से भारत वर्ष 2047 तक दुनिया का नेतृत्व करने को तैयार है। भाजपा कार्यकर्ता पं. दीनदयाल उपाध्याय व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों का भारत बनाएंगे, जिसमें यह प्रशिक्षण वर्ग बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा।

## वन रक्षक भर्ती में आरक्षण गड़बड़ी 728 पदों में एससी वर्ग के लिए एक भी पद आरक्षित नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश में वन रक्षकों की भर्ती प्रक्रिया सवालों के घेरे में आ गई है। भर्ती विज्ञापन में आरक्षण रोस्टर का पालन नहीं होने का मामला सामने आने के बाद वन विभाग को विज्ञापन वापस लेना पड़ा है।

जानकारी के अनुसार कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) द्वारा जारी वन रक्षक भर्ती के विज्ञापन में अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के लिए एक भी पद आरक्षित नहीं किया गया था। वन रक्षक के कुल 728 पदों के लिए जारी इस विज्ञापन में अनारक्षित वर्ग के लिए 185, अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए 84, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 117 और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए 48 पद आरक्षित बताए गए थे। आरक्षण रोस्टर का पालन नहीं होने की जानकारी सामने आने के बाद भर्ती प्रक्रिया पर सवाल उठने लगे।

### विज्ञापन वापस लेना पड़ा

माना जा रहा था कि यदि इस गड़बड़ी को ठीक नहीं किया जाता तो भर्ती परीक्षा भी अटक सकती थी। इस मामले में वन विभाग ने आरक्षण प्रक्रिया में त्रुटि होने की बात स्वीकार की है। विभाग के अनुसार वन रक्षक की सीधी भर्ती के लिए विज्ञापित पदों की गणना में गलती पाई गई है, जिसके चलते कर्मचारी चयन मंडल द्वारा जारी विज्ञापन को वापस ले लिया गया है। वन विभाग का कहना है कि पदों की पुनर्गणना कर जल्द ही संशोधित विज्ञापन जारी किया जाएगा, ताकि आरक्षण नियमों के अनुसार सभी वर्गों को उनका अधिकार मिल सके। गौरतलब है कि वन रक्षक भर्ती के लिए 28 फरवरी से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। ऐसे में संशोधित विज्ञापन के बाद प्रक्रिया के नए शेड्यूल आने की संभावना है।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन आज क्वींस ऑन द व्हील्स को करेंगे फ्लैग ऑफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से सुबह 9 बजे 'क्वींस ऑन द व्हील्स' के तीसरे संस्करण को फ्लैग ऑफ करेंगे। प्रदेश के समृद्ध व ऐतिहासिक पर्यटन गंतव्यों को प्रचारित करने के उद्देश्य से 25 महिला सुपर बाइकर्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

'क्वींस ऑन द व्हील्स' के पिछले दो संस्करणों की सफलता के बाद, महिला सशक्तिकरण, स्वतंत्रता एवं विरासत का यह 7 दिवसीय आयोजन भोपाल से खजुराहो तक लगभग 1,400 किमी लंबी बाइक ट्रेल को पूरा करेगा। सचिव पर्यटन और प्रबंध संचालक मप्र टूरिज्म बोर्ड डॉ. इलैया राजा टी ने बताया कि एमपी टूरिज्म बोर्ड की पहल क्वींस ऑन द व्हील्स' केवल एक बाइक राइड नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण, साहस और मप्र की समृद्ध सांस्कृतिक एवं पर्यटन धरोहर का उत्सव है। हमें गर्व है कि सुपरबाइकर्स इस अनूठी यात्रा के माध्यम से प्रदेश के विविध पर्यटन स्थलों का अनुभव करेंगी।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी स्कूलों के

# सभी स्कूलों में लगाए जाएंगे एचपीवी वैक्सीन, अभिभावकों को भी किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा राजधानी के सभी निजी व सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों को ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान के अंतर्गत संस्था में टीकाकरण कार्यक्रम को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए है।

जारी आदेश में कहा गया है कि सरवाईकल कैंसर महिलाओं में होने वाले कैंसरों में दूसरा सबसे मुख्य कैंसर है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भोपाल की अध्यता में बैठक में दिए गए निर्देशानुसार टीकाकरण के प्रथम चरण में आगमी 3 माह (मार्च, अप्रैल, मई 2026) तक सभी निजी व सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को एचपीवी वैक्सीन का टीकाकरण के लिए चिन्हित स्वास्थ्य संस्थाओं में भेजा जाए। विद्यार्थियों के टीकाकरण की जानकारी यूविन पोर्टल पर इंद्राज की जाएगी। के लिए प्रत्येक विद्यार्थी का अपना आधार नंबर एवं अभिभावक का मोबाइल नंबर होना अनिवार्य है। स्कूल के टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ समन्वय किया जा सकता है। स्कूल डायरी में एचपीवी टीकाकरण के लिए पालकों को अवगत कराएं।

## दिवंगत संविदा सेवक के परिवार को सौंपी एक लाख रुपए की राशि



मप्र संविदा अधिकारी कर्मचारी महासंघ राशि प्रदान करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मरणोपरांत एक्सग्रेसिया नहीं मिलने के कारण एक संविदा कर्मचारी के लिए साथी सेवकों ने एक लाख की राशि जुटाकर पीड़ित परिवार को सौंपी है। इस कार्य में मप्र संविदा अधिकारी कर्मचारी महासंघ का विशेष योगदान रहा है। महांसघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश राठौर ने बताया कि धार जिले के एमआईसी कोआर्डिनेटर संदीप कुमार विश्वकर्मा की पिछले दिनों मृत्यु हो गई थी। वे परिवार में इकलौते कमाने वाले सदस्य थे। उनको जब एक्सग्रेसिया नहीं मिला तो कर्मचारियों ने एक लाख रुपए की राशि एकत्र की और पीड़ति परिवार को सौंपी है।

## सीएम आज विदिशा को देंगे 163.62 करोड़ के कार्यों की सौगात

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को विदिशा जिले के शमशाबाद में जिले को 163.62 करोड़ रुपए के 97 विकास कार्यों की सौगात देंगे। साथ ही प्रदेश की पहली जिला स्तरीय फिंगर प्रिंट लैब का शुभारंभ और विभिन्न योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 104.30 करोड़ की लागत के 56 निर्माण कार्यों का शिलान्यास और 59.32 करोड़ की लागत से पूर्ण हुए 41 विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को विदिशा जिले के शमशाबाद पहुंचेगे।

## कृषि विभाग के 60% पद खाली, किसान कर्ज में डूबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने मुकेश नायक, अभय दुबे और सुखदेव पांसे के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार पर सवाल उठाए।

पटवारी ने कहा कि सरकार किसानों के कल्याण की बात कर रही है, जबकि बाजार में किसानों को उचित कीमत नहीं मिल रही है। वह कर्ज में डूब रहे हैं। पटवारी ने आरोप लगाया कि प्रदेश में कृषि व्यवस्था सरकारी उदासीनता के बोझ तले दम तोड़ रही है। कृषि विभाग के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार विभाग में स्वीकृत 14,537 पदों में से 8,468 पद खाली हैं, यानी लगभग 60 प्रतिशत कर्मचारी नहीं हैं। इसके अलावा मत्स्य पालन विभाग में 1,290 में से 722 पद रिक्त हैं, उद्यानिकी विभाग में 3,079 में से 1,459 पद खाली हैं और पशुपालन व डेयरी विभाग में भी बड़ी संख्या में पद रिक्त पड़े हैं। पटवारी ने कहा कि जब कृषि से जुड़े विभागों में इतनी बड़ी संख्या में पद खाली हैं तो सरकार किसानों के कल्याण की बात किस आधार पर कर रही है। उन्होंने सरकार से तुरंत रिक्त पद भरने और किसानों को उचित मूल्य दिलाने की मांग की।

## न्याय चौपाल, मेंटल हेल्थ और साइबर वेलबीइंग पर हुए महत्वपूर्ण सत्र

# अधिकार, न्याय और कार्रवाई से ही होगा वास्तविक महिला सशक्तिकरण: मंत्री निर्मला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा, न्याय की सुनिश्चितता और ठोस कार्यवाही ही महिला सशक्तिकरण की वास्तविक आधारशिला है। समाज की अशासकीय संस्थाएं और जागरूक नागरिक छोटे-छोटे प्रयासों से महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को मजबूत बनाते हैं।

यह बात महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कही। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजधानी स्थित प्रशासन अकादमी में मप्र राज्य महिला आयोग और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के समन्वय से महिलाओं और बालिकाओं के लिए अधिकार, न्याय और कार्यवाही विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में न्याय चौपाल, मानसिक स्वास्थ्य तथा साइबर वेलबीइंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सत्र आयोजित किए गए। सत्र में विशेषज्ञों और अधिकारियों ने महिलाओं की सुरक्षा, अधिकारों और जागरूकता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। महिला आयोग और अहान फाउंडेशन के मध्य सायबर वेलबीइंग पर एमओयू हुआ।



कार्यक्रम में उपस्थित मंत्री निर्मला व अतिथि।




### महिलाओं को जागरूक होना होगा

स्पेशल डीजी, पुलिस अनिल कुमार ने कहा कि अगर हर महिला यह समझ ले कि सास भी कभी बहू थी तो सास और बहू के बीच की हिंसा रुक जाएगी। डीजी, सामुदायिक पुलिसिंग विनीत कपूर ने कहा कि महिलाओं के लिए हेल्प-डेस्क हर थाने में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के विरुद्ध हिंसा को रोकने के लिए कम्युनिटी आउटरीच होना बहुत जरूरी है। कपूर ने कहा कि महिलाएं जागरूक होंगी तो अपने अधिकार से न्याय के लिए उचित कार्यवाही करने के लिए आवाज उठाएगी।

## भ्रष्टाचार की जांच कराने अभियंता कार्यालय पर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



प्रमुख अभियंता कार्यालय पर कर्मचारियों ने काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन कर विभाग में फैले भ्रष्टाचार की जांच करवाने की मांग प्रमुख अभियंता से की। राष्ट्रीय कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में कर्मचारियों ने चेतावनी दी एक सप्ताह में मांगों का निराकरण नहीं किया तो आक्रोश आंदोलन शुरू कर हड़ताल की जाएगी।

मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय, राष्ट्रीय महासचिव श्याम सुंदर शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष ध्रुव सिंह सिकरवार ने बताया के एक वर्ष से लंबित उच्च समयमान वेतनमान के प्रकरण का निराकरण करके तत्काल आदेश जारी किए जाएं। साथ ही उच्च न्यायालय से केस जीत चुके कर्मचारियों के प्रकरण प्रमुख अभियंता कार्यालय में भ्रष्टाचार और घूसखोरी के निराकरण की कार्रवाई नहीं की जा रही है। संघर्ष मोर्चा ने प्रमुख अभियंता को ज्ञापन देकर एक सप्ताह में सभी समस्याओं का निराकरण करने की मांग की गई है। इस अवसर पर संघर्ष मोर्चा के प्रमुख पदाधिकारी अनिल वाजपेई, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, आरके गूर्जर, धर्मेश जोशी मौजूद रहे।






## पांच दिन में चार गांव में मिले 220 अतिक्रमण

# एफटीएल में मकान बचाने एक दर्जन लोगों ने पेश किए दस्तावेज

## रंगपंचमी के बाद दस्तावेजों की जांच कर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बड़े तालाब के फुल टैंक लेबल से 50 मीटर के दायरे को नो कंस्ट्रक्शन जोन बनाने के लिए पिछले एक हफ्ते से सीमांकन का काम जारी है। जिसके तहत टीएंडसीपी के नक्शे के आधार पर सीमांकन किया जा रहा है। जिसमें बैरागढ़ सर्कल के कोहेफिजा, खानूगांव, हलालपुर, बेहटा और बोरबन में सीमांकन का काम पूरा कर लिया गया है। जिसमें 70 से अधिक पक्के निर्माण मिले हैं, जबकि करीब डेढ़ सौ झुग्गियां भी एफटीएल के दायरे में आ रही हैं। इधर जिन पक्के निर्माणों को लेकर लाल निशान लगाए गए हैं, उनमें से एक दर्जन से अधिक निर्माणों को लेकर तहसीलदार के यहां दस्तावेज पेश किए गए हैं। पंचमी के बाद इन दस्तावेजों की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

*टीएंडसीपी के नक्शे के आधार पर किया जा रहा सीमांकन*

*करीब 150 झुग्गियां आ रहीं एफटीएल के दायरे में*

### बेहटा में एफटीएल के दायरे में मैरिज गार्डन, क्लब, मकान समेत 100 से ज्यादा अतिक्रमण मिले



एफटीएल क्षेत्र में आ रहे निर्माण कार्यों को ढहाती जेसीबी।

बैरागढ़ तहसील की टीम ने लाउखेड़ी, बोरवन और बेहटा में भी सीमांकन कर लिया है। बेहटा में एफटीएल के दायरे में 100 से ज्यादा अतिक्रमण मिले हैं, जिसमें एफटीएल में मैरिज गार्डन, क्लब और मकान आ रहे हैं। अभी इनको तोड़ा जाना है। जिसके लिए इन लोगों से दस्तावेज मांगे गए हैं। कोहेफिजा में जीशान अली, गुलबाग गार्डन, मोहम्मद अफजल खान, नूरजहां, मोहम्मद अली, शोएबा खान, फैसल खान, उमर खान, राशिद, इंतेयाज, लेक कोर्टयार्ड हाइट्स, स्वास्थ्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल का बंगला, आगा अब्दुल कय्यूम सहित अन्य लोगों के निर्माण आ रहे हैं। इसके साथ हलालपुर में सुरेंद्र रैना और अन्य लोगों ने निर्माण हटाने के लिए समय मांगा है। बैरागढ़ तहसीलदार हर्ष विक्रम सिंह का कहना है कि जिन लोगों ने दस्तावेज पेश किए हैं, उनकी जांच करने के बाद पचास मीटर के दायरे में आने वाले अतिक्रमणों को हटाया जाएगा।

### बूढ़ागांव और बेहटा में मिली झुग्गियां

सीमांकन के दौरान बोरवन गांव की बूढ़ागांव झुग्गी बस्ती और बेहटा की झुग्गी बस्ती में सर्वे में अतिक्रमण मिला। यहां तालाब के 50 मीटर के दायरे में करीब 100 झुग्गियां आ रही हैं। इन झुग्गियों को चिन्हित करने के लिए टीम ने मौके पर लाल निशान लगाए। जिला प्रशासन और नगर निगम की टीम आगे भी अन्य क्षेत्रों में सीमांकन की कार्रवाई जारी रखेगी। इससे तालाब के आसपास के अतिक्रमण और निर्माण की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### पंचमी के बाद होगा टीटी नगर में सीमांकन

बैरागढ़ तहसील क्षेत्र में ही बड़ा तालाब किनारों पर अतिक्रमण तलाशा जा रहा है। टीटी नगर सर्कल में अब तक कार्रवाई नहीं हुई। हालांकि, एसडीएम अर्चना शर्मा ने सोमवार से कार्रवाई करने की बात कही है। बता दें कि यही इलाका सबसे प्राइम लोकेशन है। तालाब किनारे में बेशकीमती जमीनें हैं। होटल-रेस्तरां भी बने हुए हैं। कई सरकारी एजेंसियों के दफ्तर भी हैं। यहां ज्यादातर आईएएस और नेताओं के फार्म हाउस बने हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**भोपाल।** सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट से उतनी वैमनस्यता का संचार नहीं होता है, जितना कि उस पर आए कमेंट एवं क्रास कमेंट के कारण होता है। इंटरनेट पर एक प्रकार वैमनस्यता की अभिव्यक्ति ऐसे पोस्ट के माध्यम से होती है, जिस पर हर कोई बिना विचार एवं दायित्व के द्वेषपूर्ण एवं अश्लील शब्दों का प्रयोग कर धार्मिक भावनाओं को आहत करता है। इस प्रकार के इंटरनेट सोशल मीडिया वार्स अभी भी सक्रिय हैं, जिनसे लोक व्यवस्था एवं सामाजिक शांति भंग हो सकती है। सोशल मीडिया पर इस प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों के विरूद्ध तथा महानगर भोपाल में जन सुरक्षा तथा लोक परिशांति बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं।

### निगम अमले ने 59 पानी के सैंपल लिए, 27 लीकेज सुधारे

**भोपाल।** नगर निगम के अमले ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पानी के 59 सैंपल लिए और जांच के लिए लैब भेजे। इसके अलावा जल कार्य विभाग के अमले ने 27 लीकेज सुधारे। सीएम हेल्पलाइन और महापौर हेल्पलाइन के माध्यम से मिली शिकायतों में से 2 शिकायतों का निराकरण किया गया। निगम अमले ने अभी तक झुग्गी बस्ती क्षेत्रों के 5448 स्थानों सहित शहरभर से 11329 पानी के सैंपल लेकर लैब में जांच करवाई जा चुकी है। इसके अलावा 2432 लीकेज सुधारे गए हैं।

### स्वर्ण जयंती पार्क में कचरा फेंकते मिलने पर 5 हजार का जुर्माना



**भोपाल।** निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने शुक्रवार को जोन-18 वार्ड-82 के तहत स्वर्ण जयंती पार्क में कचरा फेंककर गंदगी करने वाले व्यक्ति पर 5 हजार रूपए का जुर्माना किया। इसी तरह सलैया से मिसरोद जाने वाले रोड पर अमेजॉन कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा गंदगी फैलाने पर तीन हजार रूपए का स्पॉट फाइन वसूला।

## घबराएं नहीं...राजधानी समेत पूरे प्रदेश में सप्लाई चेन पूरी तरह से सामान्य

# अभी पेट्रोल पंपों में 4, डिपो में 7, टर्मिनल में 12, रिफाइनरी में है 30 दिन का स्टॉक

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल सहित मप्र में पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सामान्य है और घबराने की कोई जरूरत नहीं है। तेल कंपनियों (आईओसीएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल) के वर्तमान में डिपो में 6 से 8 हफ्ते का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। पेट्रोल पंपों पर 4, डिपो में 7, टर्मिनल में 12 और रिफाइनरी में 30 दिनों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है, जो देश में ईंधन सुरक्षा सुनिश्चित करता है।



अजय सिंह

यह बात मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह ने हरिभूमि से चर्चा के दौरान कही। पेट्रोल पंपों के संगठन का नेतृत्व कर रहे अजय सिंह ने पेट्रोल-डीजल की स्टॉक की स्थिति के संदर्भ में कहा कि पेट्रोल पंपों पर 4, डिपो में 7, टर्मिनल में 12 और रिफाइनरी में 30 दिनों का पर्याप्त स्टॉक होने के साथ ट्रांसपोर्टेशन लाइन में 8 दिनों का स्टॉक है। अध्यक्ष अजय सिंह की इस बात से उन उपभोक्ताओं को इस बात से जरूर राहत मिलेगी जिन्होंने पेट्रोल-डीजल की शॉर्टेज की आशंका में अपनी गाड़ियों के टैंक फुल करा लिए हैं।

### अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरी करने भारत ले सकता है रूस से पर्याप्त मात्रा में तेल

*मप्र पेट्रोल पंप ऑनर्स एसो. अध्यक्ष की बात से उपभोक्ताओं को राहत*

*मप्र में 1643 मीट्रिक टन डीजल और 1232 मीट्रिक टन पेट्रोल की हर दिन खपत*



अजय सिंह ने बताया कि ईरान-मिडिल ईस्ट में जारी सैन्य तनाव के बीच अमेरिका ने भारत को रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए 30 दिनों की अस्थायी छूट दी है, जिससे भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए बड़ी मात्रा में (लगभग 6 करोड़ बैरल से अधिक) तेल ले सकता है। यह छूट समुद्र में फंसे रूसी तेल के आयात की अनुमति देती है, जो भारत की ऊर्जा सुरक्षा और बाजार में कीमतों को स्थिर रखने में मदद करेगा। इसके अलावा ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में भारतीय टैंकरों को निशाना न बनाने का संकेत दिया है, क्योंकि वह इस रास्ते को मुख्य रूप से अमेरिका, इजराइल और यूरोपीय देशों के जहाजों के लिए बंद कर रहा है। ईरान ने स्पष्ट किया है कि उसका संघर्ष भारत के साथ नहीं है, बल्कि पश्चिमी देशों के साथ है।

### भोपाल में 9 लाख लीटर पेट्रोल की रोजाना खपत

*अजय सिंह ने कहा कि शहर के पेट्रोल पंपों द्वारा प्रतिदिन की जाने वाली बिक्री के आधार पर 14.5 लाख लीटर डीजल और 9 लाख लीटर पेट्रोल प्रतिदिन की खपत है। जबकि मध्यप्रदेश में 1643 मीट्रिक टन डीजल और 1232 मीट्रिक टन पेट्रोल की सालाना खपत है। उन्होंने कहाकि कुल मिलाकर सप्लाई चेन पूरी तरह से सामान्य है और घबराहट में की जा रही खरीदारी से कृत्रिम कमी पैदा हो रही है। पेट्रोल को ड्रम या डिब्बों में घरों में रखना अत्यंत असुरक्षित और जानलेवा है, क्योंकि यह एक ज्वलनशील पदार्थ है।*

### पर्याप्त स्टॉक, लेकिन सिलेंडर बुकिंग के 21 दिनों बाद जारी होगा इनवाइस

भोपाल गैस डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के आरके गुप्ता ने बताया कि भोपाल और मध्य प्रदेश में एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। गैस कंपनियों द्वारा सिंगल सिलेंडर उपभोक्ताओं के लिए 21 दिन और डबल सिलेंडर वालों के लिए 30 दिनों (इनवॉइस/डिलीवरी के लिए) अंतराल का सामान्य नियम जरूर सख्ती





आरके गुप्ता

से लागू किया है। ताकि घबराहट में बुकिंग और कृत्रिम कमी नहीं हो। वर्तमान अंतरराष्ट्रीय हालातों को देखते हुए राज्य सरकार ने समीक्षा की है और आश्वस्त किया है कि किसी भी प्रकार का कोई संकट नहीं है। भोपाल में घरेलू एलपीजी सिलेंडर (14.2 किलोग्राम) की कीमत लगभग 858.50 पर स्थिर बनी हुई है। भोपाल में साढ़े लाख और मध्यप्रदेश में साढ़े 6 करोड़ एलपीजी उपभोक्ता हैं। प्रदेश में 2.3 लाख एलपीजी सिलेंडर की दैनिक खपत के मुकाबले गैस कंपनियों के पास पर्याप्त स्टॉक है।

## महिलाओं ने बताई नाली में डूबीं पाइप लाइनें

# कल्याण नगर के घरों में पहुंच रहा गंदा, बदबूदार पानी, पहुंची जल कार्य की टीम तो लोगों का गुस्सा फूटा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर में दूषित पानी से मौतों के बाद नगर निगम ने शहर में रोजाना पानी के सैंपल जांच के लिए लेने और लीकेज को सुधारने का काम शुरू किया, लेकिन अब भी शहर में लोगों के घरों में गंदा और बदबूदार पानी पहुंचने की शिकायतें हैं। नगर निगम के जोन-16 और वार्ड नंबर-73 में आने वाली बडी बस्ती कल्याण नगर में बीते एक सप्ताह से लोगों के घरों में बदबूदार पानी पहुंच रहा है। रहवासियों में इस बात को लेकर गुस्सा है कि वे शिकायतें कर रहे हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। रहवासियों ने पानी में कीड़े निकलने तक की बात हरिभूमि से कही। शुक्रवार को जब लोगों ने निगम के अधिकारियों को जानकारी दी तो जोन के जल कार्य विभाग का अमला मौके पर पहुंचा तो महिलाओं का गुस्सा फूट पडा। महिलाओं ने पाइप लाइनें नाली में डूबी बताईं। निगम के अमले ने सोमवार से पाइप लाइन बदलने का भरोसा दिया।

रहवासी रीना धाकड़ ने बताया कि बीते आठ दिनों से घर में बदबूदार पानी नल से आ रहा है। कई बार तो कीडे तक निकल रहे हैं। चार हजार से ज्यादा आवासों वाली कल्याण नगर कॉलोनी में अधिकांश जगह पर पानी के वाल्व और पाइप लाइनें गंदी नाली में डूबी हैं। जब नाली ओवरफ्लो हो जाती है तो घरों में सीवेज का पानी घरों में पहुंचता है। इसकी हम लगातार निगम को शिकायत कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। शुक्रवार को निगम के कर्मचारी जरूर आए और समस्या के निराकरण का भरोसा दिलाया है।

### नाली से होकर गुजरी हैं पाइप लाइनें, वॉल्व गंदे पानी में डूबे

कल्याण नगर निवासी सविता द्विवेदी ने बताया कि कॉलोनी में सीवेज नेटवर्क सिस्टम नहीं है। नाली से होकर पाइप लाइनें घरों में पहुंची हैं और पानी के वाल्व तक गंदे पानी में डूबे हुए हैं। बीते एक सप्ताह से गंदा पानी घरों में पहुंच रहा है। इमने इसकी शिकायत नगर निगम में की है।

### चार हजार से ज्यादा आबादी को होती है पानी की सप्लाई

कल्याण नगर में चार हजार से ज्यादा आबादी है। यहां दोपहर 12 बजे से पानी की सप्लाई होती है। लोगों का कहना है कि शुरुआती दस मिनट तक बदबूदार और गंदा पानी आता है। उसके बाद जब पानी कुछ साफ होता है कि सप्लाई बंद हो जाती है। इसके चलते पानी की किल्लत होती है।

### निगम का तर्क- तुरंत मौके पर भेजेंगे टीम

नगर निगम में जल कार्य विभाग के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग का कहना है कि शहर में कहीं भी गंदा पानी सप्लाई होने की कोई शिकायत नहीं है। कल्याण नगर में अगर रहवासियों की शिकायत है तो तत्काल मौके पर टीम भेजेंगे और समस्या का निराकरण करवाया जाएगा।

## संकल्प से समाधान में गांव में रुकेंगे अफसर, संभाग कमिश्नर ने जिपं कार्यों की समीक्षा की

# स्कूल से ड्रॉप आउट छात्रों का दोबारा से होगा एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



ऐसे बच्चे को स्कूल से ड्रॉप आउट हो गए हैं, उनको चिन्हित कर दोबारा से स्कूल में लाया जाए। इसके साथ पांचवी और आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्रों का सौ फीसद अगली कक्षा में प्रवेश होना चाहिए। यह बात शुक्रवार को संभाग कमिश्नर संजीव सिंह ने विभागीय योजनाओं, निर्माण कार्य एवं विकास कार्यों की समीक्षा रखी गई।

कमिश्नर सिंह ने अधिकारियों से कहा कि ड्रॉप आउट छात्रों की जानकारी जुटाकर एक साल में टॉरगेट पूरा किया जाए। इन बच्चों का दोबारा से स्कूल में एडमिशन किया जाना चाहिए। ऑनलाइन टीसी जारी करने, कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं में पढ़ने वाले छात्रों का सौ फीसद कक्षा 6वीं और नवीन कक्षा में एडमिशन करने के नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं। प्रथम कक्षा में प्रवेश की विशेष कार्य योजना बनाकर नामांकन में वृद्धि करने के लिए घर-घर सर्वे अभियान, प्रवेश उत्सव का आयोजन, जनजागरूक गतिविधियां करने के निर्देश कमिश्नर सिंह द्वारा दिए गए।

## बजट प्रस्ताव तैयार करते समय प्रावधानों के अनुसार करें कार्रवाई

# सरकार ने कसा नगर निगमों में महापौर निधि पर शिकंजा, कहा-प्रावधान ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेशभर की नगर निगमों में अब महापौर निधि का प्रावधान नहीं रहेगा। क्योंकि इसे लेकर सरकार ने नियमों का हवाला देते हुए प्रदेश की नगर निगमों को पत्र लिखकर अवगत कराया है। जारी पत्र में कहा गया है कि सभी नगर पालिक निगम बजट प्रस्ताव तैयार करते समय मप्र नगर पालिक अधिनियम-1956 तथा मप्र नगर पालिक (लेखा एवं वित्त) नियम 2018 में दिए गए प्रावधानों के अनुसार ही कार्रवाई की जाए।

- भोपाल नगर निगम में महापौर निधि 5 करोड़ रुपए से 10 रुपए सालाना की गई थी

नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उप सचिव प्रमोद कुमार शुक्ला ने प्रदेशभर के नगर निगम आयुक्तों को लिखे पत्र में कहा है कि नगर निगमों में अपने बजट में महापौर निधि का प्रावधान किया जाता है जबकि मप्र नगर पालिक अधिनियम 1956 के अध्याय 7 नगर पालिक निधि के प्रावधान वर्णित है, जिसमें वित्तीय वर्ष में निगम की प्राप्तियों तथा आय का अनुमान पत्रक बजट प्रस्ताव में महापौर निधि के संबंध में कोई प्रस्ताव नहीं है।




### भोपाल नगर निगम में महापौर निधि सालाना 10 करोड़

राजधानी में नगर निगम की महापौर निधि 10 करोड़ रुपए है। जबकि निगम परिषद अध्यक्ष, एमआईसी मेंबर, पार्षद और जोन अध्यक्ष की भी निधि है। पिछले बजट में यह दोगुनी कर दी गई थी। महापौर की 5 की जगह 10 करोड़ रुपए की गई थी। अध्यक्ष की 5 करोड़, एमआईसी मेंबर की 1 करोड़ रुपए, पार्षद की 50 लाख रुपए और जोन अध्यक्ष की 10 लाख रुपए निधि है।

## दस एकड़ जमीन पर काट दी थी स्टर्लिंग वुड कॉलोनी

# केरवा के कैचमेंट में अवैध कॉलोनी, चलाया बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तालाब के फुल टैंक लेबल से पचास मीटर दायरे में नो कंस्ट्रक्शन जोन बनाने का काम जारी है। जिसके तहत शुक्रवार को हुजूर तहसीलदार अनुराग त्रिपाठी की टीम ने बरखेड़ी बाजयाफ्त स्थित मेसर्स स्टर्लिंग बिल्डर अवनीश सबरवाल ने बिना परमिशन के 10 एकड़ जमीन में स्टर्लिंग वुड कालोनी विकसित की जा रही थी। उनके पास किसी तरह के कोई दस्तावेज नहीं होने से शुक्रवार को अवैध रूप से बनाई गई बाउंड्रीवाल, सड़कों सहित अन्य निर्माणों को बुलडोजर की



मदद से ढहा दिया गया है।

तहसीलदार ने बताया कि बेरखेड़ी बाज्याफत में मेसर्स स्टर्लिंग बिल्डर अवनीश सबरवाल ने बिना परमिशन 10 एकड़ जमीन पर अवैध कॉलोनी बनाई जा रही थी।

### भानपुर केकड़िया में भी तोड़ा निर्माण

तहसीलदार ने बताया कि भानपुर केकड़िया में केरवा डैम के कैंचमेंट 50 मीटर दायरे में अतिक्रमण कर निर्माण कार्य किया जा रहा था। यहां एनजीटी के आदेश का पालन करते हुए अवैध निर्माण को तोड़ते हुए कैचमेंट क्षेत्र को मुक्त करवाया गया है।

## निगम का तर्क- नए भवन में शिफ्ट हो रहे हैं, वर्किंग शुरू नहीं हुई

# नए भवन में लोगों को जाने से रोका, पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ता, बहस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के नए मुख्यालय भवन में गत दिवस एक बुजुर्ग की मौत के बाद शुक्रवार को आम लोगों की आवाजाही रोक दी गई। जो किसी काम से यहां पहुंचे भी तो गेट बंद कर दिया गया। गेट पर तैनात सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें अंदर नहीं जाने दिया। वहीं नए भवन के निर्माण में बरती गई लापवाही को लेकर विरोध दर्ज करवाने कांग्रेस के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और भवन के निर्माण में तकनीकी खामियों का आरोप लगाया। इस दौरान गेट पर तैनात सुरक्षा कर्मियों से बहस भी हुई।

कांग्रेस के पूर्व पदाधिकारी अभिनव बरोलिया ने बताया कि निगम के नए निर्माणाधीन भवन में खराब इंजीनियरिंग के चलते हादसे होना शुरू हो गए हैं। निर्माण में भारी लापरवाही बरती गई है। इसकी जांच होना चाहिए। उन्होंने निगम मुख्यालय भवन की कई कमियां गिनाते हुए कहा कि भवन के निर्माण कार्यों की जांच होना चाहिए।

वे जब भवन के गेट पर पहुंचे तब कई लोग अंदर जाने के लिए खडे थे,लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें नहीं जाने दिया। इसे लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और सुरक्षा कर्मियों के बीच बहस भी हुई।

### हाउसिंग फॉर आल की जानकारी लेने गए थे बुजुर्ग



नए मुख्यालय भवन में कुछ लोग और एक बुजुर्ग हाउसिंग फार प्रोजेक्ट की जानकारी लेने पहुंचे थे, लेकिन उन्हें अंदर जाने नहीं दिया। उनका कहना था कि वे आईएसबीटी और माता मंदिर मुख्यालय गए थे तो उनसे नए भवन में जाने को कहा और यहां जाने नहीं दिया जा रहा है।

### बुजुर्ग की मौत की जांच की मांग

कांग्रेस नेता दीपक गुप्ता का कहना है कि बुजुर्ग की मौत की जांच के अलावा नए भवन के निर्माण कार्यों में की गई लापरवाही की जांच होना चाहिए। दोषियों पर कार्रवाई होना चाहिए। **निगम का तर्क**-नए भवन में अभी वर्किंग शुरू ही नहीं हुई है। आवाजाही पर रोक नहीं लगाई है।

## पतंजलि दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट के प्रयासों से जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं जागरुकता का विस्तार

# योग, आयुर्वेद और प्राकृतिक जीवनशैली के माध्यम से स्वास्थ्य क्रांति लाना हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है: योगऋषि स्वामी रामदेव

**पतंजलि का संकल्प है कि योग का प्रकाश देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे: आचार्य बालकृष्ण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरिद्वार / उत्तराखंड

जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की महत्वाकांक्षी "जनजातीय आदि ग्राम परियोजना" के अंतर्गत उत्तराखंड के 64 चयनित गांवों में जनजातीय समुदाय के स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वावलंबन एवं सामाजिक सशक्तिकरण के लिए व्यापक कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इस परियोजना का क्रियान्वयन पतंजलि दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट, हरिद्वार द्वारा किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में महिला पतंजलि योग समिति के सहयोग से ग्राम बनासखेड़ा में एक भव्य निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय जनजातीय समुदाय के लोगों -विशेष रूप से महिलाओं, युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



इस अवसर पर योगऋषि स्वामी रामदेव ने अपने संदेश में कहाकि योग भारत की प्राचीन एवं दिव्य जीवन पद्धति है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाती है। पतंजलि का संकल्प है कि योग का प्रकाश देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि जनजातीय समाज हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण आधार है। ग्राम बनासखेड़ा में आयोजित यह योग शिविर जनजातीय समाज में सकारात्मक परिवर्तन और स्वस्थ जीवनशैली के प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। परियोजना के अंतर्गत गांवों में नियमित रूप से निःशुल्क योग शिविर, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, प्राकृतिक चिकित्सा परामर्श एवं जीवनशैली सुधार अभियान आयोजित किए जा रहे हैं, जिनसे जनजातीय समुदाय को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है।ग्राम बनासखेड़ा में आयोजित इस योग शिविर से ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है तथा योग और प्राकृतिक जीवनशैली को अपनाने की प्रेरणा मिली है।

### इस पुस्तक में विकास का विजन

# मुख्यमंत्री ने किया 'शेपिंग टुमोरोज सिटीज-फ्रॉम क्लाइमेट रिस्क टू ग्रीन अपॉर्च्युनिटीज' पुस्तक का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गांधीनगर



मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने 'शेपिंग टुमोरोज सिटीज' - फ्रॉम क्लाइमेट रिस्क टू ग्रीन अपॉर्च्युनिटीज' पुस्तक का गांधीनगर में विमोचन किया। आधुनिक समय में बदलती दुनिया में शहरीकरण सबसे अधिक परिवर्तनकारी प्रक्रिया है। इसे समस्या नहीं बल्कि सस्टेनेबल, क्लाइमेट रेजिलिएंट और इनोवेटिव सिटीज के रूप में विकसित करने की संभावनाओं का इस पुस्तक में विस्तृत वर्णन किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शहरीकरण की चुनौतियों को अवसर में बदलने के दिए गए मार्गदर्शन को गुजरात ऊर्जा विकास निगम की प्रबंध निदेशक शालिनी अग्रवाल ने विश्व के विभिन्न देशों के अर्बन डेवलपमेंट और अर्बनाइजेशन के अनुरूप भविष्य के शहरी विकास के विजन के साथ इस पुस्तक में सटीक रूप से शामिल किया है।

### पुस्तक में शहरीकरण, ऊर्जा मांग, समाधान के विचार शामिल

इस पुस्तक में तेजी से बढ़ते शहरीकरण के कारण आने वाले समय में पर्यावरण और सामाजिक चुनौतियों के लिए विशेष पूर्व योजना और नीति निर्माण के महत्व को भी शामिल किया गया है। इतना ही नहीं, इस पुस्तक में शहरीकरण के साथ बढ़ती ऊर्जा मांग, संसाधनों की खपत और ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन के कारण उत्पन्न होने वाले क्लाइमेट चेंज के प्रभावों के समाधान के विचारों को भी शामिल किया गया है। पुस्तक में बताया गया है कि क्लाइमेट रेजिलिएंट इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए ग्रीन बॉन्ड, पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप, कार्बन मार्केट और क्लाइमेट फाइनेंस जैसे प्रयासों के माध्यम से बड़े पैमाने पर निवेश प्राप्त किया जा सकता है। इन साधनों के द्वारा शहर आवश्यक पूंजी एकत्र कर सकते हैं।

# अप्रावा एनर्जी ने सीडब्ल्यूएल के साथ की 'एम्पावरिंग चैंपियंस ऑफ चेंज' पहल शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इंटीग्रेटेड एनर्जी सॉल्यूशंस प्रदान करने वाली भारत की अग्रणी कंपनी अप्रावा एनर्जी ने सीआईआई फाउंडेशन और सीआईआई सेंटर फॉर वीमेन लीडरशिप (सीडब्ल्यूएल) के साथ मिलकर अपने 'एम्पावरिंग चैंपियंस ऑफ चेंज' प्रोग्राम के तहत मध्यप्रदेश की 15 अग्रणी महिलाओं की पहचान की है। इस पहल के माध्यम से इन महिलाओं को लीडरशिप ट्रेनिंग दी जाएगी। इसका उद्देश्य पूरे राज्य में हाशिए पर जी रहे समुदायों के 15,000 से ज्यादा लोगों पर सकारात्मक प्रभाव डालना है। ये महिलाएं मध्य प्रदेश के भोपाल, दतिया, शिवपुरी, सिहोर, होशंगाबाद, देवास, बेतुल, शाजापुर, गुना और ग्वालियर जिलों का प्रतिनिधित्व करती हैं।




अप्रावा एनर्जी के दीपा सेबेस्टियन ने कहा कि जमीनी स्तर पर कार्यरत ये महिलाएं समावेशी विकास की शक्तिशाली वाहक हैं। सीडब्ल्यूएल की एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर शिवानी कुमार ने कहाकि यह पहल मध्य प्रदेश में जमीनी स्तर पर महिला नेतृत्व की नई पीढ़ी तैयार कर रही है।

### वाहन मालिकों और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए कीमतें यथावत

# राहत: अडाणी टोटल गैस ने नहीं बढ़ाई सीएनजी और घरेलू पीएनजी की कीमतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अडाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) ने सीएनजी और घरों में पाइप से मिलने वाली रसोई गैस (पीएनजी) की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। हालांकि पश्चिम एशिया संकट के कारण गैस आपूर्ति प्रभावित होने के बीच कंपनी ने कुछ बड़े औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए गैस आपूर्ति पर सीमाएं लगा दी हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि एटीजीएल की लगभग 70 प्रतिशत गैस घरेलू स्रोतों से आती है और इसे सीएनजी उपयोगकर्ताओं तथा घरों में रसोई के लिए उपयोग होने वाली पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी-डोमेस्टिक) उपभोक्ताओं को आपूर्ति की जाती है। इन वाहन मालिकों और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए कीमतें यथावत रखी गई हैं।

### औद्योगिक ग्राहकों से कहा- अनुबंधित गैस उपयोग को घटाकर 40 प्रतिशत तक करें

अडाणी ग्रुप और फ्रांसीसी ऊर्जा कंपनी टोटा एनर्जी के संयुक्त उपक्रम एटीजीएल अपनी शेष लगभग 30 प्रतिशत गैस आयातित एलएनजी के माध्यम से प्राप्त करता है, जिसे वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं को आपूर्ति किया जाता है। पश्चिम एशिया में बढ़ते युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही रुक गई है। यही संकरा समुद्री मार्ग है जिसके जरिए भारत को कच्चे तेल और एलएनजी की बड़ी मात्रा मिलती है। अधिकारी ने बताया कि ग्राहक 40 प्रतिशत की सीमा तक गैस उपयोग पर अपने अनुबंधित दरों पर ही बिल का भुगतान करेंगे।

## खबर संक्षेप

### सैमसंग का कॉम्पैक्ट 60डब्ल्यू पावर अडैप्टर पेश

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने अपने नए 60डब्ल्यू पावर अडैप्टर की उपलब्धता की घोषणा की है। यह अडैप्टर बिजली की बर्बादी और चार्जरों के झंझट को कम करते हुए कई तरह के डिवाइस को तेजी से चार्ज करता है। यह घर पर या यात्रा के दौरान रोजमर्रा की चार्जिंग जरूरतों के लिए एक अधिक ऊर्जा-कुशल समाधान है।




### होंडा ने की 5.67 लाख यूनिट की बिक्री

**गुरुग्राम।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने फरवरी 2026 में कुल 5,67,351 यूनिट की बिक्री दर्ज की। इसमें 5,13,190 यूनिट घरेलू बाजार में और 54,161 यूनिट निर्यात के रूप में शामिल हैं। कंपनी ने फरवरी 2025 की तुलना में 34 फीसदी की सालाना वृद्धि दर्ज की। यह प्रदर्शन घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में एचएमएसआई के उत्पाद पोर्टफोलियो की मजबूत मांग को दर्शाता है।

### सी-सीरीज में रियलमी सी83 5जी स्मार्टफोन लांच

**नई दिल्ली।** रियलमी ने आज अपनी सी-सीरीज़ में रियलमी सी83 5जी का लांच किया। यह बजट स्मार्टफोन 13,499 की शुरुआती कीमत पर फ्लिपकार्ट और रियलमी स्टोर पर उपलब्ध होगा। यह स्मार्टफोन उन यूजर्स के लिए है, जो एंड्योरेंस के साथ विश्वसनीयता पसंद करते हैं। इसलिए रियलमी सी83 5जी में सेगमेंट की सबसे शक्तिशाली 7000 एमएमएच बैटरी के साथ 144 हर्ट्ज़ का डिस्प्ले दिया गया है।

### 'संकल्प' का ट्रेलर एमेजन एमएक्स पर रिलीज

**मुंबई।** एमेजन एमएक्स प्लेयर ने अपनी आगामी सामाजिक-राजनीतिक थ्रिलर सीरीज संकल्प का दमदार ट्रेलर लांच किया। इस सीरीज के साथ दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर अपना बहुप्रतीक्षित स्ट्रीमिंग डेब्यू कर रहे हैं। ट्रेलर दर्शकों को एक ऐसे संसार की झलक देता है, जो तीन शक्तियों: संस्कार, सत्ता और समर्पण से संचालित होता है।

### हंगामा ओटीटी ने पेश किया बेगम ऑफ क्राइम

**मुंबई।** हंगामा ओटीटीने अपनी नई ओरिजिनल सीरीज बेगम ऑफ क्राइम को मार्च 2026 को लांच किया। यह सीरीज महत्वाकांक्षा, सर्वाइवल और ताकत की कीमत की। एक रोमांचक कहानी पेश करती है, जो क्राइम थ्रिलर जॉनर में नया स्तर तय करती है। बेगम ऑफ क्राइम महत्वाकांक्षा की। सायकोलॉजी, सम्मान पाने की बेचैनी और एम्पावरमेंट व डिस्ट्रक्शन के बीच की पतली रेखा को गहराई से दिखाती है।

### कैंसर और एचपीवी वैक्सीनेशन से जुड़ी अहम जानकारी दी

# एलएनसीटी कॉलेज परिसर में ब्रेस्ट कैंसर जागरुकता और एचपीवी वैक्सीनेशन कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के रायसेन रोड स्थित एलएनसीटी कॉलेज परिसर में महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर एक महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। डीके सोशल वेलफेयर ग्रुप और एलएनसीटी कॉलेज के संयुक्त सहयोग से आयोजित इस कैंप में ब्रेस्ट कैंसर और एचपीवी वैक्सीनेशन से जुड़ी अहम जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लेकर स्वास्थ्य जांच और जागरूकता सत्रों का लाभ उठाया।



### महिलाओं को सिखाई गई एसबीई तकनीक

शिविर के दौरान 500 से अधिक महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर की शुरुआती पहचान के लिए सेल्फ ब्रेस्ट एग्जामिनेशन (एसबीई) की सही प्रक्रिया समझाई गई। डॉक्टरों ने बताया कि यदि महिलाएं स्वयं जांच करना सीख लें तो कैंसर के शुरुआती संकेत समय रहते पकड़ में आ सकते हैं। इसके साथ ही ब्रेस्ट कैंसर के प्रमुख लक्षण, जोखिम कारक, बचाव के तरीके और समय पर जांच कराने के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई।

### किया जा सकता है खतरे को कम

कार्यक्रम में महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर के खतरे और उससे बचाव के उपायों के बारे में भी जागरूक किया गया। डॉक्टरों ने बताया कि एचपीवी संक्रमण इस कैंसर का प्रमुख कारण है और सही उम्र में टीकाकरण कराकर इसके खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। विशेषज्ञों ने महिलाओं और अभिभावकों से अपील की कि वे एचपीवी वैक्सीनेशन के बारे में सही जानकारी लें।

### अनुभवी डॉक्टरों के मार्गदर्शन में हुआ आयोजन

*इस सामाजिक पहल का नेतृत्व डॉ. अचिंत्य जैन (संस्थापक एवं चेयरपर्सन) और डॉ. आर्यन गर्ग (सीईओ) ने किया। कार्यक्रम का संचालन और मार्गदर्शन अशोक राय, डॉ. अभय कुमार चौधरी (डायरेक्टर, जेके हॉस्पिटल), डॉ. प्रिया कुशवाह (कंसल्टेंट सर्जन), डॉ. संदीप सिंह (मेडिको लीगल एक्सपर्ट) और डॉ. नेहा पीएस (असिस्टेंट प्रोफेसर, ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी) के निर्देशन में किया गया।*

# एआई युग सिर्फ अपग्रेड नहीं, पूरी इकोनॉमी का रीसेट : जियो

हरिभूमि न्यूज ⏭ बार्सिलोना

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दौर टेलीकॉम सेक्टर के लिए सिर्फ टेक्नोलॉजी अपग्रेड नहीं, बल्कि इकोनॉमी और बिज़नेस मॉडल का रीसेट है। मैथ्यू ओमेन, ग्रुप सीईओ, जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड ने मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस बार्सिलोना में कहा कि दुनिया अब "मिनट्स और




बाइट्स" से आगे बढ़कर "टोकन्स और इंटेलिजेंस" की नई इकोनॉमी में प्रवेश कर रही है। ओमेन के मुताबिक, इंडस्ट्रियल एरा प्रोडक्शन पर आधारित था, इंटरनेट एरा ने कनेक्टिविटी और क्लाउड दिया, लेकिन एआई एरा इकोनॉमिक इक्वेशन को पूरी तरह बदल देगा। "यह अपग्रेड साइकिल नहीं है, यह एक कंप्लीट रीसेट है, उन्होंने कहा। वैश्विक स्तर पर एआई में ट्रिलियन डॉलर का निवेश इस बदलाव की गंभीरता दिखाता है। मैथ्यू ओमेन ने कहा कि यह बदलाव टेलीकॉम इंडस्ट्री के लिए सबसे बड़ा अवसर है। जियो खुद को सिर्फ नेटवर्क प्रोवाइडर के रूप में नहीं, बल्कि 'इंटेलिजेंस ग्रिड' के बिल्डर के रूप में देखता है। टेलीकॉम की करेंसी मिनट्स से बाइट्स और अब टोकन्स की ओर शिफ्ट हो रही है।

## बिजनेस न्यूज

### सोनालीका ने अब तक की सर्वाधिक 12,890 कुल ट्रैक्टर बिक्री




**नई दिल्ली ।** सोनालीका ट्रैक्टर्स ने एक और सुनहरा अध्याय जोड़ते हुए वित्त वर्ष '26 में फरवरी माह की अब तक की सर्वाधिक 12,890 ट्रैक्टरों की कुल बिक्री दर्ज की है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि बड़े स्तर पर मजबूत कार्या नीति और कंपनी के मूल विश्वास 'जीतने का दम' का प्रमाण है जो किसानों के उज्ज्वल भविष्य की ताकत है। आज जब देश में आधुनिक कृषि तकनीक से उन्नत और किफायती कृषि रही है, सोनालीका इनोवेशन, किसानों से गहरा जुड़ाव और मजबूत बाजार पहुंच के साथ लगातार आगे बढ़ रही है। भारत का कृषि क्षेत्र इस समय एक महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है, जहां सरकारी नीतियों का सहयोग, डिजिटल पहल के माध्यम से बढ़ता मशीनीकरण, आसान ऋण सुविधा और ग्रामीण बुनियादी ढांचे में निवेश किसानों की आय और उत्पादकता को मजबूत बना रहे हैं। रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने कहा कि असली 'जीतने का दम' हमेशा उन किसानों में रहा है, जो हर दिन अपने खेतों में प्रगति बोते हैं। 30वें वर्ष के फरवरी माह में 12,890 ट्रैक्टरों की रिकॉर्ड बिक्री हमारे लिए बेहद खास है।

### एक्सिस बैंक बना टेस्ला का प्राथमिक फाइनेंसर उपलब्ध कराएगा ईवी ऋण



**मुंबई ।** एक्सिस बैंक ने घोषणा की है कि वह टेस्ला के लिए पसंदीदा फाइनेंसर (वित्तपोषक) बन गया है, जो टेस्ला के ग्राहकों को उनकी जरूरत के अनुरूप फाइनेंसिंग (ऋण) समाधान और वाहन खरीद का बेहतरीन अनुभव प्रदान करेगा। यह गठजोड़ देश भर में लागू होगा और इसके तहत बड़े महानगरों तथा उभरते इलेक्ट्रिक हब के ग्राहकों को विश्वसनीय तरीके से टेस्ला कार खरीदने के लिए आसान, डिजिटल प्रक्रिया आधारित ऋण विकल्प मिलेंगे। एक्सिस बैंक के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, मुनीश शारदा ने इस गठजोड़ पर अपनी टिप्पणी में कहाकि भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का तेजी विस्तार हो रहा है, ऐसे में एक्सिस बैंक को इस प्रक्रिया को तेज करने में मदद करने के लिए टेस्ला के साथ गठजोड़ करने पर गर्व है।

### एबीएफआरएल के 'तस्वा' और तरुण तहिलियानी ने मध्य भारत में खोला स्टोर




**ग्वालियर।** आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड (एबीएफआरएल) और डिजाइनर तरुण तहिलियानी के उत्कृष्ट भारतीय पुरुष परिधान ब्रांड तस्वा ने ग्वालियर में अपना पहला स्टोर लांच कर मध्य भारत में अपनी उपस्थिति को और मजबूत किया है। यह लॉन्च भारतीय 'ओकेशन वियर' (खास मौकों के परिधान) की एक आधुनिक व्याख्या को इस ऐतिहासिक शहर में लेकर आया है। गोविंदपुरी में स्थित और 2,550 वर्ग फुट में फैला यह स्टोर पुरुषों के लिए 'ओकेशन वियर' का एक संपूर्ण वॉर्डरोब पेश करता है, जिसमें कुर्ते और बंडी से लेकर शेरवानी, बंधगला और अचकन तक सब कुछ शामिल है। तस्वा के चीफ डिजाइन ऑफिसर तरुण तहिलियानी ने कहाकि ग्वालियर और व्यापक मध्य प्रदेश क्षेत्र में उत्सवों की एक बहुत ही समृद्ध संस्कृति है, जहाँ कपड़े व्यक्तिगत पहचान और गरिमा को व्यक्त करने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। साथ ही, आज के युवा उपभोक्ताओं के नजरिये में भी बदलाव आया है। तस्वा के ब्रांड हेड आशीष मुकुल ने कहाकि प्रीमियम ओकेशन वियर के लिए ग्वालियर एक उच्च क्षमता वाला बाजार है। यहां शादियां कई दिनों तक चलने वाले भव्य समारोह होते हैं।

### अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में 'वी' 5जी सेवा हुआ लाइव

**अमृतसर।** अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने अमृतसर के प्रतिष्ठित स्वर्ण मंदिर में 5जी सेवाओं के लांच के साथ पंजाब में अपने 5जी फुटप्रिंट को और बढ़ा लिया है। यह शुरूआत एक ऐसे स्थान पर हाई-स्पीड कनेक्टिविटी को सहज बनाने के लिए की गई है, जहां रोज़ाना 1.5 लाख से अधिक श्रद्धालु और आगंतुक आते हैं। अमृतसर का स्वर्ण मंदिर दुनिया के ऐसे धार्मिक स्थलों में से एक है, जहां सबसे ज़्यादा श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं, साथ ही इसे दुनिया की सबसे बड़ी कम्युनिटी किचन यानि लंगर सेवा के लिए भी जाना जाता है। ऐसे में भीड़-भाड़ भरे इस क्षेत्र में डेटा की मांग बहुत अधिक रहती है। नेटवर्क के इस विस्तार से स्वर्ण मंदिर, अमृतसर आने वाले वी के यूज़र बेहतर मोबाइल ब्रॉडबैण्ड स्पीड, कम लेटेंसी और ज़्यादा भरोसेमंद कनेक्टिविटी का लाभ उठा सकते हैं। इस तरह भीड़-भाड़ भरे इस इलाके में उनके लिए मोबाइल सेवाओं का अनुभव और भी बेहतर हो जाएगा।

### आईएमआर ग्रुप ने स्टील एक्सचेंज में किया 300 करोड़ रु. का निवेश

**नई दिल्ली।** आईएमआर ग्रुप ने स्टील एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड में शेयर वारंट की सदस्यता के माध्यम से 300 करोड़ रुपए के रणनीतिक निवेश की घोषणा की। यह निवेश आईएमआर की भारतीय इकाइयों इंडिया कोक एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड और आईएमआर स्टील प्राइवेट लिमिटेड के जरिए किया जाएगा। यह पूंजी निवेश सील के संचालन को मजबूत करेगा, उसके ऋण ढांचे को बेहतर बनाएगा और कंपनी को तेज़ी से विकास के लिए तैयार करेगा। यह कदम आईएमआर की फॉरवर्ड इंटीग्रेशन रणनीति और भारत के तेजी से बढ़ते इस्पात क्षेत्र में उसके विस्तार के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। स्विट्जरलैंड मुख्यालय वाला आईएमआर ग्रुप 17 से अधिक देशों में संचालन करता है और वैश्विक खनिज व्यापार, खनन तथा डाउनस्ट्रीम इस्पात उत्पादन को समाहित करने वाला एक पूर्णतः एकीकृत धातु प्लेटफॉर्म संचालित करता है। इस निवेश के माध्यम से आईएमआर मेटलर्जिकल कोक, कोकिंग कोल, नॉन-कोकिंग कोल जैसे महत्वपूर्ण कच्चे माल की वैश्विक सोर्सिंग क्षमताओं का उपयोग, सुरक्षा और प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करेगा।


**बैंक आफ महाराष्ट्र**
(भारत सरकार का उद्यम)
www bankofmaharashtra in

अंचल कार्यालय :
1/14 प्रशासनिक जोन, अरेरा हिल्स,
भोपाल-462011

**आधिपत्य सूचना (स्थावर संपत्ति) नियम-8 (1)**

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन एवं प्रतिभूति-हित-का प्रवर्तन अधिनियम 2002 अन्तर्गत एवं धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूहित हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्न वर्णित दिनांक को मांग सूचना पत्र को जारी किया जिसमें निम्नवर्णित ऋणी एवं जमानतदार को नोटिस में निम्न वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चों सहित नोटिस प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। यह सूचना पत्र रजिस्टर्ड डाक एवं हैंड डिलेवरी द्वारा भेजा गया था। ऋणी द्वारा राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी एवं आमजनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम के नियम 8 के अधीन निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित संपत्तियों का **कब्जा** निम्नवर्णित दिनांक को ले लिया गया है । ऋणी एवं जमानतदार को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई भी व्यवहार निम्न वर्णित राशि के लिए **बैंक ऑफ महाराष्ट्र, संबंधित शाखा** के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगा। उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

| उधारकर्ता एवं जमानतदार का नाम एवं पता | बंधक रखी संपत्ति के विवरण | बकाया राशि |
|---|---|---|
| **बैरागढ़ शाखा, बैरागढ़** | | |
| **1. मेसर्स शिवाय एंटरप्राइजेज** (पार्टनरशिप फर्म) (ऋणी)<br>**पता 1:** औद्योगिक प्लॉट नंबर 12/1 पीएच नंबर 12, ग्राम पीपलखिरिया, टोल टैक्स प्लाजा के पास, भोपाल रायसेन रोड, तहसील एवं जिला-रायसेन<br>**पता 2:** एलआईजी 20, बी-सेक्टर, सोनागिरी, रायसेन रोड, भोपाल, म.प्र.-462023<br>**पता 3:** ए/301, देवश्रुशिति सीएचएस, वृन्दावन बस के पास, ठाणे पश्चिम, ठाणे, महाराष्ट्र-400601<br>पार्टनर्सः- **a) श्री अमित नरखेड़े पुत्र श्री कमलाकर नायू नरखेड़े**<br>**पता 1:** LIG 20, बी-सेक्टर, सोनागिरी, रायसेन रोड, भोपाल, म.प्र. -462023<br>**पता 2:** सी 96, मैट्रिक्स होम्स, ऑप. सीएम पटेल फार्म, कलाली गांव, असोपलाव क्लब अपार्टमेंट के पास, वडोदरा, गुजरात- 390012<br>**b) श्री प्रसाद अनाओकर पुत्र श्री आर. आर. अनाओकर**<br>**पता 1:** LIG 20, बी-सेक्टर, सोनागिरी, रायसेन रोड, भोपाल, म.प्र. -462023<br>**पता 2:** ए/301, देवश्रुशिति सीएचएस, वृन्दावन बस के पास, ठाणे पश्चिम, ठाणे, महाराष्ट्र-400601<br>**2. श्रीमती अपेक्षा बेलसारे पत्नी श्री प्रसाद अनाओकर** (जमानतदार)<br>**पता 1:** LIG 20, बी-सेक्टर, सोनागिरी, रायसेन रोड, भोपाल, म.प्र.- 462023<br>**पता 2:** ए/301, देवश्रुशिति सीएचएस, वृन्दावन बस के पास, ठाणे पश्चिम, ठाणे, महाराष्ट्र-400601<br>**3. श्री देवाशीष बेलसरे पुत्र श्री सतीश बेलसरे** (जमानतदार), पताः आर-51, स्कीम नंबर 77, मंगलमूर्ति नगर, मयूर हॉस्पिटल के पास इंदौर, म.प्र.-452018<br>**4. श्रीमती मेघा नरखेड़े पत्नी श्री अमित नरखेड़े** (जमानतदार)<br>**पता 1:** LIG 20, बी-सेक्टर, सोनागिरी, रायसेन रोड, भोपाल, म.प्र.<br>**पता 2:** सी 96, मैट्रिक्स होम्स, ऑप. सीएम पटेल फार्म, कलाली गांव, असोपलाव क्लब अपार्टमेंट के पास, बडोदरा, गुजरात- 390012 | 1. बैंक वित्त से खरीदी जाने वाली परिसंपत्तियों का दृष्टिबंधक<br>**Cersai Asset ID - 200074468971**<br>2. स्टॉक और बही ऋणों का दृष्टिबंधन<br>**Cersai ID- 200077286226**<br>2. संपत्ति का समस्त भू भाग लीजहोल्ड भूमि स्थित निर्मित प्लाट नं. 12/1, औद्योगिक क्षेत्र, ग्राम पीपलखिरिया, पटवारी हल्का क्रमांक 12, तहसील एवं जिला रायसेन क्षेत्रफल 24,963 वर्गफीट<br>**चर्तुसीमाएंः** -उत्तर- प्लॉट क्रमांक 11, दक्षिण- प्लॉट क्रमांक 12/2, पूर्व- वन भूमि, पश्चिम- सड़क<br>**संपत्ति मालिक- मेसर्स शिवाय एंटरप्राइजेज (पार्टनरशिप फर्म) द्वारा पार्टनर- श्री अमित नरखेड़े पुत्र श्री कमलाकर नाथू नरखेड़े और श्री प्रसाद अनावकर पुत्र श्री आर. आर. अनावकर**<br>**Cersai Asset ID- 200088769519** | ₹ **2,14,21,807.41**<br>+ दिनांक 13/01/2025 से अप्रभारित ब्याज एवं पेनल खर्च<br>मांग सूचना दिनांक 13/01/2025<br>कब्जा दिनांक 02/03/2026<br>**भौतिक कब्जा** |
| **मंडीदीप शाखा, मंडीदीप** | | |
| **1. मैसर्स गृहलक्ष्मी मल्टी वेंचर्स प्रा. लिमिटेड** (ऋणी)<br>**पता 1:** 63 बी इंद्रविहार कॉलोनी स्पंदन अस्पताल के पास, लालघाटी, एयरपोर्ट रोड, हुजूर भोपाल, म.प्र.-462030<br>डायरेक्टर का नामः<br>**a) श्रीमती नीलम गुप्ता पत्नी श्री राजेश गुप्ता**<br>**पता 1:** 63 बी इंद्रविहार कॉलोनी स्पंदन अस्पताल के पास लालघाटी, एयरपोर्ट रोड, हुजूर भोपाल, म.प्र. 462030<br>**पता 2:** 64 ए पंचवटी कॉलोनी एयरपोर्ट रोड, हुजूर भोपाल, म.प्र.-462030<br>**b) श्रीमती सविता मेहता पत्नी श्री संजीव कुमार गुप्ता**<br>**पता 1:** 63 बी इंद्रविहार कॉलोनी स्पंदन अस्पताल के पास लालघाटी, एयरपोर्ट रोड, हुजूर भोपाल, म.प्र.- 462030<br>**पता 2:** 188- सिंधु साम्राज्य, त्रिलंगा, कैनाल रोड, शाहपुरा, हुजूर भोपाल, एम.पी.-462039<br>**2. श्रीमती सविता मेहता पत्नी श्री संजीव कुमार गुप्ता** (जमानतदार)<br>**पता 1:** 63 बी इंद्रविहार कॉलोनी स्पंदन अस्पताल के पास लालघाटी, एयरपोर्ट रोड, हुजूर भोपाल, म.प्र. 462030<br>**पता 2:** 188- सिंधु साम्राज्य, त्रिलंगा, कैनाल रोड, शाहपुरा, हुजूर भोपाल, म.प्र.-462039<br>**2. श्रीमती नीलम गुप्ता पत्नी श्री राजेश गुप्ता** (जमानतदार)<br>**पता 1:** 63 बी इंद्रविहार कॉलोनी स्पंदन अस्पताल के पास लालघाटी, एयरपोर्ट रोड, हुजूर भोपाल, म.प्र. 462030<br>**पता 2:** 64ए पंचवटी कॉलोनी एयरपोर्ट रोड, हुजूर भोपाल, म.प्र.-462030<br>4. **श्री राजेश गुप्ता पुत्र श्री कैलाश नारायण गुप्ता** (जमानतदार)<br>**पता 1:** 64-ए एयरपोर्ट रोड, गार्डन नंबर-2 के पास, पंचवटी, हुजूर, भोपाल, म.प्र.-462030<br>**पता 2:** 63-बी, इंद्रविहार कॉलोनी, स्पंदन अस्पताल के पास, लालघाटी, एयरपोर्ट रोड, हुजूर भोपाल, म.प्र.-462030 | 1) संपत्ति का समस्त भू भाग आवासीय डायवर्टेड प्लॉट जिसका खसरा नंबर 7/4 क्षेत्रफल 0.130 हेक्टेयर है एवं खसरा नंबर 5/3 क्षेत्रफल- 0.344 हेक्टेयर अर्थात कुल क्षेत्रफल 0.474 हेक्टेयर, ग्राम चौधी, दुपाडिया भील (एमपीआईजीआर दिशानिर्देश योजना क्षेत्र, पी.एच.नं.-25 के अनुसार) तह.- सीहोर, जिला सीहोर म.प्र.<br>**चर्तुसीमाएँः** पूर्व-सरकार भूमि तुम्दा रोड (जिला रोड), पश्चिम-खसरा नं. 188/2 एवं मूलचंद की भूमि, उत्तर-श्याममंगल, अनिल अग्रवाल एवं अन्य की भूमि, दक्षिण-खसरा नं.-7/3<br>**संपत्ति मालिक- श्रीमती नीलम गुप्ता पत्नी श्री राजेश गुप्ता**<br>**Cersai Asset ID - 200084074088**<br>2) संपत्ति का समस्त भू भाग आवासीय डायवर्टेड प्लॉट जिसका खसरा नंबर 5/4 क्षेत्रफल 0.172 हेक्टेयर है एवं खसरा नंबर 5/5 क्षेत्रफल- 0.172 हेक्टेयर अर्थात कुल क्षेत्रफल 0.344 हेक्टेयर, ग्राम चौधी, दुपाडिया भील (एमपीआईजीआर दिशानिर्देश योजना क्षेत्र, पी.एच.नं.-25 के अनुसार) तह.- सीहोर, जिला सीहोर म.प्र.<br>**चर्तुसीमाएँः** पूर्व-सरकार भूमि तुम्दा रोड (जिला रोड), पश्चिम-काकड़, उत्तर-अन्य की भूमि, दक्षिण-खसरा नं.-7/3क<br>**संपत्ति मालिक- श्रीमती नीलम गुप्ता पत्नी श्री राजेश गुप्ता**<br>**Cersai Asset ID -200084074088**<br>3) संपत्ति का समस्त भू भाग आवासीय डायवर्टेड प्लॉट जिसका खसरा नंबर 188/5 क्षेत्रफल 1.60 एकड़ अर्थात 0.647 हेक्टेयर, ग्राम अमरोद, पटवारी हल्का नंबर-26, तह.-सीहोर, जिला - सीहोर म.प्र.<br>**चर्तुसीमाएँः** पूर्व- अन्य की जमीन, पश्चिम- बैलगाड़ी का कच्चा रास्ता, उत्तर- अन्य की जमीन, दक्षिण- खसरा नं.-188/2<br>**संपत्ति मालिक- श्रीमती नीलम गुप्ता पत्नी श्री राजेश गुप्ता**<br>**Cersai Asset ID -200084034260**<br>4) संपत्ति का समस्त भू भाग आवासीय डायवर्टेड प्लॉट जिसका खसरा नंबर 188/6 क्षेत्रफल 0.478 हेक्टेयर, एवं खसरा नंबर 188/7 क्षेत्रफल 0.555 हेक्टेयर, इस प्रकार कुल 2 किता क्षेत्रफल 2.55 एकड़ अर्थात कुल क्षेत्रफल 1.033 हेक्टेयर ग्राम अमरोद, पटवारी हल्का नंबर-26, तह.- सीहोर, जिला- सीहोर म.प्र.<br>**चर्तुसीमाएँः** पूर्व- श्याममंगल एवं अनिल अग्रवाल की भूमि, पश्चिम-बैलगाड़ी का कच्चा रास्ता, उत्तर-अन्य की भूमि, दक्षिण-खसरा नं.-188/2<br>**संपत्ति मालिक- श्रीमती नीलम गुप्ता पत्नी श्री राजेश गुप्ता**<br>**Cersai Asset ID -200084034260**<br>5) संपत्ति का समस्त भू भाग आवासीय डायवर्टेड प्लॉट जिसका खसरा नंबर 188/3 क्षेत्रफल 0.00 एकड़ अर्थात क्षेत्रफल 0.809 हेक्टेयर। पटवारी हल्का नंबर-26, ग्राम अमरोद, तह.-सीहोर, जिला सीहोर म.प्र.<br>**चर्तुसीमाएँः** पूर्व-भैरव पांडे की भूमि, पश्चिम-बैलगाड़ी का कच्चा रास्ता, उत्तर- मनोहर सिंह की भूमि, दक्षिण-पांडेय जी की भूमि<br>**संपत्ति मालिक- श्रीमती नीलम गुप्ता पत्नी श्री राजेश गुप्ता**<br>**Cersai Asset ID -200084078546** | ₹ **50,353,424.68/-**<br>+ दिनांक 29/12/2025 से अप्रभारित ब्याज एवं पेनल खर्च<br>मांग सूचना दिनांक 29/12/2025<br>कब्जा दिनांक 06/03/2026<br>**सांकेतिक कब्जा** |
| **गोविन्दपुरा शाखा, भोपाल** | | |
| ऋणी :1) **मैसर्स वेगास प्रोपराइटर- श्री सार्थक ताम्रकार पुत्र गोपाल ताम्रकार**<br>**2) श्रीमती पद्मजा ताम्रकार**<br>सभी का पताः<br>**पता 1:-** चौथी मंजिल, अर्निंग प्वाइंट, मंदाकिनी चौराहा, कोलार रोड, भोपाल, म.प्र.-462024<br>**पता 2:-** सी-102, पैलेस ऑर्चर्ड कॉलोनी, कोलार रोड, भोपाल, म.प्र.-462001<br>**पता 3:-** रूफ टॉप ई-5/16, अरेरा कॉलोनी, भोपाल, म.प्र.-462016<br>**पता 4:-** फ्लैट नंबर जी 01, पृथ्वी एमरॉल्ड हाइट्स, प्लॉट नंबर 270, डीके 5, दानिश कुंज, राजहर्ष कॉलोनी, कोलार रोड, भोपाल म.प्र.-462042 | एक किता दुकान नंबर 05 जो प्लॉट नंबर 02 (वाणिज्यिक) पर बनी एक बहुमंजिला इमारत के भूतल पर है, जो खसरा नंबर 3,6/1/2/1,3,6/1/3/1 का भाग है। क्षेत्रफल- 17.75 वर्गमीटर, ग्राम- सनखेड़ी, 'विनीत कुंज', सेक्टर-बी, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल, मध्य प्रदेश में स्थित जो भोपाल नगर निगम की सीमा के भीतर स्थित है, दिशानिर्देशों के अनुसार वर्तमान वार्ड नंबर 83, चर्तुसीमाएंः पूर्वः गलियारा, पश्चिमः विक्रेता की संपत्ति, उत्तरः दुकान नंबर 04, दक्षिणः अन्य संपत्ति कमल सोलंकी का घर<br>**संपत्ति मालिक- श्री सार्थक ताम्रकार पुत्र गोपाल ताम्रकार**<br>**Cersai ID: 200067022231** | ₹ **1,536,763.58/-**<br>+ दिनांक 26.12.2025 से अप्रभारित ब्याज एवं पेनल खर्च<br>मांग सूचना दिनांक 26/12/2026<br>कब्जा दिनांक 05/03/2026<br>**सांकेतिक कब्जा** |

दिनांक : 07.03.2026
स्थानः भोपाल

(संजीव सज्जन)
मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी, आंचलिक कार्यालय, भोपाल

चिंतन

# भारत का ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना जरूरी

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने एक बार फिर वैश्विक ऊर्जा बाजार को अस्थिर कर दिया है। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ती टकराहट ने पूरी दुनिया को चिंतित कर दिया है। इस संघर्ष का सबसे बड़ा असर तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ सकता है। भारत जैसे विकासशील देश के लिए यह स्थिति विशेष रूप से संवेदनशील है, क्योंकि देश अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात के जरिए पूरा करता है। ऐसे में यह सवाल और अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है कि भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में जल्द से जल्द आत्मनिर्भर बनना होगा, ताकि किसी भी वैश्विक संकट के दौरान देश की अर्थव्यवस्था और आम जनता पर गंभीर असर न पड़े। दरअसल, वैश्विक राजनीति और ऊर्जा आपूर्ति का गहरा संबंध है। जब भी किसी क्षेत्र में युद्ध या तनाव बढ़ता है, उसका सीधा असर तेल और गैस की कीमतों पर पड़ता है। वर्तमान हालात में भी यही स्थिति दिखाई दे रही है। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण मिडिल ईस्ट क्षेत्र में ऊर्जा आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता पैदा हो गई है। इसका असर भारत जैसे देशों पर पड़ना स्वाभाविक है, क्योंकि भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेशों से मंगाता है। यदि यह संकट और बढ़ता है तो देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतें बढ़ सकती हैं, साथ ही आपूर्ति भी प्रभावित हो सकती है। इसी खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार ने समय रहते कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। सरकार ने देश की सभी ऑयल रिफाइनरी कंपनियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का निर्देश दिया है। इमरजेंसी पावर का इस्तेमाल करते हुए यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि देश में रसोई गैस की किल्लत न हो और उपभोक्ताओं को बिना रुकावट सिलेंडर मिल सके। हालांकि फिलहाल भारत को एक अस्थायी राहत भी मिली है। अमेरिका ने भारतीय रिफाइनरियों को रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए 30 दिन का विशेष लाइसेंस दिया है। यह लाइसेंस 3 अप्रैल तक वैध रहेगा, लेकिन यह राहत अस्थायी है और इससे यह भी स्पष्ट होता है कि ऊर्जा के मामले में भारत अभी भी अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक परिस्थितियों पर काफी हद तक निर्भर है। ऊर्जा क्षेत्र में यह निर्भरता भारत की संप्रभुता के लिए भी चुनौती बन सकती है। जब कोई देश अपनी मूलभूत जरूरतों के लिए दूसरों पर निर्भर रहता है तो कई बार उसे अंतरराष्ट्रीय दबावों का सामना करना पड़ता है और ब्लैकमेलिंग का शिकार होता है। रूस से तेल खरीदने के मुद्दे पर पहले भी भारत को वैश्विक दबाव झेलना पड़ा है। इसी तरह अमेरिका द्वारा टैरिफ की धमकी देना भी यह संकेत देता है कि आर्थिक और ऊर्जा निर्भरता किसी भी देश को कमजोर बना सकती है। इसलिए दीर्घकालिक समाधान यही है कि भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बने। इस संदर्भ में 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' का मुद्दा भी बेहद महत्वपूर्ण है। यह जलमार्ग फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का प्रमुख मार्ग माना जाता है। भारत के लिए यह मार्ग और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि देश अपनी जरूरत का लगभग 50 प्रतिशत कच्चा तेल और 54 प्रतिशत एलएनजी इसी रास्ते से आयात करता है। यदि ईरान और अन्य देशों के बीच तनाव के कारण यह मार्ग बाधित होता है तो भारत सहित पूरी दुनिया के लिए ऊर्जा संकट गहरा सकता है।



सियासत
उमेश चतुर्वेदी

दो दशकों से बिहार की सत्ता की धुरी रहे नीतीश कुमार की विदाई को लेकर सियासी गलियारों में जितनी हैरत जताई जा रही है। नीतीश ने कभी ऐसा जाहिर नहीं किया कि वे सत्ता से दूर हो सकते हैं। जिस तरह से नीतीश ने खुद को बिहार से दूर किया है, उससे लगता है कि दोनों दलों के शीर्ष नेतृत्व के बीच ऐसी समझ विकसित हो चुकी थी। चूंकि इसकी भनक बाहर नहीं लग पाई थी, इसलिए यह बदलाव लोगों को आसानी से पच नहीं रहा। नीतीश ने जिस जनता दल यू को सींचा-खड़ा किया है, उसका भी चरित्र कुछ-कुछ कांग्रेस की तरह हो गया है। जिस तरह नेहरू-गांधी परिवार कांग्रेस को एक रखने का चुंबक है, नीतीश ही जनता दल यू के लिए उसी तरह के चुंबक हैं।

# सवालों के घेरे में नीतीश की विदाई

दो दशकों से बिहार की सत्ता की धुरी रहे नीतीश कुमार की विदाई को लेकर सियासी गलियारों में जितनी हैरत जताई जा रही है, सवाल भी उतने ही उठ रहे हैं। बीस साल से कुछ ज्यादा वक्त से लगातार बिहार की सत्ता में बने रहे नीतीश का सियासी स्वभाव ही सवालों और आश्चर्य की वजह बना है। नीतीश ने जब से सत्ता संभाली है, उन्होंने कभी ऐसा जाहिर नहीं किया कि वे सत्ता से दूर हो सकते हैं। बीच में जीतन राम मांझी को नौ महीने के लिए सत्ता सौंपकर संन्यासी और बीतरागी जैसा दिखने की कोशिश उन्होंने जरूर की, लेकिन वह सिर्फ दिखावा था।

सत्ता का असल सूत्र उनके ही हाथ था। जब लगा कि मांझी उस सूत्र को काट कर स्वाधीन पहचान बनाने की कोशिश कर रहे हैं, उस धागे को काट सत्ता खुद थाम ली थी। नीतीश सत्ता को इतनी आसानी से छोड़ देंगे, इस पर आसानी से भरोसा न करने की वजह उनका अतीत रहा है। कभी जीन विवाद तो कभी किसी दूसरी वजह से उन्होंने अपनी पुरानी सहयोगी बीजेपी को छोड़ उस लालू का हाथ दो-दो बार थाम लिया, जिनके विरोध की बुनियाद पर ही उनकी राजनीति परवान चढ़ी। फिर जब उन्हें लगा कि लालू का साथ उनकी सियासी नैया को डुबो देगा तो फिर बीजेपी की ओर लौटने में भी उन्होंने देर नहीं लगाई। यह सियासी आवाजाही हर हाल में सत्ता पर पकड़ बनाए रखने की उनकी चाहत का ही प्रतीक लगती है। इसी वजह से उनकी विदाई को सहजता से स्वीकार करना कठिन हो रहा है। राजनीति का एक चरित्र है। अपने कदमों को लिए वह जिन कारणों को गिनाती है, हकीकत में वे कारण होते ही नहीं। नीतीश ने भी कहा है कि वे चाहते थे कि संसद के दोनों सदनों और विधानमंडल के दोनों सदनों के सदस्य बनें। विधानमंडल और लोकसभा के वे सदस्य रह चुके हैं, लेकिन राज्य सभा के वे सदस्य कभी रहे नहीं, इसलिए वे बिहार की राजनीति छोड़ राज्यसभा का सदस्य बनने जा रहे हैं। हो सकता है कि नीतीश की यह चाहत रही हो, लेकिन उनके बिहार को छोड़ने के पीछे का यह सच अधूरा है। विगत दो साल में नीतीश कुमार की जुबान कई बार फिसली है। उनकी हरकतें भी कई बार हास्यास्पद रही हैं। नीतीश की छवि ऐसे गंभीर शख्सियत की रही है, जो नाप-तोलकर बोलता है। इसी छवि ने गाहे-बगाहे फिसलती रही जुबान और उल-जलूल हरकतों के बावजूद उनके प्रति लोगों का सम्मान कम नहीं होने दिया है। इसी छवि के चलते विगत के बिहार चुनाव में एनडीए को भारी जीत भी मिली। इसके साथ ही यह भी मान लिया गया कि इन चुनावों के बाद नीतीश की विदाई भी हो सकती है। यह कहना मुश्किल है कि बीजेपी और जनता दल यू ने तय किया हो कि चुनाव बाद नीतीश हट जाएंगे या हटा दिए जाएंगे। जिस तरह से नीतीश ने खुद को बिहार से दूर किया है, उससे लगता है कि दोनों दलों के शीर्ष नेतृत्व के बीच ऐसी समझ विकसित हो चुकी थी। चूंकि इसकी भनक बाहर नहीं लग पाई थी, इसलिए यह बदलाव लोगों को आसानी से पच नहीं रहा।

नीतीश ने जिस जनता दल यू को सींचा-खड़ा किया है, उसका भी चरित्र कुछ-कुछ कांग्रेस की तरह हो गया है। जिस तरह नेहरू-गांधी परिवार कांग्रेस को एक रखने का चुंबक है, नीतीश ही जनता दल यू के लिए उसी तरह के चुंबक हैं। बेशक राजीव रंजन सिंह उर्फ लल्लन,



संजय झा, विजय चौधरी और अशोक चौधरी, नीतीश के बेहद करीब हैं। लेकिन इन चारों की समूचे जनता दल यू में स्वीकार्यता नहीं है। जदयू को एक नीतीश रख सकते हैं या उनके बेटे निशांत। जदयू को एक रखने के लिए निशांत का राजनीति में आना जरूरी है। राजनीति में उनके प्रवेश की अटकलें करीब दो वर्षों से लगाई जा रही हैं। नीतीश की छवि परिवारवाद विरोधी नेता की भी है। बिहार की राजनीति के केंद्र में उन्हें लाने के पीछे लालू के परिवारवाद पर उनका तीखा हमला भी रहा है। ऐसे में नीतीश के बाद सीधे निशांत की ताजपोशी उनकी छवि को नुकसान पहुंचा सकती थी, लिहाजा निशांत को उत्तराधिकार सौंपने के लिए ऐसी राह चुनी गई है, जिससे नीतीश को कम से कम नुकसान हो। इसलिए वे दिल्ली में राज्यसभा की शोभा बढ़ाने जा रहे हैं। इस कदम से निशांत को सीधे बिहार की सत्ता मिल भी नहीं रही और जदयू पर पकड़ के लिए मजबूत रस्सी भी थमाई जा रही है। बिहार इन दिनों आर्थिक संकट से गुजर रहा है। जीविका दीदियों के खाते में अब तक 18 हजार एक सौ करोड़ दिए जा चुके हैं। दो साल में करीब दो लाख कर्मचारियों की भर्ती के बाद राज्य का वेतन खर्च 70 हजार करोड़ से ज्यादा हो चुका है। पेंशन खर्च पैंतीस हजार करोड़ हो चुका है। राज्य का बजट तीन लाख 67 हजार करोड़ का है। इसमें से पैंसठ फीसद खर्च प्रतिबद्ध खर्च है यानी विकास और योजना पर। राज्य की आर्थिक स्थिति की गड़बड़ी के चलते लालू राज के बाद पहली बार वित्त विभाग को आदेश देना पड़ा है कि कर्मचारियों के वेतन खर्च के अलावा कोई भुगतान ना किया जाए। नीतीश को यह कठिनाई पता है।

बीजेपी को सत्ता सौंपने के पीछे उनका मकसद यह भी माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में राज्य के इस आर्थिक संकट को सत्ता के केंद्र में होने के चलते उसे भुगतना पड़ेगा। हो सकता है कि अपने लोगों के हाथ सत्ता होने के चलते बिहार को मोदी सरकार की ओर से केंद्रीय मदद मिल जाए। 1967 में आठ राज्यों में बनी संविद सरकारों में बीजेपी की पूर्ववर्ती पार्टी जनसंघ ने समाजवादी दलों का साथ दिया था। मध्य प्रदेश, राजस्थान और हिमाचल को छोड़ दें तो हर राज्य में समाजवादी दलों की वह सहयोगी रही। समाजवाद के साथ शुरू बीजेपी की यात्रा में धीरे-धीरे समाजवादी दलों का जनाधार छीजता चला गया। इस तरह उनका अस्तित्व ही खत्म हो गया। बीजेपी की इस वर्चस्ववादी यात्रा की राह में नीतीश का जनता दल यू और नवीन पटनायक का बीजू जनता दल रोड़ा रहा है। उड़ीसा के पिछले चुनाव में बीजेपी पटनायक को पटखनी दे चुकी है और अब नीतीश कुमार ने खुद ही कुर्सी खाली कर दी है। इस लिहाज से कह सकते हैं कि बिहार में बीजेपी का अगुआ बनने का सपना पूरा होने जा रहा है। नीतीश अब बिहार की सत्ता का अतीत हैं। उनकी उपलब्धियां भी कम नहीं हैं। नीतीश की एक और उपलब्धि यह है कि लगातार बीजेपी का साथ होने के बावजूद उन्होंने अपनी सरकार का समाजवादी स्वरूप बचाए रखा।

सुशासन और सरकार के समाजवादी स्वरूप के चलते नीतीश की राष्ट्रव्यापी छवि बनी। नीतीश की छवि तो बनी, लेकिन उन्होंने बिहार से बाहर अपना संगठन खड़ा नहीं किया। एक बार अरूणाचल में जदयू के 11 विधायक चुने गए, लेकिन उन्हें सहेजने में नीतीश की दिलचस्पी नहीं रही। इससे दुखी विधायक एक-एक कर पार्टी छोड़ गए। 2023 में इसी छवि के चलते उन्होंने इंडिया गठबंधन बनाने की कोशिश की, लेकिन कांग्रेस का अहं उनकी राह में आड़े आ गया। अगर कांग्रेस ने अपने नेतृत्व को आगे रखने की चाहत का बलिदान किया होता और नीतीश को संयोजक बना दिया होता, शायद इतिहास अलग होता।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विश्व अनाज दिवस
सुनील कुमार महला



# अन्न से आत्मनिर्भरता तक

अनाजों के महत्व, पोषण और खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 7 मार्च को विश्व अनाज दिवस (वर्ल्ड सीरियल डे) मनाया जाता है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि 'सीरियल' शब्द की उत्पत्ति प्राचीन रोमन देवी सेरेस के नाम से हुई है। दरअसल, रोमन पौराणिक कथाओं में सेरेस को खेती, फसल और मातृत्व की देवी माना जाता था और उन्हीं के सम्मान में अनाज को 'सीरियल' कहा जाने लगा। वैसे, गेहूं, चावल, मक्का, जौ और जई जैसे खाद्यान्न सीरियल्स की श्रेणी में आते हैं। 'विश्व अनाज दिवस' वस्तुतः खाद्य सुरक्षा की नींव को रेखांकित करता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि गेहूं, चावल, मक्का, जौ और बाजरा जैसे अनाज केवल भोजन नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के आधार स्तंभ हैं। उल्लेखनीय है कि आज विश्व की आधी से अधिक आबादी की दैनिक ऊर्जा आवश्यकताएं मुख्यतः तीन अनाजों-गेहूं, चावल और मक्का से ही पूरी होती हैं। यदि अनाज न हों, तो वैश्विक खाद्य सुरक्षा की कल्पना भी संभव नहीं। आज जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, जनसंख्या वृद्धि और भूख जैसी चुनौतियों का लगातार सामना कर रही है, तब अनाजों का महत्व और बढ़ जाता है। आज तापमान में वृद्धि, अनियमित वर्षा और सूखा जैसी परिस्थितियां विशेषकर गेहूं और चावल की पैदावार को प्रभावित कर रही हैं। ऐसे में टिकाऊ कृषि पद्धतियां अपनाना समय की आवश्यकता है। भारत के संदर्भ में देखें तो हमारा देश विश्व के प्रमुख गेहूं और चावल उत्पादक देशों में शामिल है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से करोड़ों लोगों तक सस्ती दरों पर अनाज पहुंचाया जाता है। हाल के वर्षों में मोटे अनाज-जैसे बाजरा, ज्वार और रागी आदि को पुनः प्रोत्साहित किया जा रहा है, क्योंकि ये पोषक तत्वों से भरपूर होने के साथ-साथ कम पानी में भी उगाए जा सकते हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारत की पहल पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2023 को 'अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष' घोषित किया, जिससे वैश्विक स्तर पर मोटे अनाजों के महत्व को नई पहचान मिली। 'विश्व अनाज दिवस' का उद्देश्य केवल उत्पादन बढ़ाना नहीं, बल्कि अनाजों के पोषण मूल्य, खाद्य अपव्यय रोकने, संतुलित आहार अपनाने और किसानों के परिश्रम के सम्मान के प्रति जागरूकता फैलाना भी है। वास्तव में यह दिवस कुपोषण और भूख की समस्या को कम करने, टिकाऊ कृषि (सस्टेनेबल एग्रीकल्चर) को बढ़ावा देने तथा खाद्य सुरक्षा में किसानों की भूमिका को रेखांकित करता है। इतिहास की दृष्टि से 'जौ' को दुनिया के सबसे प्राचीन खेती किए गए अनाजों में से एक माना जाता है, जिसके प्रमाण लगभग 10,000 वर्ष पुराने मिलते हैं। आज बाजरा, ज्वार और रागी जैसे मोटे अनाजों को 'फ्यूचर फूड' कहा जा रहा है। ये प्रायः ग्लूटेन-रहित होते हैं और आयरन व कैल्शियम जैसे पोषक तत्वों से समृद्ध होते हैं। पर्यावरणीय दृष्टि से भी कुछ अनाज अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। उदाहरण के लिए, 'पेरेनियल ग्रेन्स' (बारहमासी अनाज) ऐसी फसलें हैं जिन्हें हर वर्ष दोबारा बोने की आवश्यकता नहीं पड़ती। इनकी गहरी जड़ें मिट्टी के कटाव को रोकती हैं और कार्बन अवशोषण में सहायक होती हैं। मक्का विश्व में सर्वाधिक उगाई जाने वाली फसल है, किंतु इसका बड़ा हिस्सा प्रत्यक्ष भोजन के बजाय एथेनॉल (ईंधन) और पशु आहार के रूप में प्रयुक्त होता है। यह भी उल्लेखनीय है कि विश्व में उत्पादित अनाज का बड़ा भाग भंडारण और परिवहन के दौरान नष्ट हो जाता है। यदि इस अपव्यय को रोका जाए तो करोड़ों लोगों की भूख मिटाई जा सकती है। 19वीं सदी के अंत में डॉ. जॉन हार्वे केलॉग ने कॉर्नफ्लेक्स जैसे ब्रेकफास्ट सीरियल का आविष्कार किया था। उनका उद्देश्य इसे सादा और स्वास्थ्यवर्धक भोजन के रूप में प्रस्तुत करना था, ताकि लोग अत्यधिक मसालेदार और गरिष्ठ भोजन से बच सकें। अनाज ऊर्जा, फाइबर, विटामिन और खनिजों का महत्वपूर्ण स्रोत हैं। विश्व की बड़ी आबादी का मुख्य भोजन अनाज ही है, जिनमें गेहूं और चावल का उपभोग सर्वाधिक होता है। वैश्विक परिदृश्य में भारत की भूमिका विशिष्ट है। भारत विश्व की लगभग 25 प्रतिशत दालों का उत्पादक और 27% उपभोक्ता है। वर्ष 2026 के हालिया आँकड़ों के अनुसार, भारत चना और मूंग जैसी प्रमुख दालों में आत्मनिर्भरता की दिशा में तेज़ी से अग्रसर है।

कभी 'गरीबों का प्रोटीन' कही जाने वाली दालें आज 'भविष्य का भोजन' मानी जा रही हैं। अंततः, विश्व अनाज दिवस हमें यह संदेश देता है कि अनाज केवल भोजन नहीं, बल्कि मानव सभ्यता, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण संतुलन की आधारशिला हैं। जलवायु परिवर्तन और बढ़ती जनसंख्या के दौर में इनका संरक्षण, टिकाऊ उत्पादन और खाद्य अपव्यय पर नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। आइए, हर दाने का सम्मान करें और सुरक्षित, पोषित एवं समृद्ध भविष्य के निर्माण का संकल्प लें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

स्वार्थ, जाति और धर्म में बंट रही युवा पीढ़ी को सही दिशा में ले जाएं

# आइए..संकल्प लें कि हम झूठ बोलकर किसी को हानि नहीं पहुंचाएंगे



लक्ष्मण सिंह
पूर्व सांसद

हाल ही में भोपाल प्रवास पर मैंने एक बहुत ही रोचक विषय पर पुस्तक क्रय की। अंग्रेजी में है और पुस्तक का नाम है 'सराउंडेड बाइ लायर्स' अर्थात झूठों से हम घिरे हुए हैं। इसके लेखक है थॉमस एरिक्सन। उस पुस्तक की मुख्य बात यह है कि अगर किसी अच्छे कार्य के लिए झूठ बोलना पड़े तो वह कोई पाप नही है, परंतु अगर किसी को हानि पहुंचाने के उद्देश्य से झूठ बोला जाए तो वह महापाप है। अब राजनीति में प्रवेश के बाद सच बोलना हानिकारक सिद्ध होने लगा तो फिर झूठ बोलना भी सीखना पड़ा। मैं राजनीति में 40 वर्ष बिताने के उपरांत भी सफेद झूठ बोलना नहीं सीख पाया जैसा कि आजकल के नेता चेहरे पर बिना कोई हाव-भाव लाए बिना बोल लेते हैं चाहे वह किसी भी दल के हों। कांग्रेस तो सत्य, अहिंसा के रास्ते पर चलने वाली पार्टी है जिसमें आजकल सत्य बोलने वालों की संख्या बहुत तेजी से कम होती जा रही है, भाजपा का फंडा है कि झूठ तब तक बोलो जब तक वह सत्य नहीं हो जाता। मध्यप्रदेश में हम मुख्यतः इन दोनों दलों के सहारे ही है क्योंकि यहां कोई तीसरा दल नहीं है जिसका जनाधार हो। दोनों पार्टी के नेता दिखावे के लिए लड़ते हैं और बंद कमरे में बैठ कर बड़े-बड़े भ्रष्टाचार के मुद्दों पर समझौता कर कई वर्षों से सरकार चला रहे हैं। इन दोनों दलों के सहारे हम आप सब (जनता) है। इनकी मिलीभगत की राजनीति का ही परिणाम है कि प्रदेश लगभग 5 लाख करोड़ के कर्जे में है। मेरे जैसे बहुत सारे लोग दोनों दलों के हैं जो आज दोनों दलों की मिली जुली, अत्यंत भ्रष्ट, झूठ बोलने वाली राजनीति से दुखी होकर घर बैठे हैं। उनसे मेरा आग्रह है कि आप मैदान में आइए। आज समय है कि हम हमारी युवा पीढ़ी को एक सही दिशा में ले जाएं क्योंकि नेताओं द्वारा अपने स्वार्थ के लिए उन्हें जाति और धर्म में बांटा जा रहा है। आइए, अब हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि हम झूठ बोलकर किसी को हानि नहीं पहुंचाएंगे या मानसिक प्रताड़ना नहीं देंगें। हम ऐसा झूठ नहीं बोलेंगे जिससे परिवारों में मतभेद पैदा हो, रिश्ते टूट जाएं और पीढ़ियों तक रिश्ते नहीं बन सके। किसी अन्य की संपत्ति हड़पने के उद्देश्य से भी हम झूठ नही बोलें। मीडिया भी जनता की भलाई के लिए थोड़ा बहुत झूठ बोल ले लेकिन किसी को हानि पहुंचे ऐसा झूठ नहीं बोले। दोनों राजनीतिक दल के साथियों से आग्रह है कि अगर आप इस लेख को पढ़ें तो आप भी देश को हानि हो ऐसा झूठ न बोलें। अंत में दो लाइनों का यह संदेश। सबके काम का।

हालातों से कमजोर मत समझना।
आज हवा तुम्हारी है, कल तूफान हमारा होगा।

सटाका




आज की पाती

## मानवता को शर्मसार कर रहा युद्ध

जब भी दुनिया के किसी कोने में युद्ध होता है तब मिसाइलें, बम या अन्य कोई भी चीज क्यों न हो, वो न धर्म देखते हैं, न जात या अन्य कोई चीज, इन सभी से मानवता शिकार होती है। हाल ही में अमेरिका और इजरायल का ईरान के मिनाब स्थान पर ऐसा हमला एक स्कूल पर हुआ, जिसमें बहुत सी बच्चियों की मौत की खबर है। इसी तरह इस युद्ध में और भी बहुत से निर्दोष और निहत्थे लोग मर चुके हैं और मारे जा रहे हैं। यह खबरें दिल दहलाने वाली हैं और सवाल खड़े करने वाली है कि आखिर इन बच्चियों का क्या कसूर था? क्या हर मसले का हल मात्र युद्ध ही है? अगर हम इतिहास में हुए युद्धों पर नजर डाले तो यही बात सामने आएगी कि युद्ध हमेशा ही विनाशकारी और मानवता को शर्मसार करने वाले ही सिद्ध हुए हैं और इसमें निर्दोष और निहत्थे लोग मारे गए हैं। - **राजेश पाठक**, रायपुर

ट्रेंड

## आत्मनिर्भर भारत



रक्षा क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। आज भारतीय नौसेना के लिए वॉरशिप्स और सबमरीन भारतीय शिपयार्ड्स में ही बन रही हैं। हमारा लक्ष्य स्पष्ट है 2030 तक दुनिया के टॉप टेन शिपबिल्डिंग नेशन्स में स्थान बनाना और 2047 तक टॉप फाइव में पहुंचना।

**- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**


## विमान दुर्घटना



विमान दुर्घटना में स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश के निधन से मैं अत्यंत स्तब्ध हूं। राष्ट्र के प्रति उनकी अटूट निष्ठा और वीरतापूर्ण सेवा भारतीय वायु सेना की सर्वोच्च भावना को दर्शाती है।

**- नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री**

## दो नए कॉरिडोर



दिल्ली की रफ्तार अब और तेज़ होने जा रही है। 8 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18,000 करोड़ से अधिक की लागत वाली दिल्ली मेट्रो की महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। दिल्ली मेट्रो फेज़-4 के तहत दो नए कॉरिडोर दिल्लीवासियों को समर्पित किए जाएंगे।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

## ट्रंप के सामने नतमस्तक



भारत को रशिया से तेल ख़रीदने की इज़ाज़त देने वाला अमेरिका कौन होता है? भारत को अमेरिका से इज़ाज़त की क्यो ज़रूरत है? मोदी जी, आख़िर आपकी ऐसी कौन सी मजबूरी है जिस की वजह से आप ट्रंप के सामने नतमस्तक हैं।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

करंट अफेयर


## सिंगापुर में भारतीय समुदाय की पहचान के लिए समिति



सिंगापुर सरकार अगले पांच सालों में यहां रहने वाले भारतीय मूल के लोगों की पहचान को मजबूत करने, समुदाय को बेहतर बनाने की कोशिशों में समन्वय करने और युवा नेतृत्व तैयार करने के लिए एक नई 'भारतीय साझेदारी और विकास पहल' (आईएनईआई) समिति बना रही है। चैनल न्यूज एशिया की शुक्रवार की रिपोर्ट के मुताबिक, यह अलग-अलग हितधारकों और सामुदायिक समूहों के साथ कई साझेदारियों और विचार-विमर्श के बाद किया जा रहा है, जिसमें 150 से ज़्यादा सिंगापुरी-भारतीय संगठन और 35 साल तथा इससे कम उम्र के 240 से अधिक सिंगापुरी-भारतीय युवा शामिल हैं। आईएनईआई समिति की अध्यक्षता वरिष्ठ परिवहन और विधि राज्य मंत्री मुरली पिल्लई करेंगे। इससमें संस्कृति, समुदाय और युवा मामलों के राज्य मंत्री दिनेश वासु दाश भी होंगे। दोनों ही भारतीय मूल के हैं। दिनेश ने कहा, 'यह समुदाय की, समुदाय के लिए एक समिति होगी। इसका मकसद भारतीय समुदाय में मजबूत नेटवर्क बनाना है, और उन साझेदारों को एक साथ लाना है जो पहले से ही जमीन पर अच्छा काम कर रहे हैं।'

ऑफ बीट

## रात में अच्छी नींद कैसी होनी चाहिए?



बहुत से लोग सोचते हैं कि जब वे तकिये पर सिर रखेंगे तो उन्हें गहरी और आरामदेह नींद आनी चाहिए और लगभग आठ घंटे के बाद तरोताजा महसूस करते हुए उठना चाहिए। वास्तव में, पूरी रात स्वस्थ नींद चक्रीय होती है क्योंकि आप नींद के विभिन्न चरणों से गुजरते हैं और अक्सर कई बार जागते हैं। कुछ लोगों को इनमें से एक या अधिक बार जागना याद रहता है लेकिन कई लोगों को यह भी याद नहीं रहता कि वे रात में कितनी बार नींद से जागे। एक वयस्क के रूप में, हमारी नींद अलग-अलग चक्रों से गुजरती है और रात के दौरान थोड़ी-थोड़ी देर के लिए नींद टूटती है। प्रत्येक नींद का चक्र लगभग 90 मिनट का होता है। गहरी नींद में जाने से पहले और सपनों की दुनिया (रैपिड आई मूवमेंट-आरईएम) में खोने से पहले हम रात में हल्की नींद से शुरुआत करते हैं। यदि हम अच्छी नींद लेते हैं, तो हम अपनी अधिकांश गहरी नींद रात के पहले भाग में पूरी कर लेते है और रात के दूसरे भाग में हमें सपने आने लगते हैं। वयस्क आमतौर पर रात में पांच या छह नींद के चक्रों से गुजरते हैं और प्रत्येक चरण के अंत में थोड़ी देर के लिए जागना पूरी तरह सामान्य है। इसका मतलब है कि हम रात में पांच बार जाग सकते हैं। यह बढ़ती उम्र के साथ बढ़ सकता है और हम फिर भी स्वस्थ रह सकते हैं।

अपने विचार
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## कोलार पुलिस ने आधा दर्जन युवकों पर दर्ज किया मामला


# बदमाशों ने किशोर का कार से किया अपहरण जमकर की मारपीट, हाथ-पैर तोड़ छोड़कर भागे

**हमीदिया अस्पताल में किया भर्ती, वहां चल रहा इलाज**

भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित बांसखेड़ी पुलिया के पास पैदल जा रहे नाबालिग का कार सवार युवकों ने अपहरण कर लिया। आरोपी उसे सुनसान स्थान पर लेकर पहुंचे, वहां उसके साथ जमकर मारपीट करते हुए उसे अधमरा छोड़कर फरार हो गए। घायल नाबालिग के हाथ-पैरों में गंभीर चोट आई है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घायल किशोर की बहन की शिकायत पर आधा दर्जन से ज्यादा आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार गणेश नगर कोलार रोड पर



रहने वाला 17 साल का नाबालिग एक कपड़े की दुकान पर काम करता है। होली के दिन वह दोस्तों के साथ होली खेलने के लिए निकला था। बुधवार दोपहर करीब डेढ़ बजे वह बांसखेड़ी पुलिया के पास से जा रहा था, तभी दो-तीन बाइक और एक कार में सवार आधा दर्जन से ज्यादा युवक पहुंचे। उनका कहना था कि आजकल तू ज्यादा तेज चल रहा है और जिससे हमारी पुरानी रंजिश चल रही उसके साथ घूमता है। युवकों ने उसे जबरन कार में बैठाया और अपने साथ ले गए। सौम्या ग्रीन कॉलोनी के पास सुनसान स्थान पर ले जाकर लाठी-डंडे से उसके साथ जमकर मारपीट की, जिससे नाबालिग के हाथ-पैरों और शरीर में गंभीर चोट आई।

### शरीर में आई गंभीर चोट

**घायल के मोबाइल से दी परिजन को सूचना**

*मारपीट करने के बाद कार और बाइक सवार युवक उसे वहीं छोड़कर चले गए। उसके बाद एक परिचित ने उसके मोबाइल से कॉल कर परिजन को बताया कि उसे चोट लग गई है। कुछ देर बाद दोबारा कॉल लगाकर बताया कि ज्यादा चोट लगी है, इसलिए कोलार सामुदायिक अस्पताल पहुंच जाएं। सूचना के बाद घायल की मां-बहन और अन्य परिजन अस्पताल पहुंचे तो घायल ने बताया कि उसके साथ मारपीट की गई है। प्राथमिक इलाज के बाद उसे हमीदिया अस्पताल रैफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।*

**आधा दर्जन से ज्यादा अरोपियों पर प्रकरण दर्ज**

*पुलिस ने घायल नाबालिग की बहन की शिकायत पर आरोपी निक्की, आकाश, तिलक, दिव्यांश, नन्ना, अजय और अमन के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है। जिस वक्त घायल को कोलार अस्पताल पहुंचाया गया था, उस वक्त पुलिस को जानकारी दी गई थी कि बाइक से गिरने से कारण वह घायल हुआ है। बाद में जब परिजन पहुंचे तो पता चला कि उसके साथ मारपीट हुई है। नाबालिग के दोनों पैरों और दाहिने हाथ में गंभीर चोट आई है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।*

पुलिस को जांच में नहीं मिला सुसाइड नोट

## नीम के पेड़ पर किशोरी ने लगाई फांसी, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित छोटी झागरिया खुर्द, पारदी मोहल्ले में 16 साल की नाबालिग ने नीम के पेड़ पर फांसी लगा ली। उसकी लाश परिजन ने गुरुवार सुबह पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकी देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची महिला पुलिसकर्मी ने नाबालिग की तलाशी ली, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारण का पता लगा रही है। प्पुलिस के अनुसार खुशी पारदी पिता बादल सिंह पारदी (16) छोटी झागरिया खुर्द, पारदी मोहल्ला में रहती थी। वह घर के काम काज करती थी। परिजन ने बताया कि बुधवार रात वह घर से बिना बताए कहीं चली गई। गुरुवार सुबह खेत में गेहूं की फसल देखने पहुंचे लोगों ने उसकी लाश फांसी के फंदे पर देख परिजन को सूचना दी। परिजन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश पीएम के बाद सौंप दी है।

## खबर संक्षेप



### केंद्रीय मंत्री शिवराज को दी जन्मदिन की बधाई

**औबेदुल्लागंज।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को जन्मदिन की भोपाल में उनके निवास पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा मां नर्मदा की कृपा आप पर बनी रहे, आप दीर्घायु, स्वस्थ रहें। इस अवसर पर पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह भी मौजूद रहे।

### मध्य प्रदेश साहू तैलिक महासभा प्रदेश संगठन के सचिव बने वीरेंद्र

**बैरसिया।** मध्य प्रदेश साहू तैलिक महासभा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू द्वारा नियुक्तियों के लिए दी गई



स्वीकृती के क्रम में बैरसिया निवासी वीरेंद्र साहू पिता हजारी लाल साहू को मध्य प्रदेश तेलिक साहू सभा के प्रदेश सगठन सचिव पद पर नियुक्ति की है। नगर के सामाजिक एवं वरिष्ठजनों ने नव नियुक्ति पर वीरेंद्र साहू को शुभकामनाएं दी। सभी वरिष्ठों का आभार व्यक्त करते हुए वीरेंद्र साहू ने कहा कि आप ने जो दायित्व मुझे सौंपा है उसके लिए में आप का आभारी हु एवं सदैव सामाजिक हितों के लिए प्रयत्नशील रहूंगा।

### भाई दूज पर बहनों ने किया भाइयों का तिलक



**औबेदुल्लागंज।** गुरुवार को श्रद्धा और प्रेम के साथ भाई दूज मनाया गया। यह दिन भाई-बहन के रिश्ते विश्वास, स्नेह और सम्मान का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर बहनें अपने भाइयों को घर बुलाकर उनका तिलक करती हैं और उनकी लंबी उम्र, खुशहाली की कामना करती हैं, जबकि भाई अपनी बहनों की रक्षा का वचन देते हैं।

### गरीब कल्याण समिति के सदस्यों ने मनाया होली



**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर गरीब कल्याण समिति के सदस्यों ने अर्जुन नगर और महावीर कॉलोनी में महिलाओं को रंग-गुलाल लगाकर हर आंगन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना कर होली का पर्व उत्सव से मनाया।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 138 | 20 | 468 |
| रात: | 468 | 82 | 345 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 138 | 20 | 468 |
| रात: | 468 | 82 | 345 |

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित बेस्ट प्राइज के सामने हुआ था विवाद

# कार से कट मारने पर हुआ विवाद, युवक की चाकू घोंपकर की हत्या, चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित बेस्ट प्राइज के सामने कार से कट लगने के विवाद में युवक की चाकू गोदकर हत्या करने वाले बाइक सवार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, वहां से जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार बुधवार शाम करीब साढ़े 7 बजे बेस्ट प्राइज के पास, 80 फीट रोड पर कार से कट मारने के मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। विवाद के बाद 21 साल के युवक अरविंद मीना उर्फ छोटू की चार आरोपियों ने चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी। घटना के समय मृतक अपने दोस्त गोलू जाटव उर्फ अजय के साथ बाइक से जा रहा था, तभी एक सफेद रंग की कार के चालक से विवाद हुआ। विवाद के दौरान कार सवार युवकों ने अरविंद पर हमला कर दिया। इस पर अरविंद द्वारा उसके पास रखे चाकू को निकाल कर लहराने लगा तो आरोपियों द्वारा अरविंद से चाकू छीनकर उसके सीने में वार कर दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने उक्त मामले में विकास जोशी उर्फ विक्की निवासी विश्वकर्मा नगर, नरेंद्र सिंह उर्फ निक्की निवासी कपिला नगर, ऋषि दांगी निवासी विश्वकर्मा नगर और आशीष राजपूत निवासी मालीखेड़ी को गिरफ्तार कर लिया है।

*आरोपियों को कोर्ट के आदेश पर जेल भेजा*

*चाकू छीनकर सीने में कर दिया वार*

*आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज*

### पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया



निशातपुरा थाना पुलिस ने हत्या के आरोपियों को किया गिरफ्तार।

### स्टैंड पर ऑटो खड़ा करने की बात पर विवाद, चालक को मारा चाकू

टीला जमालपुरा स्थित ऑटो स्टैंड पर ऑटो चालक पर युवक ने चाकू से हमला कर दिया। हमले में चाकू लगने से ऑटो चालक को हाथ में गंभीर चोट आई है। दोनों के बीच स्टैंड पर खड़े ऑटो को हटाने की बात को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार नईमउल्ला (26) इंद्रानगर मार्केट के पास रहता है और सवारी ऑटो चलाता है। गुरुवार दोपहर करीब डेढ़ बजे वह इंद्रानगर ऑटो स्टैंड पर ऑटो लेकर सवारी का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान शन्नू नामक युवक पहुंचा और उससे ऑटो हटाने की बात कहने लगा। शन्नू का कहना था कि वह यहां पर दुकान लगाएगा। नईमउल्ला ने बताया कि वह स्टैंड पर ऑटो खड़ा किए हुए है, यहां दुकान लगाने की जगह नहीं है। इस पर शन्नू उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। विवाद बढ़ने पर शन्नू ने अपने पास रखा चाकू निकाला और उसकी गर्दन पर वार किया। चाकू से बचने के लिए नईमउल्ला ने बायां हाथ उठाया तो चाकू उसकी कोहनी पर जाकर लगा, जिससे खून निकलने लगा। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया तो शन्नू धमकी देते हुए वहां से भाग निकला।

**होली की पार्टी मनाने पहुंचे युवकों पर किया जानलेवा हमला**

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित स्काई लैंड गार्डन पार्किंग में बुधवार को विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर पार्टी मनाने पहुंचे युवकों पर तीन युवकों ने हमला कर दिया। हमले में जान बचाकर भागे युवकों ने अपने साथी अपने दोस्तों को अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज कराने के बाद पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तीन अज्ञात हमलावरों पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

डॉग लवर्स पर लगाए झूठी शिकायत करने का आरोप

## स्ट्रीट डॉग्स से परेशान होकर रहवासियों ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जेल रोड करोंद स्थित मैपल ट्री सोसाइटी में गुरुवार देर रात लोग स्ट्रीट डॉग्स से परेशान होकर कॉलोनी के गेट पर प्रदर्शन कर दिया। रहवासियों ने नगर निगम और डॉग लवर्स के खिलाफ नारेबाजी की। हालात बिगड़ते देख पुलिस मौके पर पहुंची और रहवासियों को समझाइश दी। लोगों ने चेतावनी दी कि स्ट्रीट डॉग्स की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह उग्र आंदोलन करेंगे। यह प्रदर्शन गुरुवार देर रात तक चलता रहा। रहवासियों ने बताया कि कॉलोनी में स्ट्रीट डॉग्स को लेकर खासे परेशान हैं।

आसपास के इलाकों से यहां पर बड़ी संख्या में डॉग्स आ गए हैं। इससे उनके काटने की घटनाएं बढ़ गई हैं। हाल ही में बुजुर्ग और बच्चों को स्ट्रीट डॉग्स ने काट लिया। इसे लेकर नगर निगम को शिकायत की थी। ऐसा करने पर डॉग लवर्स थाने में रहवासियों के विरुद्ध झूठी एफआईआर दर्ज करवा रहे हैं। इसके विरोध में मैपल ट्री सोसाइटी के लोगों का प्रशासन के खिलाफ गुस्सा फूट पड़ा। रहवासियों ने सोसाइटी गेट पर ही जाम लगा दिया और जमकर नारेबाजी की।

**बड़े-बच्चों को शिकार बना रहे स्ट्रीट डॉग्स**

सोसाइटी के रहवासियों का कहना है कि कई महीने से कॉलोनी में आवारा कुत्तों से परेशान हैं। ये आते-जाते लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। सबसे ज्यादा बुजुर्ग और बच्चे भयभीत है। डॉग कॉलोनी के लोगों को कई बार काट चुके हैं। डॉग बाइट से बच्चे भी सुरक्षित नहीं है। रहवासियों द्वारा कई बार प्रशासन एवं नगर निगम में शिकायत करने पर भी डॉग लवर्स के डर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। पुलिस प्रशासन ने 5 दिन का समय मांगा है। कुत्तों की समस्या का समाधान न होने पर रहवासी सड़क जाम करेंगे।

### दुर्घटना में कलेक्टर कार्यालय के कर्मचारी की मौत पर 46 लाख रुपए का मुआवजा

**भोपाल।** कलेक्टर कार्यालय के कर्मचारी रमेश कुमार प्रजापति की रातीबड़ इलाके में सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मृत्यु के मामले में जिला न्यायालय में प्रस्तुत किए गए क्लेम प्रकरण में जिला न्यायाधीश स्वयं प्रकाश दुबे ने मृतक के परिजनों को 46 लाख 48 हजार 886 रुपए की क्षतिपूर्ति राशि दिए जाने के आदेश सड़क दुर्घटना करने वाले लोडिंग वाहन के स्वामी, ड्राइवर और दी ओरियंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड एमपी नगर भोपाल को दिए हैं। मृतक के परिजनों की ओर से एलबी यादव अधिवक्ता ने जिला न्यायालय में क्लेम का प्रकरण प्रस्तुत किया था।

बंजारा बस्ती शबरी नगर नेहरू नगर भोपाल मप्र निवासी 55 वर्षीय रमेश कुमार प्रजापति मध्यप्रदेश शासन, कलेक्टर पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण भोपाल में सहायक ग्रेड-3 के पद पर पदस्थ थे। रमेश कुमार प्रजापति 10 सितंबर 2024 को शाम 6 बजे एक्टिवा चलाते हुए कलेक्ट्रेट से कृष्ण धाम कॉलोनी गौरा गांव जा रहा था, जैसे ही रमेश कुमार प्रजापति भदभदा चौकी के पास पहुंचा तभी पीछे की ओर से लोडिंग वाहन के चालक ने काफी तेजी, लापरवाही एवं उपेक्षापूर्वक ढंग से वाहन चलाते हुए रमेश कुमार प्रजापति की एक्टिवा में पीछे से टक्कर मार दी थी। गंभीर घायल अवस्था में मृतक को प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया वहां उपचार के मौत हो गई थी।



### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 200 कर्मचारियों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

**संतनगर।** सभी के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवा एवं जागरुकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट और मध्य प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के संयुक्त तत्वावधान में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से आईटी पार्क में निःशुल्क मेडिकल कैंप का लगया। शिविर में विभिन्न कंपनियों के 200 से ज्यादा कर्मचारियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया।

सेवा सदन के एक्सपर्ट डॉक्टर्स की टीम ने कर्मचारियों का ब्लड शुगर टेस्ट, ब्लड प्रेशर एवं आंखों की जांच की। उन्हें बेहतर स्वास्थ्य के तरीके बताए। यह कैंप सही स्वास्थ्य एवं जागरुकता में भागीदार बनाने के लिए एक अनूठा कदम साबित हुआ। संस्थान ने पहले भी कई बार इस प्रकार के सफल आयोजन किये हैं। यह कैंप संस्थान के सीएसआर क्लब के बैनर तले हुआ, जिसमें सभी की ओर से उत्साहपूर्ण समर्थन मिला।

कई जगह होली मिलन समारोह आयोजित किया

## होली पर निकली हुरियारों की टोली पुरुषों, महिलाओं में दिखा उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

उपनगर बैरागढ़ में रंगों का पर्व धुलेंडी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सुबह से ही रंगों से सरोबार हुरियारें रंगों की टोली रंग बिखेरते हुए चल रही थी। कई स्थानों पर होली मिलन समारोह में एक दूसरे को रंग लगाकर शुभकामनाएं दी। इस बार पुरुषों के साथ महिलाओं ने भी जमकर होली खेली। ड्रीम हाइट्स रहवासी संघ पंचवटी एक्सटेंशन के प्रांगण में विधि विधान से होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। यहां के रहवासियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। महिला, पुरूष एवं बच्चों ने मिलकर एक-दूसरे को रंग लगाया। संघ के संचालक सचिव विजय घारू ने सर्व प्रथम सबको होली की हार्दिक शुभकामनाए देते हुए होली के महत्व पर अपने विचार बच्चों के साथ साझा किए, ताकि नई जनरेशन को भी त्यौहारों का महत्व मालूम हो सके। इस कार्यक्रम में रहवासी संघ के सभी सदस्य मौजूद रहे।



### एचईजी कंपनी में मनाया 55वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस समारोह

**मंडीदीप।** राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर एचईजी में सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एचईजी के वरिष्ठ अधिकारियों, स्टॉफ एवं कर्मचारीयों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ाना



तथा सभी कर्मचारियों को सुरक्षित कार्य पद्धतियों का पालन करने के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश साझा किए और सभी ने सुरक्षित कार्य वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि माधुरी बरवा, प्रभारी ज्वाइंट डायरेक्टर औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग भोपाल मध्य प्रदेश शासन के द्वारा कर्मचारियों को सुरक्षित कार्य करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर एचईजी कंपनी के प्रबंधक जसविंदर सिंह खोसला एवं मानव संसाधन विभाग प्रमुख अक्षय सक्सेना भी उपस्थित रहे।

कॉलोनियों में युवाओं की टोलियां ढोल और डीजे की धुन पर झूमती नजर आई

# शांति और सौहार्द्र के साथ मनाया गया रंगों का पर्व होली एक दूसरे को रंग लगाकर दी बधाइयां, खिलाई मिठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में रंगों का पर्व होली बड़े ही हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही मोहल्लों और गलियों में बच्चे, युवाओं और बुजुर्गों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं। होली के अवसर पर लोगों ने पहले मंदिरों और घरों में विशेष पूजा-अर्चना की फिर लोगों को रंग-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को बधाई दी और मिठाइयां खिलाईं। युवाओं और बच्चों में रंग और पिचकारी को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। नगर के प्रमुख चौराहों और कॉलोनियों में युवाओं की टोलियां ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर नाचते-गाते नजर आईं। कई स्थानों



पर होली मिलन कार्यक्रम भी आयोजित कर लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान प्रशासन भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नगर के प्रमुख स्थानों पर तैनात रहा, जिसस माहौल शांतिपूर्ण रहा।



होली पर्व पर एक दूसरे को रंग लगाकर उत्साह से झूमलते नजर आए हुरियारे।



थाना प्रभारी को होली की शुभकामनाएं देते जीतू नंदवंशी, मनोज चौरसिया, सुरजीत यादव, पदम सिंह।

**भाजपा मंडल अध्यक्ष ने खूब खेली होली**

भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि नरेश सेठी, अंकित अग्रवाल को ने जमकर होली खेली। इस दौरान एक दूसरे को गुलाल लगाकर दी शुभकामनाएं एवं बधाई दी।



## रमजान के तीसरे जुमे पर जमा मस्जिद में बड़ी तादाद में लोगों ने नमाज अदा की

**लोगों को नेक काम करने और गरीबों की मदद करने को कहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

रमजान माह के तीसरे जुमे पर जामा मस्जिद में बड़ी तादाद में लोगों ने नमाज अदा की। जामा मस्जिद में दोपहर 12 बजे नगर सहित आस-पास के गांव एवं आने जाने वाले सभी ने एक साथ जुमे की नमाज अदा की। जामा मस्जिद के ईमाम हाफिज नदीम ने नमाज अदा कराई। ईमाम हाफ़िज़ नदीम द्वारा तकरीर भी दी गई।

लोगों को रमजान के पाक महीने में नेक काम करने और एक दूसरे का साथ देने, गरीबों व बेसहारा तक जकात और फतिरा दे कर उनकी मदद करने को कहा। उन्होंने यह भी बताया कि रमजान का तीसरा जुमा आखिरी अशरे की ओर इशारा करता है। इसे जहन्नुम से निजात का समय माना जाता है। उन्होंने हर रोजेदार से इस मुकद्दस महीने के हर पल को इबादत और नेक कामों में लगाने का आग्रह किया। साथ ही सभी से अपील भी की है कि 26 रमज़ान को तरावीह मुकम्मल होना है, जिसके लिए सभी लोग बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें।



जमा मस्जिद में नमाज अदा करते हुए।

# भोपाल के ईशान ने पाई ऑल इंडिया रैंक 5, समीक्षा को मिली 56वीं रैंक

## संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने 2025 का किया रिजल्ट घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा 2025 का रिजल्ट शुक्रवार को घोषित कर दिया गया, जिसमें भोपाल के ईशान भटनागर ने ऑल इंडिया रैंक 5वीं हासिल करके प्रदेश का मान बढ़ाया, तो वहीं भोपाल की ही समीक्षा द्विवेदी ने 56 रैंक हासिल कर अपने बरसों के सपने को साकार होता हुआ देखा। वहीं सौम्या जैन ने 346वीं एआई आर हासिल कर अपने परिवार का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर हरिभूमि से बातचीत में चयनित प्रतिभागियों ने अपने जीवन के अनुभव साझा किए।

### 2023 में मिली 276 रैंक, 2024 में बना आईआरएस ऑफिसर



टॉप-5 में आने वाले भोपाल के ईशान भटनागर अभी नागपुर में इंडियन रेवेन्यू सर्विस की ट्रेनिंग ले रहे हैं। ईशान के पिता मप्र सरकार में प्रिंसिपल एडवाइजर के तौर पर काम कर चुके हैं और उनकी मां इंग्लिश की प्रोफेसर हैं। ईशान ने बताया कि साल 2023 में मैंने 276 रैंक हासिल की और 2024 में आईआरएस ऑफिसर बना, लेकिन इसके बाद भी न मेहनत कम हुई, न ही लगन में कमी आई और आखिरकार अपनी मंजिल हासिल की। सिविल सर्विसेस की तैयारी करने वालों को ईशान ने का कि अपनी कंसिसटेंसी न छोड़ें, और पूरी मेहनत और लगन के साथ अपने लक्ष्य की ओर निगाह टिकाए रखें, एक न एक दिन आपको सफलता अवश्य मिलेगी।

### परिवार और ससुराल के सहयोग से समीक्षा ने किया यूपीएससी का सपना पूरा, पाई 56वीं रैंक



यूपीएससी में 56 रैंक हासिल करने वाली मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी की बेटी समीक्षा द्विवेदी ने कहा कि मैं 2021 से इंदौर में रहकर यूपीएससी की प्रिपरेशन कर रही थी और मेरा पूरा फोकस यूपीएससी क्लियर करने पर था। बीटेक व एमबीए करने वाली समीक्षा ने कहा कि मेरी सफलता में कईयों का हाथ है सिर्फ मेरे माता पिता का ही नहीं, बल्कि मेरे इनलॉस का भी पूरा सपोर्ट है। उन्होंने बताया कि मेरे पति बैंक ऑफ इंडिया में स्केल वन अधिकारी हैं और 2022 से ही हमने डिसाइड कर लिया था कि पहले मेरा यूपीएससी क्लियर होगा तभी हम शादी करेंगे और ससुराल पक्ष ने भी मेरे निर्णय का स्वागत किया। दिसम्बर 2025 में हम वैवाहिक जीवन में बंधे और मेरा यूपीएससी भी निकल गया तो इससे बढ़कर खुशी की बात मेरे लिए कुछ नहीं होगी। उन्होंने बताया कि मैंने पढ़ाई पर पूरा फोकस किया। पहले कोचिंग क्लासेस से फाउंडेशन क्लियर किया फिर रिटर्न की भी तैयारी करती गई, साथ ही रोजाना खुद का टेस्ट लेना, खुद को इवेलुएट करती, करेंट अफेयर पढ़ने के साथ-साथ सभी सब्जेक्ट पर फोकस करती कि कुछ छूटे नहीं, बस यूं मानिए कि पूरा दिन मेरा पढ़ाई में ही बीतता और आज इसी मेहनत का फल मुझे मिला है।

### सौम्या ने चौथे प्रयास में हासिल की सफलता मेहनत, निरंतरता को बताया सफलता का मंत्र



भोपाल की रहने वाली सौम्या जैन ने यूपीएससी परीक्षा में ऑल इंडिया 346वीं रैंक हासिल की है। उन्होंने अपनी पूरी तैयारी भोपाल में रहकर ही की। सौम्या का यह चौथा प्रयास था। इससे पहले के तीन प्रयासों में वह दो बार इंटरव्यू तक पहुंच चुकी थीं और पिछले साल उनका चयन इंडियन डिफेंस अकाउंट सर्विस में हुआ था। इस बार रैंक में सुधार होने के बाद उन्हें इंडियन रेवेन्यू सर्विस मिलने की संभावना है। सौम्या जैन बताती हैं कि यूपीएससी की तैयारी के लिए मेहनत, धैर्य और निरंतरता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि मैंने अधिकतर पढ़ाई ऑनलाइन माध्यम से की और यूट्यूब, टेलीग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध संसाधनों का उपयोग किया। सौम्या का मानना है कि ऑनलाइन तैयारी में छात्र अपने हिसाब से पढ़ाई को ढाल सकते हैं और अलग-अलग शिक्षकों व संस्थानों के संसाधनों का बेहतर उपयोग कर सकते हैं। सौम्या ने बताया कि सोशल मीडिया तैयारी के दौरान बड़ा डिस्ट्रैक्शन बन सकता है, इसलिए छात्रों को इससे दूरी बनाकर रखनी चाहिए या फिर इसे केवल पढ़ाई से जुड़े कंटेंट तक सीमित रखना चाहिए। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिवार को देते हुए कहा कि उनकी बड़ी बहन, जो पहले से एमपीपीएससी में चयनित हैं, के साथ मिलकर उन्होंने तैयारी की और माता-पिता ने हर प्रयास में उनका पूरा हौसला बढ़ाया।

### सीए की नौकरी छोड़ शुरू की तैयारी, पहले अटेम्प्ट में पाई सफलता



भोपाल की अंजनी मिश्रा की एआईआर 274 रैंक है। उन्हें आईआरएस मिलने की उम्मीद है। अंजनी ने बताया कि वह सीए हैं और डेढ़ साल जॉब करने के बाद नौकरी छोड़ यूपीएससी की तैयारी की। उन्होंने मई 2024 से तैयारी शुरू की। ऑनलाइन कोचिंग और सेल्फ स्टडी की। रोज 8 से 10 घंटे पढ़ती थीं। यह उनका पहला अटेम्प्ट था। जब भी लगता कि पढ़ाई का बर्नआउट हो गया है, तो दोस्तों से मिलतीं या कोई बड़ा फंक्शन घर में होता, तो उसमें शामिल होतीं। वह तैयारी के दौरान खुद को मोटिवेट करने के लिए यही सोचती कि उन्होंने इसके लिए जॉब छोड़ी है, तो निकालना ही है। अंजनी कहती हैं... मंजिल मिलेगी भटककर ही सही... यह लाइन उनका सफलता का सूत्र रहा।

## खबर संक्षेप

### ब्यूटी पार्लर एसोसिएशन का वूमंस डे सेलिब्रेशन 9 मार्च को

**भोपाल।** ब्यूटी पार्लर एसोसिएशन द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं होलिका उत्सव के उपलक्ष्य में एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 9 मार्च को कंट्रीसाइड कल्चर रिसॉर्ट में सुबह 10.30 बजे से सायं 6.30 बजे तक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सभी ब्यूटीशियन राधा, कृष्ण, गोपियां एवं ग्वालों की पारंपरिक वेशभूषा में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगी। ब्यूटी पार्लर एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. सरिता श्रीवास्तव ने बताया कि इस अवसर पर महिला दिवस के अवसर पर कुछ ब्यूटीशियन विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां प्राप्त कर इतिहास के पन्नों में अपना नाम अंकित करने वाली महान महिलाओं के रूप में प्रस्तुति देंगी। इनमें सौंदर्य क्षेत्र की शहनाज हुसैन, राजनीति की इंदिरा गांधी एवं सुषमा स्वराज, तथा वीरता और साहस की प्रतीक झांसी की रानी लक्ष्मीबाई जैसी महान विभूतियों की झलक प्रस्तुत की जाएगी।

### खेतों में गूंजे नरवाई नहीं जलाने के जागरुकता गीत



**भोपाल।** गांवों में होली पर्व पर होली गीत के साथ नरवाई नहीं जलाने के संकल्प गीत भी गूंज रहे है। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने किसानों के बीच जाकर नरवाई नहीं जलाने का संदेश दिया। सारिका ने खेतों में किसानों के साथ मिलकर स्वरचित जागरूकता गीत गाए, ताकि संगीत के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सके। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने उपस्थित किसानों को सामूहिक शपथ दिलाई कि वे अपनी फसल के अवशेषों को जलाएंगे नहीं, बल्कि उनका उचित प्रबंधन करेंगे।

### महिला दिवसः महिलाओं को कियोस्क रजिस्ट्रेशन में 50% की छूट

**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एमपी ऑनलाइन ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और डिजिटल सेवाओं में उनकी भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष पहल शुरू की है। इस पहल के तहत महिलाओं द्वारा नया एमपीऑनलाइन कियोस्क पंजीकरण के लिए आवेदन किए जाने पर उन्हें आवेदन शुल्क पर 50 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी। यह ऑफर 6 से 10 मार्च तक केवल पांच दिनों के लिए मान्य रहेगा। इस अवधि में आवेदन करने वाली महिलाएं रियायती शुल्क पर कियोस्क पंजीकरण कराकर अपने क्षेत्र में डिजिटल सेवा केंद्र संचालित कर सकेंगी। एमपीऑनलाइन के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़कर उन्हें रोजगार के नए अवसर प्रदान करना है।

## बैले नृत्य नाटिका 'चंड अशोक' में दिखी अशोक के हृदय परिवर्तन की कथा

# क्रूरता से करुणा तक की यात्रा, नरक मुक्ति और ज्ञान प्राप्ति का संदेश देता 'चंड अशोक'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

साहित्यकार सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' के चर्चित नाटक बैले 'चंड अशोक' की प्रभावशाली प्रस्तुति की प्रस्तुति शुक्रवार शाम रंग श्री लिटिल बैले में की गई। जिसमें सम्राट अशोक के जीवन और उनके क्रूर शासक से आध्यात्मिक मार्ग की ओर हुए हृदय परिवर्तन की मार्मिक कथा को मंच पर बड़े ही उम्दा ढंग से जीवंत किया। नाटक में दिखाया गया कि अपने प्रारंभिक जीवन में अशोक एक कठोर और निर्दयी शासक था, उसके द्वारा निर्मित नरक में व्यक्ति को कठोर यातनाएं दी जाती थीं। नरकाधिपति को यह अधिकार भी दिया गया था कि उसकी सीमा में स्वयं राजा भी उसके नियमों से बंधा रहेगा।

रंग श्री लिटिल बैले में नाटक का किया मंचन



रंग श्री लिटिल बैले में बैले 'चंड अशोक' की प्रस्तुति देते कलाकार।

### बौद्ध भिक्षु से पाता है धम्म का उपदेश, मुक्ति का वास्तविक अर्थ समझाया

कथा में आगे कलिंग युद्ध के बाद युद्धभूमि में मारे गए लोगों की पीड़ा और आत्माओं की व्यथा से अशोक के मन की व्याकुलता उसे अध्यात्मिक मार्ग की ओर अग्रसर करती है। जहां बौद्ध भिक्षु उस नरक में पहुंचता है। यातनाओं के बीच भी भिक्षु का शांत और संतोषपूर्ण भाव सभी को आश्चर्यचकित कर देता है। जब उसे खौलते कड़ाह में डाला जाता है, तब उसके तप और ज्ञान के प्रभाव से वहां कमल प्रकट हो जाता है। इस अद्भुत घटना से



नाटक में बौद्ध भिक्षु से उपदेश प्राप्त करता अशोक।

प्रभावित होकर अशोक उस भिक्षु से धर्म का उपदेश प्राप्त करते हैं। उन्हें यह बोध होता है कि नरक और मृत्यु का अनुभव किए बिना मुक्ति का वास्तविक अर्थ समझना संभव नहीं है। इसके बाद अशोक उस नरक को नष्ट करवाने का आदेश देते हैं और गौतम बुद्ध के त्रिरत्न को स्वीकार करते हुए बौद्ध धर्म अपना लेते हैं। नाटक की प्रस्तुति ने दर्शकों को सम्राट अशोक के जीवन के उस महत्वपूर्ण मोड़ से रूबरू कराया, जहां क्रूरता करुणा में बदलती है और एक शासक मानवता और धर्म के मार्ग को अपनाता है।



# महिला दिवस सिर्फ एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि हर दिन की प्रतिबद्धता है

## महिलाओं के अधिकार, न्याय और कार्रवाई पर प्रशासन अकादमी में सार्थक संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुक्रवार को आरसीवीपी नरोन्हा अकादमी में 'अधिकार- न्याय - कार्रवाई : महिलाओं और बालिकाओं के लिए प्रभावी व्यवस्थाएं' विषय पर पैनल चर्चा आयोजित की गई। अकादमी के वुमेन रिसोर्स सेंटर द्वारा यूएन वीमेन, यूनिसेफ तथा संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में लगभग 100 प्रतिभागी उपस्थित रहे, जिनमें प्रशिक्षु जिला अधिकारी, मध्यप्रदेश शासन के प्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल थे। इसके अतिरिक्त लगभग 65 प्रतिभागी विभिन्न अंचलों से ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। चर्चा के दौरान प्रतिभागियों ने बेबाक और महत्त्वपूर्ण प्रश्न किए, जिनका पैनल के वक्ताओं ने स्पष्ट और विचारोत्तेजक उत्तर दिए।



### गांवों में रहकर महिलाएं सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करती हैं

इस अवसर पर यूएन वीमेन की राज्य प्रमुख जॉयत्री राय ने महिलाओं के समग्र परिप्रेक्ष्य पर बात करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर पुरुष रोजगार के लिए बाहर चले जाते हैं, जबकि महिलाएं गांवों में रहकर सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करती रहती हैं। उन्होंने प्रश्न उठाया कि हम अक्सर महिलाओं के नेतृत्व में विकास की बात करते हैं, परंतु क्या वास्तव में हमारी व्यवस्थाएं महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में शामिल करने के लिए तैयार हैं? बच्चों, बुजुर्गों और परिवार की देखभाल का अधिकांश दायित्व महिलाओं पर यूनिसेफ की सोशल पॉलिसी स्पेशलिस्ट पूजा सिंह ने राइट टू केयर पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बच्चों, बुजुर्गों और परिवार की देखभाल का अधिकांश दायित्व महिलाओं पर होता है।

## मानव संग्रहालय में समरसता प्रदर्शनी

# पर्यावरण, संस्कृति और समुदाय की समझ का रचनात्मक प्रस्तुतीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानव संग्रहालय में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन के फाउंडेशन स्टडीज द्वारा, 8 मार्च तक समरसता शीर्षक से एक विशेष प्रदर्शनी आयोजित की गई है। इन्वायरमेंट परसेप्शन विषय पर आयोजित इस प्रदर्शनी में अध्ययन और अनुभवों का रचनात्मक प्रस्तुतीकरण किया गया। इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य डिजाइन के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को पर्यावरण, संस्कृति और समुदाय की समझ विकसित करने के लिए क्षेत्रीय अध्ययन, प्रत्यक्ष अवलोकन और सामुदायिक संवाद के माध्यम से परिचित कराना है।

पाठ्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने कोलार डैम क्षेत्र के आसपास स्थित ग्रामीण अंचलों झिरी तथा



मेहरमंगा का भ्रमण कर वहां की जीवन-शैली, सामाजिक-सांस्कृतिक परंपराओं, स्थानीय ज्ञान-प्रणालियों तथा प्रकृति के साथ मनुष्य के संबंधों को समझने का प्रयास किया। विद्यार्थियों ने स्थानीय समुदायों के साथ संवाद करते हुए अनुभवों और अवलोकनों को रेखाचित्रों, मानचित्रों, दृश्य कथाओं, फील्ड नोट्स और प्रलेखन के माध्यम से प्रस्तुत किया है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रो. अमिताभ पांडे, निदेशक, मानव संग्रहालय की उपस्थिति में हुआ।

# समाज में सकारात्मक मूल्यों, संस्कारों व राष्ट्रीय चेतना को सुदृढ़ करने का प्रभावी साधन 'साहित्य'

## मप्र उर्दू अकादमी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी द्वारा कलम की रोशनी श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी साहित्य, संस्कार एवं राष्ट्रबोध का समापन शुक्रवार को हिंदी भवन में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विभिन्न विद्वानों ने साहित्य, संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना के पारस्परिक संबंधों पर विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर मप्र उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी ने कहा कि संगोष्ठी के दौरान हुए विचार-विमर्श से यह स्पष्ट हुआ कि साहित्य केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक मूल्यों, संस्कारों और राष्ट्रीय चेतना को सुदृढ़ करने का प्रभावी साधन भी है।



### समाज के सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों के संवाहक हैं 'मुशायरे'

दिल्ली से आए विद्वान प्रो. ख़्वाजा मोहम्मद इकरामुद्दीन ने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के इस युग में मनुष्य ने अभूतपूर्व भौतिक सुविधाएं प्राप्त कर ली हैं, इसके साथ मानवीय संवेदनाओं में कमी दिखी। लखनऊ विवि के उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो. अब्बास रजा नैयर ने कहा कि मुशायरे केवल काव्य-पाठ की परंपरा नहीं, बल्कि समाज के सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों के संवाहक भी रहे हैं।

### भावनाएं, अनुभव और आशाएं व्यक्त करती शायरी

नोएडा से आईं लेखिका एवं शायरा अजरा नकवी ने कहा कि मुशायरा केवल मनोरंजन का मंच नहीं, बल्कि एक जीवंत सांस्कृतिक संवाद है, जहां शायरी के माध्यम से समाज की भावनाएं, अनुभव और आशाएं व्यक्त होती हैं। अच्छे अशआर श्रोताओं की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करते हुए जीवन के बोझ को हल्का करने और हौसला देने का कार्य करते हैं।

## विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं को किया सम्मानित




# टेक्नो इंडिया ग्रुप पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सेलिब्रेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टेक्नो इंडिया ग्रुप पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर शक्ति सम्मान के रुप में एकल माताओं को सम्मानित किया गया, इन माताओं ने अपने बच्चों को अकेले पाला है और उन्हें शिक्षा प्रदान की है। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईं डॉ. वीणा सिन्हा ने कहा कि कैसे उन्होंने एक डॉक्टर के रूप में काम के दौरान समाज में महिलाओं के प्रति भेदभाव को देखा और कैसे उन्होंने इसे बदलने का प्रयास किया। वहीं सरोकार संस्था की सचिव कुमुद सिंह ने महिलाओं को अपनी पहचान बनाने और समाज में अपनी जगह बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बेगम्स ऑफ भोपाल की हेड रक्षशां शमीम जाहिद ने कहा कि भोपाल की महिलाएं पहले से ही सशक्त रही हैं।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर साइंस सेंटर में छात्राओं ने जाना सूर्य का रहस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर आंचलिक विज्ञान केन्द्र, में 'गिव टू गेन' थीम के अंतर्गत विज्ञान कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। शुक्रवार को छात्राओं के लिए विशेष सत्र 'हमारा मूल तारा-सूर्य' आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सूर्य की संरचना, उसकी आंतरिक गतिशीलता और पृथ्वी पर जीवन के लिए उसकी ऊर्जा की भूमिका के बारे में सरल और वैज्ञानिक तरीके से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने सूर्य के केंद्र में होने वाली नाभिकीय संलयन प्रक्रिया, सूर्य



धब्बे, सौर चक्र और कोरोनल मास इजेक्शन जैसी सौर घटनाओं को भी समझाया। सत्र में भारत के आदित्य-एल1 मिशन और नेक्स्ट जेनरेशन लार्ज सोलर टेलीस्कोप पर भी चर्चा की गई।

## प्रदेश की समृद्ध हस्तशिल्प कला को किया प्रदर्शित

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विशेष हस्तशिल्प शो

## 9 मार्च तक चलने वाले शो में महिलाओं के लिए प्रदर्शित हुआ विशेष कलेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुक्रवार से चार प्रमुख स्थानों मृगनयनी जीटीबी कॉम्प्लेक्स, गौहर महल, बिट्टन मार्केट और जवाहर चौक स्थित मृगनयनी एंपोरियम में विशेष हस्तशिल्प शो का आयोजन किया। 9 मार्च तक चलने वाले शो में प्रदेश की समृद्ध हस्तशिल्प कला को प्रदर्शित किया गया है, जिसमें महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत की विशेष छूट दी गई है। शो के पहले दिन बड़ी संख्या में महिलाएं खरीदारी के लिए पहुंचीं। उन्होंने प्रदेश के प्रमुख हस्तशिल्प जैसे हेरिटेज कलेक्शन चंदेरी, बाग, महेश्वरी और अन्य डिजाइनर परिधानों को देखा।





**हस्तशिल्प को प्रोत्साहन देना है उद्देश्य**

शोरूम के प्रभारी अरविंद शर्मा ने बताया कि एम्पोरियम में महिलाओं ने खासतौर पर डिजाइनर ड्रेस मटेरियल और साड़ियों पर अपने पसंदीदा रंगों और पैटर्न की तलाश की। शो में प्रदर्शित प्रत्येक वस्तु में मध्यप्रदेश की कला और संस्कृति की झलक दिखाई देती है। महिलाओं ने इस अवसर पर न केवल खरीदारी की बल्कि स्थानीय कारीगरों की मेहनत और कला की सराहना भी की।



लोकसभा अध्यक्ष बिरला को हटाने का प्रस्ताव

# विपक्ष ने खुले तौर पर पक्षपातपूर्ण तरीके से काम करने का लगाया आरोप,118 सांसदों ने किए नोटिस पर हस्ताक्षर

**9 मार्च से शुरू हो रहा दूसरा सत्र**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू हो रहा है। माना जा रहा है कि लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला को हटाने के विपक्ष के प्रस्ताव पर चर्चा हो सकती है। विपक्ष ने उन पर आरोप लगाया है कि उन्होंने खुले तौर पर पक्षपातपूर्ण तरीके से काम किया है। कांग्रेस ने कहा है कि यह प्रस्ताव नियमों और परंपराओं के अनुसार है।

## ....प्रस्ताव को बताया नियमों के अनुरूप



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

## टीएमसी ने प्रस्ताव से किया किनारा

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस को छोड़कर बाकी सभी विपक्षी दलों ने स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि इस पर 9 मार्च को चर्चा होगी। जयराम रमेश ने यह भी बताया कि इस नोटिस पर 118 विपक्षी सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं।जयराम रमेश ने कहा कि यह एक स्वस्थ और लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। हमने जो प्रस्ताव दिया है, वह नियमों और परंपराओं के मुताबिक है। इससे पहले भी ऐसा हो चुका है। उदाहरण के लिए, 1954 में महान स्पीकर जी वी मावलंकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था।



**प्रस्ताव पर बहस होनी चाहिए**

जयराम ने कहा कि ये संसदीय लोकतंत्र के साधन हैं। विपक्ष को इसका पूरा अधिकार है। इस पर बहस होगी, देखते हैं उसके बाद क्या होता है। उन्होंने यह भी कहा कि हमने स्पीकर के पक्षपातपूर्ण व्यवहार के खास उदाहरण दिए हैं, जबकि विपक्षी सदस्यों पर झूठे आरोप लगाए गए। हमने पूरा संदर्भ बताया है और इस पर बहस होनी चाहिए।

### स्पीकर को हटाने की प्रक्रिया

अगले सोमवार को लोकसभा में ओम बिरला के खिलाफ प्रस्ताव पर चर्चा होगी। इस दौरान वह अध्यक्ष की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। वह सदस्यों के बीच बैठेंगे। नियमों के अनुसार बिरला को सदन में अपनी बात रखने और अपना बचाव करने का पूरा अधिकार होगा।

### पहले भी आ चुके हैं ऐसे प्रस्ताव

इससे पहले तीन लोकसभा अध्यक्षों - जी वी मावलंकर (1954), हुकम सिंह (1966) और बलराम जाखड़ (1987) के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए गए थे। सभी गिर गए थे।

### आरोप-विपक्ष के नेता को बोलने की अनुमति नहीं देते

लगभग 118 विपक्षी सदस्यों ने यह नोटिस दिया है। उनका आरोप है कि स्पीकर ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलने की अनुमति नहीं दी। इसके अलावा, आठ विपक्षी सांसदों को निलंबित भी कर दिया गया था। कांग्रेस की ओर से गौरव गोगोई, के सुरेश और मोहम्मद जावेद ने यह नोटिस लोकसभा सचिवालय को सौंपा था। संविधान के अनुसार जब अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को हटाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन हो, तो वह सदन की अध्यक्षता नहीं कर सकता है।

---

## खबर संक्षेप

### जशपुर में पलटी बस 5 की मौत, 20 घायल

**जशपुर।** जिले में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। झारखंड के कुरडेग से कुनकुरी आ



रही यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 5 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। 4 घायलों को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। कलेक्टर ने घटना की पुष्टि की है।

### 'कर्जमाफी' व 'लाडकी बहिण' जारी रहेगी

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कई अहम घोषणाएं की हैं। बजट



सत्रऔर अन्य चर्चाओं के दौरान सीएम ने विधानसभा के अंदर कई बड़े ऐलान किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाडकी बहिण योजना लगातार जारी रहेगी। पर्याप्त धनराशि की व्यवस्था की गई है। फिलहाल सत्यापन की प्रक्रिया चल रही है।

### रत्नागिरी में विस्फोट 11 लोग घायल

**रत्नागिरी।** महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में शुक्रवार को एक रासायन कारखाने में हुए भीषण विस्फोट में



कम से कम 11 लोग घायल हो गए। घटना मुंबई से करीब 250 किमी दूर लोटे परशुराम एमआईडीसी स्थित डॉ. खान इंडस्ट्रियल कंसल्टेंट्स इकाई में हुई। घायलों में ज्यादातर मजदूर हैं। उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### भरे बाजार में फायरिंग मोगा सरपंच की हत्या

**मोगा।** यहां के बाघापुराना में अज्ञात हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर गांव पत्तो हीरा सिंह के



मौजूदा सरपंच की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात शुक्रवार को हुई। मृतक की पहचान हरपिंदर सिंह हैप्पी के रूप में हुई है। हरपिंदर बाघापुराना-कोटकपूरा रोड स्थित सूजन जिम के संचालक भी थे।

---

ओडिशा में सीआईएसएफ के स्थापना दिवस समारोह में बोले गृह मंत्री शाह

# 'बल' ने औद्योगिक विकास, देश की अर्थव्यवस्था को दी मजबूती, 31 तक रेड कारिडोर होगा खत्म

**केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को सराहा**



एजेंसी ▶▶ कटक

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को ओडिशा के मुंडली में सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) के 57वें स्थापना दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। उन्होंने 890 करोड़ की लागत से 3 आवासीय परिसरों (कामरूप, नासिक और सीहोर) का शिलान्यास और 2 आवासीय परिसरों (राजरहाट और दिल्ली) का लोकार्पण किया।

समारोह में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, सीआईएसएफ के महानिदेशक और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। शाह ने कहा कि सीआईएसएफ ने 56 वर्षों में औद्योगिक सुरक्षा क्षेत्र में शून्य से शिखर तक का सफर तय किया है। उन्होंने बल, त्याग और समर्पण की इस यात्रा को औद्योगिक विकास और देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती से जोड़ा। गृह मंत्री ने कहा कि औद्योगिक विकास को सुरक्षित बनाने के लिए सीआईएसएफ की भूमिका अहम है और देश के हवाई अड्डे, बंदरगाह और बड़ी औद्योगिक इकाइयां इसकी सुरक्षा पर निर्भर हैं।

## उन्होंने 890 करोड़ की लागत से 3 आवासीय परिसरों का शिलान्यास और 2 आवासीय परिसरों का किया लोकार्पण

### नक्सलवाद से मुक्त करने में अहम भूमिका

प्रधानमंत्री के लक्ष्य के तहत 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त करने में सीआईएसएफ अहम भूमिका निभा रहा है। गृह मंत्री ने बताया कि ओडिशा, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में सीआईएसएफ नक्सलरोधी अभियानों में सक्रिय रहा है और तिरुपति से पशुपतिनाथ तक रेड कॉरिडोर के स्वप्न देखने वालों को पूरी तरह परास्त किया जाएगा।

### सीआईएसएफ की उपलब्धियां और नई जिम्मेदारियां



कार्यक्रम में गृहमंत्री शाह

शाह ने बताया कि सीआईएसएफ अब भारत के 70 हवाई अड्डों सहित 361 महत्वपूर्ण संस्थानों की सुरक्षा कर रहा है। ड्रोन सुरक्षा में भी इसे नोडल एजेंसी बनाया गया है। सीआईएसएफ निजी औद्योगिक समूहों को भी हाइब्रिड मोड में सुरक्षा प्रदान करेगा।

### 13,693 पदक दिए गए

शाह ने सीआईएसएफकर्मियों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि अब तक वीरता और विशिष्ट सेवा के लिए 13,693 पदक प्राप्त किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि सीआईएसओफ ने हमेशा अपने कर्तव्यों में उत्कृष्टता दिखाई है और देश की सुरक्षा में मिसाल कायम की है।

### भविष्य की योजनाएं और प्रधानमंत्री के लक्ष्य

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2047 तक देश को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने और 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य में सीआईएसएफ एक कैटलिस्ट की भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक सुरक्षा और देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करना राष्ट्र के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**रेड कॉरिडोर का सपना देखने वाले हो जाएंगे नाकाम**

शाह ने कहा कि देश को 31 मार्च तक नक्सलवाद से मुक्त बना दिया जाएगा। सुरक्षा बल उन लोगों के मंसूबों को विफल कर देंगे जो तिरुपति से पशुपतिनाथ मंदिर तक तथाकथित रेड कॉरिडोर बनाने का सपना देख रहे हैं। हमारे सुरक्षा बल उन ताकतों को हराएंगे, जो रेड कॉरिडोर बनाने का सपना देख रहे हैं।

## शाह का ऐलान- नक्सलवाद का खात्मा तय

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश से नक्सलवाद खत्म करने को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि 31 मार्च तक भारत पूरी तरह नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। कटक में आयोजित सीआईएसएफ के 57वें स्थापना दिवस समारोह में संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि सुरक्षा बल उन नक्सली समूहों को पूरी तरह परास्त कर देंगे, जिन्होंने कभी तिरुपति से पशुपतिनाथ तक फैले तथाकथित 'रेड कॉरिडोर' पर कब्जा जमाने की कोशिश की थी। शाह बोले कि मैं सभी नागरिकों को भरोसा दिलाना चाहता हूं कि 31 मार्च तक यह देश नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। हमारे सुरक्षा बल उन लोगों को पूरी तरह हरा देंगे जिन्होंने कभी तिरुपति से पशुपतिनाथ तक रेड कॉरिडोर पर कब्जा किया था।

---

जेडीयू की बैठक में बड़ा खुलासा

# नीतीश के पुत्र निशांत करेंगे राजनीति, कल होगा ऐलान



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के सीएम नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार के सियासत में आने को लेकर चर्चा लंबे समय से चल रही है। चुनाव से पहले भी निशांत के सियासी आगाज को लेकर कयासों का लंबा दौर चला था। अब नीतीश ने जब राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन कर दिया है और उनका दिल्ली की सियासत में जाना तय हो चुका है। यहां के सियासी हलकों में निशांत का नाम फिर से चर्चा का विषय बन गया है। नीतीश के सीएम की कुर्सी छोड़ने के बाद अब निशांत कुमार का नाम डिप्टी सीएम की रेस में बताया जा रहा है। निशांत के सियासी डेब्यू की तारीख भी करीब तय हो चुकी है। शुक्रवार को पटना में जेडीयू नेताओं, विधायकों की बैठक में भी निशांत के राजनीति में आने की मांग उठी। इस पर पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने यह कहा कि निशांत कुमार राजनीति में आएंगे।

### 8 मार्च को लेंगे पार्टी की सदस्यता

झा ने इसी मीटिंग में निशांत के सियासी डेब्यू की तारीख भी बताई। उन्होंने यह भी कहा कि निशांत कुमार 8 मार्च को जेडीयू की सदस्यता औपचारिक रूप से ले सकते हैं। निशांत 8 मार्च को शाम तीन बजे जेडीयू की सदस्यता ग्रहण करेंगे। बैठक में विधायक नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले से मायूस नजर आए। मीटिंग के दौरान कुछ विधायकों ने अपनी बात रखी। विधायकों ने सीएम नीतीश से राज्यसभा जाने के फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की। सीएम नीतीश कुमार ने विधायकों को भरोसा दिया कि हम राज्यसभा जा रहे हैं, लेकिन बिहार आएंगे ही। उन्होंने आश्वस्त किया कि आप लोगों को कोई परेशानी नहीं होगी। चिंता मत करिए।

### भावुक हुए कई विधायक, मैं हूं न, काम कीजिए

मुख्यमंत्री आवास 1 अणे मार्ग पर जेडीयू नेताओं की अहम बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को देखते ही कई विधायक और नेता भावुक हो गए। जैसे ही नीतीश बैठक कक्ष में पहुंचे, वहां मौजूद सभी नेताओं ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भी हाथ जोड़कर सभी नेताओं का अभिवादन किया। बताया जा रहा है कि माहौल काफी भावुक हो गया और कई नेता अपनी भावनाएं छिपा नहीं सके। नीतीश ने कहा कि मैं राज्यसभा जा रहा हूं। आपलोगों को कोई दिक्कत नहीं होगी। हम बिहार भी रहेंगे सब काम होते रहेगा, कोई चिंता मत कीजिए।

---

आंध्र के मुख्यमंत्री का ऐलान

# तीसरा बच्चा होने पर सरकार देगी 25,000 रुपए, मुफ्त शिक्षा

एजेंसी ▶▶ अमरावती

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू राज्य में गिरती प्रजनन दर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने विधानसभा में जनसंख्या प्रबंधन नीति का प्रस्ताव भी रखा था। अब इस नीति के तहत सरकार खुले तौर पर लोगों को तीसरे बच्चे के जन्म के लिए प्रोत्साहित करने की तैयारी कर रही है। माता-पिता को अतिरिक्त अवकाश और महिलाओं के लिए कई अन्य सुविधाएं देने की भी बात कही जा रही है। राज्य सरकार ने जनसंख्या बढ़ाने के उद्देश्य से



पोषण, शिक्षा और सुरक्षा पैकेज की शुरुआत की है। इसके तहत अगर कोई परिवार तीसरे बच्चे को जन्म देता है तो उसे 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके अलावा तीसरे बच्चे को पांच साल तक हर महीने एक हजार रुपए सीधे खाते में दिए जाएंगे। वहीं, बच्चे के 18 साल की उम्र तक मुफ्त शिक्षा की गारंटी भी दी जाएगी।

---

जैसलमेर में चादर महोत्सव में भागवत

# समाज बंटेंगे तो होते रहेंगे हमले आंतरिक एकता को बनाए रखें

एजेंसी ▶▶ जैसलमेर

संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने जैसलमेर में आयोजित चादर महोत्सव के दौरान एकता और सद्भावना का संदेश देते हुए कहा कि दुनिया में युद्ध और कलह इसलिए नहीं थम रहे क्योंकि हम अपनी आंतरिक एकता को भूल चुके हैं। जब तक हम स्वार्थ को त्याग कर एक मजबूत समाज के रूप में खड़े नहीं होंगे तब तक सच्ची शांति नहीं आएगी। भागवत ने कहा कि समाज अपनी एकता को नहीं पहचाना इसलिए दुनिया भर में कलह जारी



है। लोग मन की करूणा भूल गए हैं। लोग इस सत्य को भूल गए कि हम दिखते अलग अलग हैं लेकिन सब एक हैं। संघ प्रमुख ने कहा कि जब पहला महायुद्ध हुआ तो दोबारा जंग न हो इसके लिए 'लीग आफ नेशंस' की स्थापना की गई लेकिन वह भी नहीं चली। फिर दूसरा महायुद्ध हो गया। आज संयुक्त राष्ट्र निष्प्रभावी है। युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहे हैं।

---

कोल्लम में महात्मा गांधी की शिवगिरि मठ यात्रा पर बोले राहुल

# अंधकार की ओर बढ़ रहे राजनीति,अंतरराष्ट्रीय संबंध', आज असहमति पर की जा रही हिंसा

एजेंसी ▶▶ कोल्लम

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कोल्लम में महात्मा गांधी की शिवगिरि मठ यात्रा की 100वीं वर्षगांठ पर जनसभा को संबोधित किया, जहां उन्होंने श्री नारायण गुरुदेवन से मुलाकात की थी। राहुल ने कहा कि संविधान में क्षमा है, नारायण गुरुजी में क्षमा है। वर्तमान में राजनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंध ज्ञान से दूर, अंधकार की ओर बढ़ रहे हैं। चाहे राजनीति हो या अंतरराष्ट्रीय संबंध, दूसरे व्यक्ति को समझने का कोई प्रयास नहीं किया जाता।

### इस दौरान छात्रों से संवाद भी किया

**हमारे यहां की राजनीति में भी यही हाल**



आज दूसरे व्यक्ति को समझने का कोई प्रयास नहीं किया जाता, बस बम गिराकर मार डाला जाता है। हमारे यहां की राजनीति में भी यही हाल है। अगर आप किसी से सहमत नहीं होते, तो आप उस पर हमला करते हैं या हिंसक हो जाते हैं।

**राजनीति अप्रिय काम**

छात्रों से बात करते हुए राहुल ने कहा कि आप राजनीति में आना चाहते हैं, तो यह एक अप्रिय काम है। यह बहुत मुश्किल काम है।

---

अनिल अंबानी समूह एक बार फिर निशाने पर

बैंक लोन में हेराफेरी पर कार्रवाई

# डिजिटल साक्ष्य और अहम दस्तावेज जब्त,12 स्थानों पर ईडी ने मारा छापा

## 15 टीमों ने दिया इसे अंजाम

एजेंसी ▶▶ मुंबई

देश के प्रमुख कारोबारी घरानों में शुमार अनिल अंबानी समूह एक बार फिर केंद्रीय जांच एजेंसी के निशाने पर है। ईडी ने शुक्रवार सुबह रिलायंस पावर से जुड़े मुंबई और हैदराबाद के 10 से 12 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की।करीब 15 टीमों ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया, जिसमें डिजिटल साक्ष्य और महत्वपूर्ण दस्तावेजों को कब्जे में लिया गया है। यह कार्रवाई बैंक ऋणों के कथित दुरुपयोग, संदिग्ध



वित्तीय लेनदेन और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ी जांच के तहत की जा रही है। जांच एजेंसी को अंदेशा है कि बैंकों से लिए गए कर्ज के फंड को जटिल कॉरपोरेट संरचनाओं के जरिए डायवर्ट किया गया है।

### मनी लॉन्ड्रिंग और फेमा उल्लंघन का संदेह

प्रवर्तन निदेशालय इस मामले में पीएमएलए के तहत जांच कर रही है। इसके साथ ही, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा ) के संभावित उल्लंघन की भी संभावना जताई गई है। जांचकर्ताओं को संदेह है कि समूह ने एक जटिल नेटवर्क का इस्तेमाल कर धन को इधर-उधर भेजा है। बताया जा रहा है कि अनिल अंबानी के कारोबारी समूह के खिलाफ पहले से ही तीन मनी लॉन्ड्रिंग केस दर्ज हैं।

---

प्रधानमंत्री ने बजट पश्चात वेबिनार को किया संबोधित

# कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने पर दिया जोर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पीएम मोदी ने कृषि और ग्रामीण परिवर्तन विषय पर बजट पश्चात वेबिनार के तीसरे सत्र में प्रतिभागियों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि बजट में दिए गए सुझावों का परिणाम दिख रहा है। कृषि भारत की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार और दीर्घकालीन विकास का स्ट्रैटेजिक पिलर है। करीब 10 करोड़ किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 4 लाख करोड़ रुपए मिले हैं। एमएसपी सुधारों से किसानों को डेढ़ गुना तक अधिक रिटर्न मिल रहा है।

**खास बातें**

- एमएसपी सुधार और किसानों के लिए आर्थिक सुरक्षा
- किसानों से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का किया आग्रह
- पशुपालन देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का हाई ग्रोथ पिलर



इस दौरान किसानों को समझाइश भी दी



### हाई-वैल्यू एग्रीकल्चर और फिशरीज और पशुपालन अपनाएं

पीएम मोदी ने हाई-वैल्यू एग्रीकल्चर, जैसे नारियल, काजू, कोको और चंदन पर विशेष जोर दिया। नॉर्थ ईस्ट और हिमालयन राज्यों में टेम्परेट नट और अगरवुड क्रॉप्स को बढ़ावा देने का प्रस्ताव बजट में रखा गया है।

### क्रॉप डायवर्सिफिकेशन और प्राकृतिक खेती

केवल एक ही फसल पर निर्भर रहना जोखिम भरा है। इसलिए क्रॉप डायवर्सिफिकेशन, नेचुरल फार्मिंग और केमिकल-फ्री खेती पर जोर दिया गया।

### हाईवे से आवागमन होगा आसान

पीएम मोदी ने कहा कि वैश्विक स्तर पर ऑर्गेनिक डाइट, ऑर्गेनिक फूड और समग्र स्वास्थ्य देखभाल के प्रति लोगों की रुचि बढ़ रही है। ऐसे में भारत के किसानों के लिए प्राकृतिक खेती और केमिकल-फ्री उत्पाद वैश्विक बाजारों तक पहुंचने का एक हाईवे बन सकते हैं।

### 2029 तक तीन करोड़ और लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य

उन्होंने कहा कि सरकार ने वर्ष 2029 तक तीन करोड़ और लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की आय बढ़ेगी।


## ट्रंप को ईरान के विदेश उप मंत्री सईद खतीबजाह की दो टूक

# न्यूयॉर्क का मेयर चुन नहीं सकते, तेहरान पर दावा कर रहे




**ईरान को समाप्त करने की एक सोची समझी साजिश है**

*डॉ. खतीबजादेह ने कहा कि अमेरिका और इजराइल की संयुक्त कार्रवाई ईरान के अस्तित्व को समाप्त करने की एक सोची-समझी साजिश है। उन्होंने इस संघर्ष को 'वीरतापूर्ण, राष्ट्रवादी युद्ध' बताया, जिसका उद्देश्य आक्रामक शक्तियों को पीछे धकेलना है। उन्होंने कहा कि ईरान को अपनी रक्षा के लिए कड़े कदम उठाने होंगे*



डॉ. सईद खतीबजादेह

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजराइल के साथ बढ़ते संघर्ष के बीच ईरान के उप विदेश मंत्री डॉ. सईद खतीबजादेह ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। दिल्ली में रायसीना डायलॉग 2026 में बोलते हुए उन्होंने कहा कि तेहरान के पास आक्रामक शक्तियों के खिलाफ जहां से भी अमेरिकी हमले शुरू हो रहे हैं, उन्हें निशाना बनाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। डॉ. खतीबजादेह ने कहा कि अमेरिका और इजराइल की संयुक्त कार्रवाई ईरान के अस्तित्व को समाप्त करने की एक सोची-समझी साजिश है।

उन्होंने इस संघर्ष को 'वीरतापूर्ण, राष्ट्रवादी युद्ध' बताया, जिसका उद्देश्य आक्रामक शक्तियों को पीछे धकेलना है। उन्होंने कहा कि ईरान को अपनी रक्षा के लिए कड़े कदम उठाने होंगे। डॉ. खतीबजादेह ने ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान में नेतृत्व परिवर्तन की मांग कर रहे हैं, जबकि वे न्यूयॉर्क के मेयर की नियुक्ति तक नहीं कर सकते। क्या आप इस औपनिवेशिक रवैये की कल्पना कर सकते हैं? एक ओर वे अपने देश में लोकतंत्र देखना चाहते हैं, वहीं दूसरी ओर वे ईरान के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति को पद से हटाना चाहते हैं।'

**युद्ध के पीछे 'सत्ता की राजनीति' और 'ग्रेटर इजराइल' का भ्रम**

**ईरान फारस की खाड़ी में अमेरिकी उपस्थिति को समाप्त करेगा**



ईरान ने अजरबैजान के नखचिवान अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ड्रोन से हमला किया

### कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ

*ईरान के उप-विदेश मंत्री ने अमेरिका और इजराइल की कार्रवाइयों को अंतरराष्ट्रीय कानूनों और मानदंडों के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि ईरान की ओर से किसी भी प्रकार का उकसावा नहीं हुआ था। उन्होंने इस आक्रामकता के पीछे 'सत्ता की राजनीति और 'ग्रेटर इजराइल' के भ्रम' को जिम्मेदार ठहराया। खतीबजादेह ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के अस्तित्व को समाप्त करने का फैसला किया है, जबकि इजराइल दशकों से 'ग्रेटर इजराइल' के अपने भ्रम के कारण इसका वादा करता रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि ईरान के पास फारस की खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी उपस्थिति को समाप्त करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।*

### ईरान लंबे युद्ध के लिए तैयार: नैनी



इस्लामिक रिवोल्यूशन गाड्र्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के एक प्रवक्ता ने कहा कि ईरान लंबे युद्ध के लिए पूरी तरह तैयार है और ऐसे एडवांस्ड हथियार लाने वाला है जिनका अभी तक इस लड़ाई में इस्तेमाल नहीं हुआ है। एक बयान में ब्रिगेडियर जनरल अली मोहम्मद नैनी ने कहा कि ईरान के दुश्मनों को आने वाले हमलों की नई लहर में दर्दनाक वार की उम्मीद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ईरान की नई कोशिशें और हथियार आने वाले हैं। इन टेक्नोलॉजी का अभी बड़े पैमाने पर इस्तेमाल नहीं किया गया है।

### भारत ने दी खामेनेई को श्रद्धांजलि



नई दिल्ली में ईरानी दूतावास में गुरुवार को एक विशेष शोक पुस्तिका रखी गई, जिसमें भारत सरकार की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने हस्ताक्षर कर ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की मौत पर संवेदना जताई। विदेश सचिव ने इस मौके पर ईरान के उपविदेश मंत्री सईद खतीबजादेह से भी मुलाकात की। खतीबजादेह भी शोक पुस्तिका में हस्ताक्षर करने के लिए दूतावास पहुंचे थे। हालांकि भारत ने अब तक खामेनेई की मौत पर सीधे कोई तीखी प्रतिक्रिया नहीं दी थी। ऐसे में विदेश सचिव का दूतावास जाकर शोक व्यक्त करना उनकी मौत की भारत की पहली आधिकारिक स्वीकारोक्ति माना जा रहा है।

### ईरानी जहाज की मदद के लिए कोलंबो पहुंची भारतीय नौसेना



आईएनएस तरंगिनी

*हाल ही में अमेरिकी हमले का शिकार हुए ईरान के जहाज आईआरआईएस डेना से जुड़े राहत-बचाव अभियान में मदद प्रदान करने के लिए भारतीय नौसेना का जहाज आईएनएस तरंगिनी 6 मार्च की सुबह कोलंबो पहुंच गया है। जिसका उद्देश्य राहत और बचाव कार्यों में सहयोग प्रदान करना है। वहीं, ईरान के एक बयान के मुताबिक, भारत और ईरान के विदेश मंत्रियों के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत में अमेरिका द्वारा निशाना बनाए गए ईरानी जहाज आईआरआईएस डेना के मामले पर भी चर्चा की गई थी। उधर, अमेरिका के ईरानी जहाज पर किए गए हमले के घटनाक्रम और उससे संबंधित उठते सवालों के बीच सरकार के सूत्रों ने बताया कि भारत ने कोच्चि में ईरान के तीसरे युद्धपोत आईआरआईएस लावन को शरण दी है। जिसके लिए बीते 28 फरवरी को ईरान ने अनुरोध किया था। मुख्य रूप से अनुरोध में यह कहा गया था कि जहाज में तकनीकी खामी के चलते इसका कोच्चि में रुकना बेहद जरूरी है।*

### ईरान ने स्कूल पर किया हमला: अजरबैजान



अजरबैजान के जुफिया शहर में ईरान के हमले से क्षतिग्रस्त स्कूल

दक्षिण काकेशस क्षेत्र में भी तनाव बढ़ गया है। अजरबैजान ने आरोप लगाया है कि ईरान के ड्रोन ने उसके नखचिवान क्षेत्र में हमला किया, जिससे एक एयरपोर्ट की इमारत को नुकसान हुआ और चार लोग घायल हो गए। अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने इसे आतंक और आक्रामकता बताया और कहा कि सेना को जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार रहने का आदेश दिया गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि जुफिया में एक स्कूल पर ईरान ने हमला किया है। हालांकि ईरान ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा है कि उसने अजरबैजान की ओर कोई ड्रोन नहीं भेजा।

### सऊदी अरब और जॉर्डन ने ईरानी ड्रोन मार गिराए

सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रियाद के पूर्व में ईरान के तीन ड्रोन नष्ट कर दिए हैं। वहीं, जॉर्डन के इरबिद शहर में हवाई रक्षा बलों ने कई ड्रोन मार गिराए हैं। बहरीन की राजधानी मनामा पर रात भर हुए हमलों में शहर के फाइनेंशियल हार्बर टावर्स वाणिज्यिक परिसर को निशाना बनाया गया। परिसर पर हमला इसलिए किया गया क्योंकि शहर में इजराइली दूतावास वहीं स्थित था। परिसर के आसपास एक ईरानी ड्रोन को रोका गया और नष्ट कर दिया गया।

### ईरान के हमले में कुवैत के 67 जवान घायल


ईरान के हमले में कुवैत के 67 जवान घायल हो गए हैं। वहीं सैकड़ों मिसाइलें और ड्रोन टारगेट पर पहुंचने से पहले ही नष्ट कर दिए हैं। कुवैत के रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता सऊद अल-अतवान ने कहा कि घायल लोगों का अस्पताल में इलाज जारी है और उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने आगे कहा कि दो लोगों को अभी भी मेडिकल निगरानी में रखा गया है।

### अमेरिका के पास 20 दिन का तेल!



ईरान से युद्ध के बीच अमेरिका में भी हाहाकार मची हुई है। ट्रंप की एक गलती से अमेरिका का तेल का भंडार तेजी से खाली हो रहा है। अमेरिका का स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व 1974 में बनाया गया था। इसका मकसद किसी भी बड़े युद्ध या संकट के समय देश में तेल की सप्लाई को बनाए रखना था। हालिया रिपोर्ट बताती है कि अमेरिका का यह रिजर्व अपनी कुल क्षमता 71.4 करोड़ बैरल के मुकाबले सिर्फ 41.5 करोड़ बैरल पर सिमट गया है। यह स्टॉक अमेरिका की जरूरतों के हिसाब से सिर्फ 20 दिनों के लिए ही काफी है। यूएस डिपार्टमेंट ऑफ एनर्जी के मुताबिक, इस खाली पड़े खजाने को फिर से भरने के लिए करीब 20 बिलियन डॉलर यानी भारी-भरकम रकम की जरूरत है। टेक्सास और लुइसियाना में बने अंडरग्राउंड स्टोरेज सेंटर्स में मेंटेनेंस का काम भी पेंडिंग पड़ा है। फंड की कमी की वजह से तेल की रिफिलिंग का काम सुस्त हो गया है।

### अमेरिका ने ईरान के 30 जहाजों को डुबोया




एक शीर्ष अमेरिकी सैन्य अधिकारी ने एडमिरल ब्रैड कूपर कहा कि अमेरिका ने युद्ध के दौरान 30 से अधिक ईरानी जहाजों को डुबो दिया है, जबकि तेहरान की सेनाओं द्वारा बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन हमलों में काफी कमी आई है। कूपन ने बताया कि 30 से अधिक जहाज डुबो दिए हैं, और पिछले कुछ घंटों में ही हमने एक ईरानी ड्रोन वाहक पोत को निशाना बनाया है, जिसका आकार लगभग द्वितीय विश्व युद्ध के विमानवाहक पोत के बराबर है।

### इजराइल का दक्षिणी बेरूत में कई जगह हमला

*इजराइल सेना का दावा है कि उसने दक्षिणी बेरूत के धाहियेह इलाके में 26 राउंड हमले किए हैं। सेना ने बताया कि उसने हिज्बुल्ला के इस्तेमाल किए जाने वाले अलग-अलग इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया है, जिसमें समूह की कार्यकारी परिषद का मुख्यालय और ड्रोन वाला एक वेयरहाउस शामिल है। वहीं लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार सोमवार से बेरूत समेत लेबनान पर हुए हमलों में कुल 123 लोग मारे गए हैं और 683 घायल हुए हैं।*

## खबर संक्षेप

### इंडोनेशिया में बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन

**जकार्ता।** इंडोनेशिया की संचार और डिजिटल मामलों की मंत्री मेउत्या हाफिद ने कहा कि देश में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। हाफिद ने कहा कि उन्होंने एक सरकारी नियम पर हस्ताक्षर किए हैं, 16 साल से कम उम्र के बच्चे अब यूट्यूब, टिकटॉक, फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स, बिगो लाइव और रोब्लोक्स पर अकाउंट नहीं बना सकेंगे।




### ईडी ने 441 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की

**अमरावती।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि उसने आंध्र प्रदेश शराब घोटाले में शामिल विभिन्न आरोपियों की 441 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति कुर्क कर ली है। यह घोटाला राज्य में पिछली वाईएसआरसीपी सरकार के दौरान हुआ था। जब्त की गई संपत्तियों में मुख्य आरोपी केसिरेड्डी राजशेखर रेड्डी, उनके परिवार के सदस्यों और संबंधित संस्थाओं की चल अचल संपत्तियां शामिल हैं।

### महिला का दावा: उसके साथ ट्रंप ने किया था शोषण

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के न्याय विभाग ने एपस्टीन फाइल्स को लेकर एक महिला ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। महिला ने जांचकर्ताओं को बताया कि जब वह 13 से 15 वर्ष की थी, तो एपस्टीन एक बार उसे न्यूयॉर्क या न्यू जर्सी ले गया था। वहां एक बड़ी इमारत में उसकी मुलाकात ट्रंप से हुई थी।



## वैश्विक तनाव के बीच रायसीना डायलॉग 2026 में बोले विदेश मंत्री एस. जयशंकर

# कोई देश अब खुद को नहीं कह सकता सर्वोच्च ताकत

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

वैश्विक तनाव के बीच विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि आज कोई भी देश पूरी तरह से हावी नहीं है। रायसीना डायलॉग 2026 में बोलते हुए विदेश मंत्री ने पिछले सात दशकों में वैश्विक शासन के विकसित होते स्वरूप पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जब हम इन 70 वर्षों को पीछे मुड़कर देखते हैं, तो मुझे लगता है कि 1945 या 1989 को हमेशा के लिए स्थिर करने की उम्मीद एक बहुत ही अवास्तविक उम्मीद थी। उन्होंने कहा कि 1945 या 1989 के बाद बने विश्व व्यवस्था को हमेशा के लिए बनाए रखने की उम्मीद करना अवास्तविक था। उन्होंने कहा कि पिछले 70 साल को अगर इतिहास के नजरिए से देखें तो यह भारत के हजारों साल के इतिहास का सिर्फ एक छोटा हिस्सा है, इसलिए दुनिया का बदलना स्वाभाविक है।




विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर

### वैश्विक व्यवस्था में बदलाव के पीछे दो बड़ी ताकतें

जयशंकर ने कहा कि वैश्विक व्यवस्था में बदलाव के पीछे दो बड़ी ताकतें काम कर रही हैं तकनीक (टेक्नोलॉजी) और जनसंख्या का स्वरूप (डेमोग्राफी)। आने वाले दशक में यही दोनों कारक दुनिया की दिशा तय करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आज वैश्विक राजनीति का विश्लेषण अक्सर अमेरिका के इर्द-गिर्द किया जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि दुनिया धीरे-धीरे कई ताकतों में बंट रही है। अब कोई भी देश ऐसा नहीं है, जो हर क्षेत्र-जैसे अर्थव्यवस्था, सैन्य शक्ति, तकनीक या कूटनीति में पूरी तरह से हावी हो।

### ताकत का मतलब जीडीपी नहीं

*विदेश मंत्री के मुताबिक आज ताकत का मतलब सिर्फ जीडीपी या सैन्य शक्ति नहीं रह गया है। दुनिया के अलग-अलग हिस्से अलग-अलग क्षेत्रों में मजबूत हो रहे हैं, इसलिए वैश्विक शक्ति अब कई देशों और क्षेत्रों में फैली हुई है।*

### भविष्य 'मल्टीपोलर' होने वाला

*जयशंकर ने कहा कि जीवन लगातार आगे बढ़ता है और अतीत के प्रति अत्यधिक लगाव ने उन ताकतों को नजरअंदाज कर दिया जो बदलाव ला रही थीं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भविष्य बहुत अधिक 'मल्टीपोलर' होने वाला है। उनके मुताबिक, आज दुनिया में कोई भी ऐसा देश नहीं है, जिसके पास इतने सारे क्षेत्रों में प्रभुत्व हो कि वह संपूर्ण 'हेजेमोन' (सर्वाधिकार संपन्न शक्ति) बन सके। यह केवल जीडीपी या क्षमताओं के वितरण के बारे में नहीं है, बल्कि दुनिया के अलग-अलग हिस्से अलग-अलग डोमेन में अधिक योगदान देंगे या उनकी क्षमताएं अधिक होंगी। शक्ति अब अपने विभिन्न आयामों में बहुत अधिक फैल चुकी है।*

### भारत अपनी भूमिका को लेकर तैयार

*विदेश मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि मौजूदा वक्त में विश्लेषण का एक बड़ा हिस्सा अमेरिका में हो रहे बदलावों के इर्द-गिर्द केंद्रित है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दुनिया को उन ताकतों को पहचानना होगा, जो परिवर्तन को बढ़ावा दे रही हैं। उन्होंने इशारा किया कि ग्लोबल ढांचे में बदलाव को स्वीकार करना ही प्रगति का एकमात्र रास्ता है। भारत इस नई और उभरती हुई विश्व व्यवस्था में अपनी भूमिका को लेकर तैयार है, जहां शक्ति का विकेंद्रीकरण हो चुका है।*

## मैरीटाइम कॉन्क्लेव में बोले राजनाथ

# पश्चिम एशिया में हो रहे घटनाक्रम 'बेहद असामान्य', अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा असर

एजेंसी ⏭ कोलकाता

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष का जिक्र करते हुए शुक्रवार को कहा कि बदलती भू-राजनीति के इस दौर में महासागर एक बार फिर दुनिया के शक्ति संतुलन के केंद्र में आ गए हैं और भारत की जिम्मेदारी है कि वह आत्मविश्वास एवं क्षमता के साथ नेतृत्व प्रदान करे। सिंह ने यहां मैरीटाइम कॉन्क्लेव 'सागर संकल्प' को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिम एशिया में जो हो रहा है, वह बेहद असामान्य है। इस समय इस पर कोई ठोस टिप्पणी करना कठिन है कि पश्चिम एशिया में परिस्थितियां आगे किस दिशा में जाएंगी। यदि हम होर्मुज जलडमरूमध्य या फारस की खाड़ी के पूरे क्षेत्र को देखें तो यह दुनिया की ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। जब इस क्षेत्र में अशांति या व्यवधान होता है तो इसका सीधा असर तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ता है। आज हम केवल ऊर्जा क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान देख रहे हैं। इन अनिश्चितताओं का सीधा प्रभाव अर्थव्यवस्था और वैश्विक व्यापार पर पड़ता है।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

### महासागर शक्ति के केंद्र में

*राजनाथ सिंह ने कहा कि बदलती वैश्विक भू-राजनीति के इस दौर में महासागर एक बार फिर दुनिया के शक्ति संतुलन के केंद्र में आ गए हैं। ऐसे समय में एक प्रमुख समुद्री राष्ट्र के रूप में भारत की जिम्मेदारी है कि वह आत्मविश्वास, क्षमता और स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ नेतृत्व प्रदान करे। उन्होंने कहा कि पहले समुद्र को सिर्फ व्यापार का एक जरिया माना जाता था, लेकिन आज हम उन्हें रणनीतिक दबदबे का केंद्र बनते हुए देख सकते हैं। वैश्विक स्तर पर बदलाव हो रहा है। पुरानी सोच, ग्लोबल ऑर्डर और मान्यताएं टूट रही हैं और हमें इन अनिश्चितताओं को समझना होगा। उन्होंने कहा कि आज जीवन के लगभग हर क्षेत्र में टेक्नोलॉजी अभूतपूर्व परिवर्तन ला रही है।*

## भारत-फिनलैंड के बीच एमओयू

# पर्यावरण सहयोग के तहत स्वच्छ ऊर्जा और अपशिष्ट प्रबंधन पर जोर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत और फिनलैंड के बीच पर्यावरण सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। दोनों देशों ने वर्ष 2020 में हस्ताक्षरित पर्यावरण सहयोग से जुड़े समझौता ज्ञापन का नवीनीकरण किया है, जिससे प्रदूषण नियंत्रण, अपशिष्ट प्रबंधन, चक्रीय अर्थव्यवस्था और जलवायु कार्रवाई के क्षेत्रों में साझेदारी को और मजबूती मिलेगी। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि फिनलैंड सरकार की जलवायु एवं पर्यावरण मंत्री सुश्री सारी मुलताला से मुलाकात करके मुझे बेहद खुशी हुई। भारत ने जलवायु परिवर्तन पर सहयोग को और मजबूत करने के लिए 2020 में हस्ताक्षरित पर्यावरण सहयोग समझौता ज्ञापन का नवीनीकरण किया है। बैठक के दौरान, चक्रीय अर्थव्यवस्था, स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन, सतत गतिशीलता और अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित विषयों पर सार्थक चर्चा की।



सारा मुलताला और भूपेंद्र यादव

## ट्रेनिंग मिशन पर था वायुसेना का विमान सुखोई एसयू-30 फाइटर जेट

# असम में क्रैश, दोनों पायलटों की मौत, सेना ने जताई संवेदनाएं

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना (आईएएफ) का फाइटर जेट सुखोई एसयू-30एमकेआई गुरुवार रात असम के कार्बी आंगलोंग जिले में क्रैश हो गया। इस हादसे में वायुसेना के दोनों पायलट की मौत हो गई है। भारतीय वायुसेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट में बताया कि आईएएफ ने बताया कि एसयू-30एमकेआई फाइटर जेट ट्रेनिंग मिशन पर था, जो कि जोरहाट से लगभग 60 किलोमीटर दूर असम के कार्बी आंगलोंग इलाके में क्रैश हुआ। आईएएफ स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश दुरागकर के निधन पर दुख जताता है, जिन्हें एसयू-30 क्रैश में जानलेवा चोटें आईं। आईएएफ के सभी कर्मचारी गहरी संवेदना जताते हैं, और इस दुख की घड़ी में दुखी परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं।

**दुरागकर ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा थे**



स्क्वाड्रन लीडर अनुज



पुरवेश दुरागकर

### गुरुवार रात गायब हुआ था विमान

*भारतीय वायुसेना ने बीते दिन गुरुवार, 5 मार्च को रात 9 बजकर 34 मिनट पर फाइटर जेट के गायब होने की खबर दी थी। इस फाइटर जेट ने असम के जोरहाट से उड़ान भरी थी और आखिरी बार शाम 7 बजकर 42 मिनट पर संपर्क में आया था। एसयू-30एमकेआई एक दो-सीटर फाइटर जेट है जिसे रूसी एयरक्राफ्ट बनाने वाली कंपनी सुखोई ने बनाया है। इस फाइटर जेट के गायब होने के साथ ही आईएएफ ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया था।*

### बेटे ने देश की सेवा में बलिदान दिया



*फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश दुरागकर के पिता रविंद्र दुरागकर ने कहा कि उनका बेटा ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा था, यह बात हमें ऑपरेशन सिंदूर को रोके जाने के 15 दिन बाद पता चली। उस दौरान हमारा उससे कोई संपर्क नहीं था। उन्होंने कहा कि मेरे बेटे ने देश की सेवा में अपना बलिदान दिया। सभी को उससे प्रेरणा लेनी चाहिए। बेटे ने स्कूली शिक्षा नागपुर से ली थी और उनकी अभी शादी नहीं हुई थी। उनके परिवार माता-पिता और एक बहन जीवित हैं, जो अमेरिका में रहती हैं।*

### अनुज की शादी की तैयारियां चल रही थीं



*अनुज वशिष्ठ के मामा व हरियाणा पुलिस से सेवानिवृत इंस्पेक्टर चंद्रप्रकाश भारद्वाज ने कहा कि अनुज की शादी की तैयारी घर में जोर-शोर से चल रही थी। रिश्तेदारों का आना-जाना लगा हुआ था और परिवार के सदस्य शादी की तैयारियों में व्यस्त थे। जल्द ही उनकी शादी होने वाली थी। उनके मामा ने कहा कि अनुज वशिष्ठ गुरुग्राम के सेक्टर-22 के निवासी थे। उनके पिता आनंद कुमार सेना में सुबेदार रह चुके हैं। अनुज ने बीटेक करने के बाद टीसीएस कंपनी में कुछ ही समय तक काम किया। करीब दस वर्ष पहले भारतीय वायुसेना ज्वाइन की थी।*



# टी20 विश्व कप में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' की दौड़ में सैमसन, बुमराह बाहर



एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शानदार फॉर्म में चल रहे भारतीय सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन का नाम उन आठ खिलाड़ियों में शामिल किया है, जिन्हें टी20 विश्व कप के 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' के लिए नामित किया गया है। जिन अन्य खिलाड़ियों को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है उनमें इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स, पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान, दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी और कप्तान एडन मार्क्रम, न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रविंद्र और बल्लेबाज टिम सीफर्ट और अमेरिकी गेंदबाज शैडली वैन शाल्कविक शामिल हैं। जसप्रीत बुमराह का नाम दावेदारों की लिस्ट में नहीं है।

### सैमसन ने 201.73 के स्ट्राइक रेट से बनाए रन

सैमसन को टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में खेलने का मौका नहीं मिला था लेकिन पिछले दो मैच में उन्होंने नाबाद 97 और 89 रन की पारी खेल कर भारत को फाइनल में पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने टूर्नामेंट में अब तक चार मैच में 77.33 के औसत और 201.73 के स्ट्राइक रेट से 232 रन बनाए हैं।



### फरहान ने बनाया सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड

जैक्स ने टी20 विश्व कप में अपनी टीम को आठ में से छह मैच जिताने में अहम भूमिका निभाई है। उन्हें चार बार प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला है। उन्होंने आठ मैचों में 226 रन बनाए और नौ विकेट लिए हैं। फरहान ने छह पारियों में 383 रन बनाकर टी20 विश्व कप के किसी एक टूर्नामेंट में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने श्रीलंका और नामीबिया के खिलाफ शतक बनाए। किसी एक टी20 विश्व कप में यह कारनामा करने वाले वह पहले बल्लेबाज हैं।

### बुमराह का न होना हैरान करने वाला है

क्रिकेट फ़ैन हैरान हैं कि आईसीसी ने जसप्रीत बुमराह को दावेदारों की लिस्ट में शामिल नहीं किया है, जिन्होंने पूरे सीजन में सही बॉलिंग की और टीम इंडिया को जीत दिलाई। 2019 वर्ल्ड कप में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में उन्होंने 4 ओवर में 33 रन देकर 1 विकेट लिया था। उन्होंने 18वें ओवर में सिर्फ 6 रन देकर मैच का पासा पलट दिया और टीम इंडिया की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस एडिशन में बुमराह ने 7 मैचों में 6.62 की इकॉनमी से 10 विकेट लिए थे।

### प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के नॉमिनी

विल जैक्स (इंग्लैंड) - 8 मैचों में 9 विकेट और 226 रन
साहिबजादा फरहान (पाकिस्तान) - 7 मैच, 383 रन
लुंगी एनगिडी (साउथ अफ्रीका) - 7 मैच, 12 विकेट
एडेन मार्करम (साउथ अफ्रीका) - 8 मैच, 286 रन
रचिन रवींद्र (न्यूज़ीलैंड) - 8 मैच, 128 रन, 11 विकेट
शैडली वैन शल्कविक (**USA**) - 4 मैच, 13 विकेट
टिम सीफ़र्ट (न्यूज़ीलैंड) - 8 मैच, 274 रन
संजू सैमसन (इंडिया) - 4 मैच, 232 रन

### रविंद्र ने दिया महत्वपूर्ण योगदान

एनगिडी ने सात मैचों में 7.19 की इकॉनमी रेट से 12 विकेट लिए जबकि उनके कप्तान मार्क्रम ने आठ मैचों में तीन अर्धशतक की मदद से 286 रन बनाए और एक विकेट भी लिया। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रविंद्र ने बल्ले और गेंद दोनों से अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने अब तक आठ मैचों में 128 रन बनाए हैं और 11 विकेट लिए हैं।

### शाल्कविक ने पेश की मिसाल

अमेरिका भले ही ग्रुप चरण से बाहर हो गया, लेकिन तेज गेंदबाज वैन शाल्कविक ने गेंदबाजों के लिए एक मिसाल पेश की। उन्होंने केवल चार मैच में 6.80 की इकॉनमी रेट से 13 विकेट लिए। विकेटकीपर बल्लेबाज सीफर्ट ने न्यूजीलैंड को टी20 विश्व कप के फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने आठ मैचों में 274 रन बनाए हैं। टूर्नामेंट का फाइनल भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को अहमदाबाद में खेला जाएगा।

## खबर संक्षेप



### पहले दौर में बाहर वीनस

**इंडियन वेल्स।** वीनस विलियम्स का वापसी के बाद खराब प्रदर्शन जारी है और उन्हें बीएनपी पारिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली 45 वर्षीय वीनस को पहले दौर में फ्रांस की डायने पैरी ने 6-3 6-7(4) 6-1 से हराया। इस तरह से वीनस अपने पिछले आठ डब्ल्यूटीए मैच हार चुकी हैं। वीनस ने दूसरे सेट में अच्छा खेल दिखाया लेकिन विश्व रैंकिंग में 111वें स्थान पर काबिज 23 वर्षीय पैरी ने तीसरे सेट में फिर से नियंत्रण बना दिया और आसानी से जीत दर्ज की। वीनस ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लिया था लेकिन एकल और युगल दोनों में पहले दौर में ही हार गईं थी।

### रैपिड फायर पिस्टल में शेखावत ने हासिल की बढ़त



**नई दिल्ली।** भावेश शेखावत ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स टी3 में 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा के पहले चरण के बाद बढ़त हासिल की। राजस्थान के इस निशानेबाज ने पहले चरण की तीनों सीरीज में कुल 294 का स्कोर बनाया। तीन सीरीज में उनका स्कोर 99, 99 और 96 रहा। ओलंपियन अनीश भानवाला 291 (97,98,96) के कुल स्कोर के साथ दूसरे और राजकंवर सिंह संधू 291 (96,98,97) के कुल स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर हैं। राष्ट्रीय चैंपियन सूरज शर्मा ने 290 (98,95,97) अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं। इस प्रतियोगिता में शनिवार को 10 मीटर राइफल के क्वालीफाइंग और फाइनल मुकाबले होंगे। इसी दिन 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा का दूसरा चरण और फाइनल होगा।

### 26 मार्च से खेलो इंडिया आदिवासी खेल




**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के तीन शहरों रायपुर, जगदलपुर और सरगुजा में 26 मार्च से 6 अप्रैल तक पहले खेलो इंडिया आदिवासी खेल (केआईटीजी) का आयोजन किया जाएगा। केआईटीजी में पदक वाले सात खेल एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, भारोत्तोलन, तीरंदाजी, तैराकी और कुश्ती शामिल होंगे। इसके अलावा दो प्रदर्शनी खेल मल्लखंब और कबड्डी भी इसका हिस्सा होंगे। इन खेलों में भारत के अधिकांश राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों खिलाड़ी भाग लेंगे।' खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा, 'खेलो इंडिया आदिवासी खेल खेलों को विस्तार देने के हमारे प्रयासों का हिस्सा है, जो खेलने के इच्छुक हर युवा को अवसर प्रदान करता है।

**पिंक बॉल टेस्ट :** पहली पारी में 198 रन पर सिमटी भारतीय टीम, एनाबेल ने झटके 4 विकेट

# 200 रन का आंकड़ा पार नहीं कर पाई टीम इंडिया, जेमिमा ने खेली अर्धशतकीय पारी

एजेंसी ▶▶| पर्थ

भारतीय महिला क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया के बीच एकमात्र टेस्ट मैच वाका के मैदान पर खेला जा रहा है। शुक्रवार को पहली पारी में भारत की पूरी टीम 198 रन बनाकर ऑलआउट हुई। पिंक बॉल से खेले जा रहे टेस्ट में एनाबेल सदरलैंड ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट अपने नाम किए। वहीं, भारत की ओर से जेमिमा रोड्रिग्स ने अर्धशतकीय पारी खेली। पिंक बॉल टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने टॉस जीतकर पहले भारत को बल्लेबाजी करने का न्योता दिया। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और स्मृति मंधाना महज 4 रन बनाकर आउट हुईं। प्रतीका रावल ने 3 चौकों की मदद से 18 रन बनाने के बाद एनाबेल सदरलैंड का शिकार बनीं। टीम इंडिया 200 रन का आंकड़ा भी पार नहीं कर सकी।



### अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम शेफाली

शेफाली वर्मा अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहीं और 35 रन बनाकर आउट हुईं। जेमिमा रोड्रिग्स ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 84 गेंदों में 52 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी में जेमिमा ने 7 चौके लगाए। हालांकि, उन्हें दूसरे छोर से बाकी बल्लेबाजों का साथ नहीं मिल सका। कप्तान हरमनप्रीत कौर भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकीं और 19 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। दीप्ति शर्मा ने अपने प्रदर्शन से निराश किया और वह 7 रन बनाकर आउट हुईं। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा घोष 41 गेंदों का सामना करने के बाद सिर्फ 11 रन ही बना सकीं। स्नेह राणा 5 रन बनाकर आउट हुईं। काश्वी गौतम 54 गेंदों में 34 रन बनाकर नाबाद रहीं। क्रांति गौड़ एक रन ही बना सकीं। सायली सतघरे ने सिर्फ 7 रनों का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से गेंदबाजी में एनाबेल सदरलैंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 17 ओवर में 46 रन देकर 4 विकेट अपने नाम किए। वहीं, लूसी हैमिल्टन ने 31 रन खर्च करते हुए 3 विकेट चटकाए, जबकि डार्सी ब्राउन ने दो विकेट झटके। एश्ले गार्डनर ने ऋचा घोष का विकेट अपने नाम किया। भारतीय टीम ने पर्थ की उछाल भरी पिच पर लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए।

### पहले दिन टीम इंडिया ने चटकाए 3 विकेट

पहले दिन का खेल खत्म होने पर ऑस्ट्रेलिया की तरफ से एलिस पेरी 43 और एनाबेल सदरलैंड 20 रन बनाकर खेल रही थी। वहीं इससे पहले एलिसा हीली, फोएबे लिचफील्ड और जॉर्जिया वॉल पवेलियन लौट गई थी। गेंदबाजी में टीम इंडिया की तरफ से अब तक सयाली सतघरे ने 2 जबकि क्रांति गौड़ ने एक विकेट हासिल किया है।



टी20 विश्व कप

# ब्रूक का शानदार कैच लेकर आनंद आया : अक्षर पटेल



एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय उप कप्तान अक्षर पटेल ने टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड की सात रन की रोमांचक जीत में बेहतरीन क्षेत्ररक्षण का शानदार नमूना पेश किया और उन्होंने कहा कि इस पूरे मैच के दौरान ऐसा लग रहा था मानो गेंद उनका पीछा कर रही हो।

भारत में सेमीफाइनल में पहुंचने से पहले 13 कैच छोड़े थे लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ उसके क्षेत्ररक्षकों ने अच्छा प्रदर्शन किया।

अक्षर पटेल ने खेल के दो अलग-अलग लेकिन महत्वपूर्ण चरणों में खतरनाक हैरी ब्रूक और विल जैक्स को आउट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अक्षर ने कवर पोजीशन से 24 मीटर पीछे दौड़कर शानदार कैच लेकर ब्रूक को पवेलियन भेजा। इसके बाद अर्शदीप सिंह की वाइड फुल टॉस गेंद को जैक्स ने डीप पॉइंट की ओर खेला। अक्षर ने अपनी बाईं ओर दौड़कर गेंद को लपका लेकिन सीमा रेखा पर संतुलन नहीं बना पाने के कारण उन्होंने उसे शिवम दुबे की तरफ उछाल दिया।

### वह मुश्किल कैच था

अक्षर ने कहा, 'जब मैंने हैरी ब्रुक का कैच लिया तो वह बहुत अच्छा कैच था। वह मुश्किल कैच था। लेकिन अगर आप मैच की स्थिति और इंग्लैंड के बल्लेबाजों की बल्लेबाजी को देखें तो विल जैक्स का कैच बहुत महत्वपूर्ण था जिससे उनकी साझेदारी टूट गई।' उन्होंने कहा, ' अगर आप मुझसे फील्डिंग के लिहाज से पूछें तो हैरी ब्रुक का कैच ज्यादा मुश्किल था। आज मुझे लगा कि गेंद मेरा पीछा कर रही है।' अक्षर ने तब जैक्स को आउट करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया जब वह जैकब बेथेल के साथ मिलकर साझेदारी निभा रहे थे।

क्रिकेट

# ईटीपीएल की फ्रेंचाइजी खरीदेंगे द्रविड़-अश्विन



एजेंसी ▶▶| लंदन

दिग्गज खिलाड़ी राहुल द्रविड़ और रविचंद्रन अश्विन उस भारतीय समूह का हिस्सा हैं, जो यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) में एक फ्रेंचाइजी खरीदने जा रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार गर्मियों में होने वाले छह टीमों के टूर्नामेंट में ग्लासगो स्थित फ्रेंचाइजी को खरीदने के लिए इस समूह ने एक समझौते पर सहमति जताई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ईटीपीएल नीदरलैंड के रॉटरडैम स्थित अपनी फ्रेंचाइजी को भी दक्षिण अफ्रीका के निवेशकों के एक समूह को बेचने की तैयारी में है। इस समूह में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खिलाड़ी फाफ डुप्लेसी, हेनरिक क्लासेन और जोंटी रोड्स भी शामिल हैं। संभावना है कि इस महीने के आखिर में एक कार्यक्रम में दोनों फ्रेंचाइजी की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

### द्रविड़ स्कॉटलैंड की क्रिकेट से जुड़े

द्रविड़ पूर्व में स्कॉटलैंड की क्रिकेट से जुड़े रहे हैं और माना जा रहा है कि यही कारण है कि उन्होंने ग्लासगो स्थित फ्रेंचाइजी के साथ जुड़ने का फैसला किया। स्कॉटलैंड जब इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में भाग लेता था तब द्रविड़ 2003 में उसके लिए खेले थे। भारत के दिग्गज बल्लेबाज द्रविड़ ने नेशनल क्रिकेट लीग में 11 मैच खेले, जिसमें उन्होंने तीन शतकों सहित 600 रन बनाए। द्रविड़ ने भारत के लिए 164 टेस्ट और 344 वनडे मैच खेले। उन्होंने इनमें 48 शतकों सहित 24,000 से अधिक रन बनाए। वह नवंबर 2021 से जून 2024 तक भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच भी रहे।

### अश्विन की भागीदारी बेहद दिलचस्प

ईटीपीएल फ्रेंचाइजी को जनवरी में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के निवेशकों को बेच दिया गया था। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि अश्विन ईटीपीएल में खेलेंगे या नहीं। इस 39 वर्षीय खिलाड़ी ने दिसंबर 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास ले लिया था। अब वह वैश्विक फ्रेंचाइजी लीग में खेलने के लिए स्वतंत्र हैं।

# एएफसी महिला एशियाई कप: जापान की मजबूत टीम से भारत का सामना



एजेंसी ▶▶| पर्थ

वियतनाम के खिलाफ पिछले ग्रुप मैच में दमदार प्रदर्शन से भारतीय महिला फुटबॉल टीम का आत्मविश्वास जरूर बढ़ा होगा लेकिन शनिवार को एएफसी महिला एशियाई कप के दूसरे मैच में जापान की मजबूत टीम से होने वाला मुकाबला उसके लिए चुनौतीपूर्ण होगा।

भारत ने ग्रुप सी के शुरुआती मैच में बुधवार को वियतनाम के खिलाफ हूटर से ठीक तीन मिनट पहले 'इंजुरी टाइम' में गोल गंवा दिया, जिससे उसे 1-2 से हार का सामना करना पड़ा और उसने अहम अंक गंवा दिया। वियतनाम 2023 फीफा विश्व कप में खेला था और उनके खिलाफ मैच में पदार्पण कर रही सैनफिडा नोंग्रम के बराबरी गोल से टीम का मनोबल बढ़ा होगा। लेकिन दुनिया की आठवें नंबर और दो बार की चैंपियन टीम जापान पूरी तरह से अलग टीम होगी और भारत से कहीं बेहतर होगी। अब कोच अमेलिया वाल्वरडे का काम अपनी टीम को मजबूत बनाए रखना और रक्षात्मक मजबूती पर काम करना होगा। इसके साथ ही उन्हें जवाबी हमले पर भी ध्यान देना होगा।

**जापान पर लगाम लगाने की कोशिश करेगी भारतीय टीम :** जापान ने अपने पिछले मैच में चीनी ताइपे के पेनल्टी क्षेत्र में 87 बार प्रवेश किया था, जिससे शनिवार को कप्तान स्वीटी देवी की अगुआई वाला भारतीय डिफेंस काफी व्यस्त रहेगा। भारतीय टीम जापान के गोल की संख्या पर भी लगाम लगाने की कोशिश करेगी। वियतनाम और चीनी ताइपे शनिवार को एक और मैच में आमने-सामने होंगे। तीनों ग्रुप में से प्रत्येक से शीर्ष दो टीम और तीसरे नंबर की दो बेहतर टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी।

### मेस्सी ने भेंट की ट्रंप को रत्नजड़ित गुलाबी फुटबॉल

**वाशिंगटन।** दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी ने पिछले साल मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप जीतने पर इंटर मियामी को सम्मानित करने के लिए व्हाइट हाउस में आयोजित एक समारोह के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रत्नजड़ित गुलाबी फुटबॉल भेंट की।




**कार्यालय नगर पालिक निगम, (यांत्रिकी विभाग) भोपाल**

// निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक 83/यां.वि./26 — भोपाल, दिनांक - 05.03.2026

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू. में) | निविदा क्रय करने की अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_486829_1 | Construction of Nali and Road Cross and CC work near Vishwanath Mandir behind 5 no Stop Shivaji Nagar W-46 Z-8 | 8,41,890/- | 23 MAR 2026 | 05.30 PM |
| 2 | 2026_UAD_486810_1 | Construction of CC Road Near Durga Nagar Multi, Durga Nagar W-46 Z-08 | 8,15,874/- | 23 MAR 2026 | 05.30 PM |
| 3 | 2026_UAD_486863_1 | Construction of CC Road at Pridarshini Nagar W-46 Z-08 | 10,81,852/- | 06 APR 2026 | 05.30 PM |

नोट : संशोधन वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होगें।

नि.क्र. : 3263/025/026

कार्यपालन यंत्री (सिविल)
नगर पालिक निगम, भोपाल

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
**(यांत्रिकी विभाग), जोन क्रमांक 12**

// निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक 106/यां.वि./26 — भोपाल, दिनांक - 06.03.2026

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू. में) | निविदा क्रय करने की अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_487807_1 | Construction of Asphalting road near shiv mandir park, takshila school, Adarsh park and Arya Bhawan in Goutam Nagar and Rachna Nagar Ward 58 Zone 12 | 9383852/- | 06 APR 2026 | 05.30 PM |
| 2 | 2026_UAD_479620_3 | Construction of CC Road Near Ashok Sharma House new Subhas Nagar Ward 43 Zone 12 | 472590/- | 12 March 2026 | 05.30 PM |
| 3 | 2026_UAD_482450_2 | Construction of RCC Covered drain from Sarfaraz Shop to Leather Godown Jail Bagh Road Ward 43 Zone 12 | 863973/- | 12 March 2026 | 05.30 PM |
| 4 | 2026_UAD_479667_3 | Construction of CC Road from Bhola Nai to main Road Durga Mandir Ashok Nagar Ward 43 Zone 12 | 262550/- | 12 March 2026 | 05.30 PM |
| 5 | 2026_UAD_476482_4 | Repairing and Maintenance work of Existing Trenches, Potholes and Restoration Nearby ICICI bank MP Nagar Zone 1 Ward 43 Zone 12 | 166602/- | 11 March 2026 | 05.30 PM |

नोट : संशोधन वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होगें।

नि.क्र. : 3271/025/026

कार्यपालन यंत्री (सिविल)
जोन क्रमांक 12 नगर निगम, भोपाल




## फुटपाथ और सड़कों पर लगे जब्त वाहनों के ढेर, हादसे की बढ़ी आशंका

थानों के बाहर वर्षों से जंग खा रहे जब्त वाहन

# थानों के बाहर खड़े कंडम वाहन बने यातायात में बाधा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के कई थानों के बाहर वर्षों से खड़े जब्त और कंडम वाहन शहर की यातायात व्यवस्था के लिए बड़ी समस्या बनते जा रहे हैं।

स्थिति यह है कि इन वाहनों को रखने के लिए थानों में पर्याप्त जगह नहीं बची है, जिसके कारण उन्हें फुटपाथ और सड़कों के किनारे खड़ा कर दिया गया है। इससे आम नागरिकों को आवाजाही में परेशानी हो रही है और दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है।

### लंबे समय से जब्त रहने से खराब हो चुके हैं वाहन

शहर के अलग-अलग थानों के बाहर, परिसर और आसपास की सड़कों पर करीब पांच हजार से अधिक कंडम वाहन खड़े हुए हैं। इनमें दोपहिया से लेकर चारपहिया वाहन तक शामिल हैं, जो लंबे समय से जब्ती में खड़े-खड़े खराब हो चुके हैं।

### पांच साल पुरानी रखरखाव योजना नहीं हो सकी लागू

करीब पांच साल पहले पुलिस विभाग ने जब्त वाहनों के व्यवस्थित रख-रखाव के लिए एक योजना बनाई थी। योजना के तहत इन वाहनों को रखने के लिए अलग स्थान निर्धारित करने की बात कही गई थी, लेकिन यह योजना कागजों से आगे नहीं बढ़ सकी। परिणामस्वरूप आज भी शहर के कई थानों के बाहर वाहनों का अंबार लगा हुआ है।

### कई थानों के सामने गंभीर स्थिति

*होशंगाबाद रोड, मिसरोद, तलैया, हबीबगंज और न्यू मार्केट सहित कई थानों के बाहर जब्त वाहनों का ढेर देखा जा सकता है। कई जगहों पर वाहन फुटपाथ पर खड़े हैं, जिससे पैदल चलने वालों को सड़क पर उतरकर चलना पड़ता है। वहीं कुछ स्थानों पर सड़क के किनारे खड़े वाहन यातायात को संकरा बना देते हैं, जिससे जाम और हादसे की स्थिति बन जाती है।*

### दस दिन में हटाए जाएंगे वाहन

*पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने कहा कि शहर के सभी थानों के बाहर खड़े कंडम और जब्त वाहनों को हटाने के निर्देश दिए गए हैं। अगले दस दिनों के भीतर इन वाहनों को हटाकर उचित स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे और आम लोगों को परेशानी न हो।*

## अन्नदाताओं के लिए दोहरी खुशखबरी

# गेहूं खरीदी पर बढ़ा बोनस, अब 10 मार्च तक करा सकेंगे पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के किसानों के हित में मप्र सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन व्यवस्था को और अधिक किसान हितैषी बनाया है। किसानों को पंजीयन के लिए पर्याप्त समय मिल सके, इसके लिए गेहूं उपार्जन के पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च से बढ़ाकर 10 मार्च कर दी गई है। साथ ही सरकार ने गेहूं खरीदी पर 40 रुपए अतिरिक्त बोनस देने का भी महत्वपूर्ण फैसला लिया है।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि किसानों की सुविधा और हित को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने यह निर्णय लिया है। इससे अधिक से अधिक किसान अपना पंजीयन कराकर समर्थन मूल्य का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह निर्णय प्रदेश के किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त



बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री राजपूत ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए अब तक 12 लाख 4 हजार 708 किसानों ने पंजीयन करा लिया है। मंत्री राजपूत ने इस किसान हितैषी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की समृद्धि और कृषि विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री राजपूत ने बताया कि मुख्यमंत्री ने नागलवाड़ी में आयोजित कृषि कैबिनेट बैठक के पश्चात यह निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगातार ऐसे निर्णय ले रहे हैं, जिससे अन्नदाता को सीधा लाभ मिल सके।

## खनन माफिया की बल्ले-बल्ले




जिले में इन दिनों खनन माफिया की बल्ले-बल्ले हो रही है। बल्ले-बल्ले इसलिए कहना पड़ रहा है, क्योंकि माफिया अवैध उत्खनन से लेकर हरे भरे पेड़ों को काटने से भी गुरेज नहीं कर रहे हैं। हुआ यूं कि शहर की सीमा पर दूसरे जिले से जोड़ने वाले रोड पर स्थित एक जंगल-पहाड़ माफिया की नजर में हैं। यहां पर दिन व रात अवैध खुदाई कर कोपरा, मुरम निकाली जा रही है। जिसे ट्रैक्टर-ट्रॉली की मदद से परिवहन तक किया जा रहा है, जिसकी जानकारी अधिकारियों तक को है। पर्यावरण की चिंता करने वाले लोगों ने इसकी लिखित शिकायत तक बड़े अधिकारियों से की है, लेकिन वह फाइलों में बंद होकर रह गई है। ऐसे में अब खनन माफिया दिनदहाड़े पहाड़ों को उजाड़ रहा है। पर्यावरण प्रेमी गुहार लगा-लगाकर थक गए, लेकिन कोई सुनने वाला तक नहीं है। बताया जा रहा है कि खनन से जुड़े लोग अक्सर इस विभाग के साहब के केबिन में बैठे रहते हैं।

### ठेकेदार को मिल गई हरी झंडी

वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन चल रहे हैं और आबकारी ठेकेदारों में हलचल शुरू हो गई है। मोटी रकम लगाकर सालभर के लिए शराब बेचने की अनुमति मिलने के बाद वह लगाई रकम से अधिक कमाने में पूरी ताकत झोंक देते हैं, लेकिन सफलता कुछ को मिल पाती है। इस बार ऐसा नहीं है, क्योंकि ठेकेदारों को हरी झंडी मिल गई है। हुआ यूं कि साल खत्म होने के पहले ही ठेकेदारों ने तेजी से माल बेचने के लिए पोस्टर लगाकर प्रचार-प्रसार करना शुरू कर दिया है। इसका असर भी देखने को मिल रहा है और सुराप्रेमी जमकर खरीदारी भी कर रहे हैं। इन सभी के बीच जिम्मेदार विभाग मानो कुंभकर्णी नींद में सो गया हो और मानो ठेकेदार को मनमर्जी से शराब बेचने की हरी झंडी दे दी हो।

### सालों बाद नींद से जागे साहब

उपभोक्ताओं को जागरूक करने और उनको पूरा हक मिले इसके लिए जागरूकता लाने की जिम्मेदारी जिस विभाग के पास है वह साल में सिर्फ दिवस विशेष के समय ही हरकत में आता है और बाकी समय दिखाई तक नहीं देते हैं। हाल में कुछ ऐसा हुआ कि विभाग के जिम्मेदार अधिकारी को अपनी जिम्मेदारी याद आ गई और बड़े-बड़े बाजारों को छोड़ किसान व कारोबारियों के बीच जा धमके। यहां पर साहब ने कारोबारियों के तोल कांटों की तलाशी शुरू कर दी, जिसमें कुछ के तोल कांटे गड़बड़ मिले तो उनसे जुर्माना तक वसूल लिया। यह भी समझाइश दे डाली कि यदि जल्द ही गड़बड़ी नहीं सुधारी तो उनको महंगा पड़ेगा।

-वहीद खान

## दोस्तों को रास्ता बता रही युवती से स्कूटर सवार ने की छेड़छाड़

**भोपाल।** कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र में फार्म हाउस के बाहर खड़ी युवती से छेड़छाड़ करने वाले स्कूटर सवार युवक पर मामला दर्ज किया है। पीड़िता अपने दोस्तों को मोबाइल पर कॉल कर रास्ता बता रही थी। हबीबगंज थाना क्षेत्र में रहने वाली 24 वर्षीय युवती का कजलीखेड़ा में फार्म हाउस है। होली वाले दिन उसने अपने दोस्तों को फार्म हाउस पर बुलाया था। दोपहर करीब एक बजे वह रास्ते पर फोन पर दोस्तों को रास्ता बता रही थी। तभी वहां एक स्कूटर चालक रुका और युवती को घूरने लगा। युवती ने उसे जाने के बोला। इस पर वह गाली-गलौज करने लगा। युवती ने उसका वीडियो बनाने की कोशिश की तो वह भाग निकला।


## यूपीएससी में चयन होने पर ईशान को कायस्थम ने दी बधाई

**भोपाल।** कायस्थम मध्य प्रदेश ने यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) के घोषित परिणाम में प्रावीण्य सूची में स्थान पाने पर भोपाल के ईशान भटनागर को बधाई और शुभकामनाएं दी है। कायस्थम के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव ने कहा कि ईशान भटनागर ने न सिर्फ मध्य प्रदेश का बल्कि समूचे कायस्थ कुल का नाम रोशन किया है । उनकी इस उपलब्धि पर पर कायस्थ समाज को गर्व है। ईशान और उनके परिजन बधाई के पात्र हैं।



## भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने दी हिदायत

# भाजपा संगठन ने किया तलब विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने दिए बयान पर मांगी माफी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने को लेकर सुर्खियों में आए उज्जैन उत्तर विधानसभा सीट के भाजपा विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा को भाजपा संगठन ने हिदायत दी है। बताया जा रहा है कि संगठन द्वारा तलब करने पर भोपाल पहुंचे विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा शुक्रवार को भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से मिलने पहुंचे। यहां संगठन की ओर से उन्हें इस प्रकार के बयान नहीं देने की हिदायत दी गई। जिसके बाद विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा संगठन से माफी मांगी है।

उल्लेखनीय है कि उज्जैन में सिंहस्थ को लेकर चल रहे विकास कार्यों और सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित लोगों के मामले को लेकर विधायक अनिल जैन ने भाजपा कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया था।

लोगों के विरोध को देखते हुए उज्जैन उत्तर के विधायक ने उनके समर्थन करने की बात कही थी। अनिल जैन कालूहेड़ा ने कहा था कि जनता की सुनवाई नहीं हुई, जहां ध्यान देना है, वहां ध्यान नहीं दिया गया तो मैं जनता के साथ आंदोलन करूंगा। विधायक के इस बयान के बाद उनके अपनी की सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने की बात कही जा रही था। हालांकि संगठन द्वारा इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए उन्हें भोपाल तलब कर हिदायत दी गई है।

# गोमांस तस्करी के आरोपी असलम चमड़ा के खिलाफ चालान पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस की एसआईटी ने स्लॉटर हाउस से गोमांस तस्करी कर भोपाल से बाहर भेजने के मामले के जेल में बंद आरोपी स्लॉटर हाउस संचालक असलम कुरैशी उर्फ चमड़ा और उसके ड्राइवर शोएब के खिलाफ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जयदीप मौर्य के न्यायालय में पांच सौ पृष्ठ का चालान पेश किया है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने जल्दबाजी में अधूरा चालान पेश किया है। मथुरा की लैब जांच रिपोर्ट तो पेश की गई है, लेकिन हैदराबाद लैब की जांच रिपोर्ट पेश नहीं की गई।

17 दिसंबर को हिंदू संगठनों ने पुलिस कंट्रोल रूम तिराहा पर एक कंटेनर पकड़ा था। इसमें 26 टन मांस मुंबई भेजा जा रहा था। पुलिस ने सैंपल लेकर मथुरा लैब भेजे। रिपोर्ट में गोमांस की पुष्टि होते ही 8 जनवरी को जहांगीराबाद थाने में एफआईआर दर्ज कर स्लॉटर हाउस के संचालक असलम कुरैशी और उसके ड्राइवर शोएब को पुलिस ने गिरफतार कर जेल भेज दिया था।

# मप्र में बूथ स्तर तक संगठन विस्तार करेगा अपना दल (एस): केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

होली के पावन पर्व को ध्यान में रखते हुए अपना दल (एस) की नियमित संगठन समीक्षा बैठक इस बार वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व, वर्तमान एवं निवर्तमान प्रदेश पदाधिकारियों के साथ विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। बैठक में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।



उनके साथ पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल भी जुड़े। इसके अतिरिक्त पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्य प्रदेश प्रभारी आरबी सिंह पटेल की भी उपस्थिति रही। वहीं, मध्य प्रदेश से पार्टी के कुछ पूर्व प्रदेश पदाधिकारियों के साथ-साथ राजनीतिक रणनीतिकार डॉ. अतुल मलिकराम ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए प्रदेश में संगठन की स्थिति और संभावनाओं को रेखांकित किया। बैठक के दौरान संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने और बूथ स्तर पर पार्टी की सक्रियता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने कहा कि पार्टी की ताकत उसके कार्यकर्ताओं में है और यदि बूथ स्तर तक संगठन मजबूत होगा तो पार्टी का विस्तार और प्रभाव स्वतः बढ़ेगा। उन्होंने प्रदेशों के पदाधिकारियों से समन्वय बनाकर संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करने का आह्वान किया। बैठक में उपस्थित प्रदेश पदाधिकारियों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की कार्यों की जानकारी साझा की। साथ ही आगामी समय में सदस्यता अभियान को और तेज करने तथा सभी वर्गों तक पार्टी की नीतियों और विचारों को पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा की गई। विशेष रूप से प्रदेश में संगठन विस्तार और मजबूत राजनीतिक छवि बनाने को लेकर संकेत सामने आए।




## 8वीं मप्र राज्य मास्टर्स बैडमिंटन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन

# लक्ष्मीनारायण नंदिराजू 60 वर्ष वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**पुष्पेंद्र, प्रतीक, संदीप नियोगी और हेमंत गीते सेमीफाइनल में**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल





भेल खेल प्राधिकरण, ऐबू व भोपाल डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन संघ द्वारा, भेल खेल प्राधिकरण बैडमिंटन कोर्ट, बरखेड़ा में चल रही 8वीं मप्र राज्य मास्टर्स बैडमिंटन चैंपियनशिप में पुरुष एकल 60 वर्ष वर्ग में लक्ष्मीनारायण नंदिराजू ने राजू राठौर को 21-18, 21-17 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, 35 वर्ष वर्ग में पुष्पेंद्र, प्रतीक, संदीप नियोगी और हेमंत गीते ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। नंदीराजू ने राजू राठौर को रोमांचक कश्मकशपूर्ण मुकाबले में 21-18, 21-17 से हराया। वहीं अन्य परिणाम में पुरुष एकल 35 वर्ग - (क्वार्टर फाइनल) पुष्पेंद्र सिंह (भोपाल) विवि मिथुन सिंह (गुना) 14-21, 21-12, 21-13 प्रतीक गुजराती (इंदौर) विवि मोहित (भोपाल) 21-10, 21-9 संदीप नियोगी (भोपाल) विवि हिमांशु (ग्वालियर) 21-9, 21-13 हेमंत गीते सत्येंद्र कुमार (भोपाल) 21-10, 21-14, पुरुष एकल 40 वर्ग - (क्वार्टर फाइनल) प्रवीण बरथरे (भोपाल) विवि मनीष कुमार (इंदौर) 21-18, 21-17 अंकित मोहता (इंदौर) विवि आशीष कुमार (नर्मदापुरम) 21-5, 21-15 अभिषेक भिड़े (इंदौर) विवि अमित सक्सेना (इंदौर) 21-18, 21-13 सत्येंद्र होलकर (इंदौर) विवि अशोक कुमार (भोपाल) 21-12, 22-20, पुरुष एकल 45 वर्ग - नितिन लशकरी (इंदौर) विवि पवन वाधवा (भोपाल) 17-21, 21-16, 21-7 सीमान्त श्रीवास्तव (इंदौर) विवि भगवान सिंह (भोपाल) 9-21, 21-18, 21-11 हरिओम राठौर (इंदौर) विवि रुपेश मिश्रा (बालाघाट) 21-18, 21-18, पुरुष एकल 50 वर्ग - सुधीर खरे (ग्वालियर) विवि जीआर गंगाले (भोपाल) 21-9, 21-13 रजनीश मारण (भोपाल) विवि अमित (भोपाल) 21-17, 21-15 सुनील सातव (इंदौर) विवि अंबरीश शर्मा (नरसिंहपुर) 21-6, 21-18 अभिषेक अग्रवाल (इंदौर) विवि बृज मोहन द्विवेदी (भोपाल) 21-17, 21-7, पुरुष एकल 60 वर्ग- थॉमस वर्गीस (भोपाल) विवि नवनीत राठी 21-10, 21-18 राकेश कुमार विवि सुनील देसाई (भोपाल) 13-21, 21-16, 21-12 राजीव शुक्ला विवि धर्मेश यशलहा 21-13, 21-12, पुरुष युगल 35 वर्ग- प्रतीक-सत्येंद्र विवि सौरभ-सत्येंद्र कुमार 21-12, 21-10, पुरुष युगल 40 वर्ग- अंकित मोहता-अमित सक्सेना विवि कमलेश-अशोक 21-13, 21-11 अभिषेक-गौतम विवि रजनीश मारण-अजय 21-3, 21-9, पुरुष युगल 45 वर्ग- विशाल-नितिन विवि पंकज- अमित साहू 21-16, 21-17 राजेश-रुपेश विवि अमित- टीजे सीजू 21-14, 21-14, पुरुष युगल 50 वर्ष - हबीब हुसैन-दिलीप मेहरा विवि दलविंदर-दीप सिंह 21-19, 21-13 से हराया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930